RNI: UPHIN/2015/60902

राजधानी से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

www.theachivertimes.com

डाक पंजीयन संख्या
एस.एस.पी.एल.डब्लू/एन
पी.439/2015-2017

वर्ष : 9 अंक : 278
पृष्ठ : 8 मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, शुक्रवार, 02 फरवरी, 2024

# द अचीवर टाइम्स



## एक नज़र

### अब 2026 तक मिलेगी चीनी पर सब्सिडी, 1.89 करोड़ परिवारों को लाभ

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने चीनी सब्सिडी पर बड़ा फैसला लिया है। 2026 तक बढ़ाई गई सब्सिडी से 1.89 करोड़ परिवारों को लाभ मिलेगा। पीएम मोदी की अध्यक्षता में राशन की दुकानों के माध्यम से 1.89 करोड़ अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) परिवारों को चीनी पर सब्सिडी की योजना दो साल और बढ़ा दी है। अब 31 मार्च, 2026 तक सब्सिडी मिलेगी। नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक वितरण योजना (पीडीएस) के माध्यम से होने वाले वितरण पर यह बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत राज्यों को 18.50 रुपये प्रति किलोग्राम की सब्सिडी मिलेगी। एएवाई के दायरे में आने वाले परिवारों को प्रति माह एक किलोग्राम प्रति परिवार की दर से चीनी वितरण किया जाता है। चीनी की खरीद और वितरण की जिम्मेदारी राज्यों की है। यह योजना समाज के सबसे गरीब लोगों तक चीनी की पहुंच सुनिश्चित करती है। उनके आहार और स्वास्थ्य में सुधार के मकसद से यह प्रयास किया जाता है।

### पीएम मोदी ने भारतीय तटरक्षक बल को 48वें स्थापना दिवस पर दी बधाई, कहा- उनका योगदान सराहनीय



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को भारतीय तटरक्षक बल को उनके 48वें स्थापना दिवस पर बधाई दी। इसके साथ ही उन्होंने समुद्री सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा और पर्यावरण की देखभाल के लिए उनके योगदान की सराहना की है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, मैं सभी कर्मियों और कर्मचारियों को शुभकामनाएं देता हूं। समुद्री सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा और पर्यावरण की देखभाल के लिए उनका योगदान बेमिसाल है। भारत उन्हें सलाम करता है।

# आज सीएम पद की शपथ लेंगे चंपई सोरेन

## राज्यपाल ने दिया सरकार बनाने का न्योता, 10 दिनों में फ्लोर टेस्ट

एजेंसी

**रांची।** चंपई सोरेन आज झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने झामुमो विधायक दल के नेता चंपई सोरेन को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया है। विधायक आलमगीर आलम ने बताया कि अगले 10 दिनों में हमें सदन में बहुमत साबित करना होगा। बता दें, सोरेन ने दावा किया है कि उनके पास 43 विधायकों का समर्थन है। उन्होंने सभी विधायकों के समर्थन का वीडियो भी राज्यपाल को दिखाया है। चंपई सोरेन ने एक दिन पहले भी राज्यपाल से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने सरकार बनाने का दावा पेश किया था। हालांकि राज्यपाल ने उस वक्त उन्हें न्योता नहीं दिया था। राज्यपाल ने कहा था कि प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी। चंपई ने मुलाकात के बाद मीडिया से कहा था कि हमने राज्यपाल से मांग की है कि नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू होनी चाहिए।



राज्यपाल ने हमें आश्वासन दिया है कि प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। फिलहाल हमने रिपोर्ट सौंप दी है। हमें सरकार बनाने में कोई समस्या नहीं है। हमारा गठबंधन बहुत मजबूत है। रिपोर्ट्स के मुताबिक सीएम हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद विधायकों को तोड़ने की कोशिशें हो सकती हैं। भाजपा के प्रलोभन से बचाने के लिए विधायकों को झारखंड से बाहर भेजने की तैयारी किए जाने की खबरें सामने आई हैं। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक सूत्रों ने बताया है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (छ्वरूरू) के विधायकों के साथ-साथ गठबंधन में शामिल कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (ऋछ्रष्ठ) के विधायकों पर भाजपा की नजरें हैं। गठबंधन में शामिल विधायकों को पार्टी के प्रलोभन से बचाने के लिए विधायकों को झारखंड से बाहर किसी सुरक्षित जगह पर भेजने की कवायद हो रही है। गुरुवार शाम आई समाचार एजेंसी,हृढ्ढ की रिपोर्ट के मुताबिक विधायकों को सर्किट हाउस से शिफ्ट किया जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक बस में झामुमो विधायकों के अलावा गठबंधन सरकार में शामिल दलों के सभी नेता सवार हैं। विधायकों ने सर्किट हाउस से बाहर मौजूद मीडियाकर्मियों के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया। झामुमो विधायक दल के नेता चंपई सोरेन का दावा है कि उनके पास 43 विधायकों का समर्थन है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक विधायकों के लिए एयरपोर्ट पर दो चार्टड विमान तैयार हैं।

गठबंधन में शामिल विधायकों ने चार्टर्ड विमान के अंदर से तस्वीर शेयर की। समाचार एजेंसी के मुताबिक गठबंधन में शामिल एक विधायक ने खुद यह तस्वीर शेयर की है। रात करीब 9.40 बजे आई खबर के मुताबिक खराब मौसम के कारण विमान रद्द करने का फैसला लिया गया। झामुमो नीत गठबंधन में शामिल विधायकों के एयरपोर्ट से सर्किट हाउस लौटने की खबर भी सामने आई है। खबर के मुताबिक खराब मौसम और घने कोहरे के बीच कम दृश्यता के कारण उड़ानों को रद्द करने का फैसला लिया गया है। चंपई के साथ राज्यपाल से मिलने जाने वाले नेताओं में कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, राजद विधायक सत्यानंद भोक्ता, भाकपा-माले विधायक विनोद सिंह और विधायक प्रदीप यादव शामिल थे।

### तेलंगाना में एकजुट रखे जाएंगे झारखंड के विधायक

हैदराबाद में बेगमपेट एयरपोर्ट के बाहर बसें तैयार रखी गई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक झारखंड से पहुंचने वाले झामुमो और गठबंधन समर्थक विधायकों को इन बसों से किसी सुरक्षित और गोपनीय जगह पर भेजा जाएगा। इन बसों की मदद से झारखंड से पहुंचने वाले 43 विधायकों को एकजुट रखने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि रात करीब 8 बजे तक विमान रवाना ही नहीं हुआ था। खराब मौसम के कारण विमान उड़ान नहीं भर सका।

### चंपई सोरेन समेत झामुमो और गठबंधन समर्थक विधायक रांची में ही रूके

एजेंसी

**रांची।** झारखंड में राजनीतिक अस्थिरता गहराने के संकेत हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक सीएम हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद विधायकों को तोड़ने की कोशिशें हो सकती हैं। भाजपा के प्रलोभन से बचाने के लिए विधायकों को झारखंड से बाहर भेजने की तैयारी किए जाने की खबरें सामने आई हैं। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक सूत्रों ने बताया है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायकों के साथ-साथ गठबंधन में शामिल कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के विधायकों पर भाजपा की नजरें हैं। गठबंधन में शामिल विधायकों को पार्टी के प्रलोभन से बचाने के लिए विधायकों को झारखंड से बाहर किसी सुरक्षित जगह पर भेजने की कवायद हो रही है। झारखंड के सत्तारूढ़ विधायकों को कांग्रेस शासित प्रदेश हैदराबाद भेजा जा रहा है। इससे पहले पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से बताया था कि खरीद-फरोख्त की किसी भी संभावना को नाकाम करने और विधायकों को एकजुट रखने के प्रयासों के तहत विधायकों को झारखंड से दूसरी जगह भेजा जा रहा है। सूत्रों ने कहा, हमारे विधायकों को हैदराबाद भेजने के लिए दो चार्टर्ड विमान - एक 12 सीटों वाला और दूसरा 37 सीटों वाला - बुक किया गया है। रांची एयरपोर्ट पहुंचे नेताओं में विधायक दल के नेता चंपई सोरेन भी शामिल हैं।

## वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत की निर्यात वृद्धि बरकरार रहेगी: केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल



एजेंसी

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि इजराइल-हमास युद्ध जैसे मुद्दों के कारण उभरी वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत ने अपनी निर्यात वृद्धि बरकरार रखी है. दिन में पेश अंतरिम बजट पर उन्होंने कहा कि इसने आर्थिक वृद्धि को आगे बढ़ाने के लिए एक मजबूत नींव रखी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि निश्चित रूप से, इन संघर्षों के कारण देश को 'बहुत गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

युवाओं के लिए 1 लाख करोड़ का बजट होगा गेम चेंजर केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर बजट के बाद गोयल ने कहा, ÷लेकिन इन चुनौतियों के बावजूद, भारत आर्थिक वृद्धि के मामले में उज्ज्वल स्थान बना हुआ है। और हमने अपने निर्यात को व्यापक रूप से जारी रखा है। मुझे लगता है, भारत की कहानी मजबूती और ताकत की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट के बाद अपने भाषण में कहा कि भूराजनीतिक रूप से युद्ध और संघर्षों के कारण वैश्विक मामले अधिक जटिल और चुनौतीपूर्ण होते जा रहे हैं।

रूस-यूक्रेन युद्ध, इस्राइल-हमास संघर्ष और लाल सागर संकट ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित कर दिया है। लाल सागर सबसे व्यस्त व्यापार मार्ग है क्योंकि यहां से वैश्विक कंटेनर यातायात का 30 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार का 12 प्रतिशत हिस्सा होता है। गोयल ने कहा कि इन चुनौतियों के कारण व्यापार के मोर्चे पर हमारी वृद्धि क्षमता काफी धीमी हो गई है और कमजोरी दिख रही है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर, 2023 में भारत का निर्यात केवल एक प्रतिशत बढ़कर 38.45 अरब डॉलर रहा है, जबकि व्यापार घाटा तीन महीने के निचले स्तर 19.8 अरब डॉलर तक कम हो गया।

## हेमंत सोरेन ने रांची में एक दर्जन भूखंडों पर कर रखा अवैध कब्जा: प्रवर्तन निदेशालय !

एजेंसी

**रांची।** रांची में करीब 8.5 एकड़ जमीन के करीब एक दर्जन भूखंडों पर हेमंत सोरेन का अवैध कब्जा है और ये धनशोधन रोधी कानून के मुताबिक अपराध से अर्जित संपत्ति है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को यह दावा किया। जमीन घोटाले के मामले में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री को एक दिन पहले गिरफ्तार किया गया। हेमंत सोरेन ने बुधवार को मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दिया। जिसके बाद देर रात उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। एजेंसी ने उनसे दिन में सात घंटे से ज्यादा समय तक पूछताछ की थी। एजेंसी ने पिछले साल अप्रैल में राज्य सरकार के कर्मचारी और राजस्व विभाग के उप-निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की थी। आधिकारिक रिकॉर्ड के मुताबिक, भानु प्रताप के ठिकानों से सत्रह सरकारी दस्तावेजों को जब्त किया था। इन्हें 11 अलग-अलग बक्सों में रखा गया था। प्रसाद के कब्जे से जमीन के रिकॉर्ड के कई असली रजिस्टर





जब्त किए थे। इन रजिस्टरों में जमीन पर राज्य के मालिकाना हक का विवरण था। ईडी ने यह जानकारी झारखंड सरकार के साथ साझा की थी। जिसके बाद एक जून 2023 को रांची के सदर पुलिस थाने में भानु प्रसाद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसके बाद केंद्रीय एजेंसी ने 26 जून को अपनी ईसीआईआर दर्ज करने के लिए इस प्राथमिकी का संज्ञान लिया। ईडी ने दावा किया कि भानु प्रताप अवैध तरीके से विभिन्न संपत्तियों को हासिल करने और छिपाने के लिए अन्य व्यक्तियों के साथ साजिश रचने में सक्रिय रूप से शामिल थे। इनमें हेमंत सोरेन के कब्जे वाली संपत्तियां भी शामिल थीं। बयान में कहा गया कि भानु प्रताप के मोबाइल फोन से भी विवरण मिले थे। आधिकारिक दस्तावेजों के मुताबिक, सोरेन को ईडी ने बुधवार रात दस बजे राजभवन से गिरफ्तार किया गया। एजेंसी ने हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी की वजहों को स्पष्ट किया। ईडी ने कहा कि उनसने धनशोधन रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के तहत कई लोगों के बयान दर्ज किए हैं और यह साबित हो गया है कि 12 भूसंपत्तियां सोरेन के अवैध कब्जे, कब्जे और उनके उपयोग में हैं। ईडी ने कहा, इन भूखंडों का एक सर्वेक्षण किया गया था। जिससे पता चला कि ये भूखंड सोरेन के अवैध कब्जे, कब्जे या उपयोग में हैं।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शरद पवार के पोते रोहित से आठ घंटे तक पूछताछ



एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक से संबंधित कथित घोटाले से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार के पोते और विधायक रोहित पवार से गुरुवार को आठ घंटे तक पूछताछ की। एनसीपी के शरद पवार गुट के विधायक रोहित पवार पिछले 10 दिनों में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दूसरी बार ईडी के सामने पेश हुए। इससे पहले ईडी ने 24 जनवरी को 38 वर्षीय विधायक से पूछताछ की थी। रोहित पवार गुरुवार को दोपहर 1.05 बजे दक्षिण मुंबई के बैलार्ड एस्टेट स्थित ईडी के कार्यालय पहुंचे और रात नौ बजे के बाद ईडी दफ्तर से निकले। वह परिवार के सदस्यों के साथ दिन में ईडी कार्यालय आए थे। रात में जैसे ही वह ईडी दफ्तर से बाहर निकले, एनसीपी कार्यकर्ताओं ने नारे लगाकर उनका स्वागत किया। जब रोहित पवार ईडी के सामने पेश हुए तो शरद पवार की पत्नी प्रतिभा पवार ईडी दफत्र के पास स्थित एनसीपी कार्यालय में मौजूद थीं। वहीं, राज्य भर से आए सैकड़ों एनसीपी कार्यकर्ता मुंबई में एनसीपी कार्यालय के साथ-साथ ईडी दफ्तर के पास इकट्ठे हुए और रोहित पवार को ईडी के समन के खिलाफ प्रदर्शन किया। पुणे में भी एनसीपी कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। एनसीपी के प्रदर्शन को देखते हुए ईडी दफ्तर के पास बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। साथ ही दफ्तर की ओर जाने वाली सड़कों पर बैरिकेड्स लगाए गए थे।

# अंतरिम में महिलाओं, मध्यम वर्ग और करदाताओं को मिलेगा फायदा

एजेंसी

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज अंतरिम बजट पेश किया। चुनावी साल होने की वजह से अंतरिम बजट पेश किया गया और इस बजट में बड़े एलानों की उम्मीद कम थी, लेकिन इसके बावजूद सरकार ने महिलाओं, करदाताओं और मध्यम वर्ग को बजट में बड़ी राहत दी है। आसान भाषा में समझते हैं कि बजट में इन वर्गों के लिए क्या एलान हुए।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट 2024 का एलान कर दिया है। यह बजट अंतरिम था और इससे बहुत ज्यादा लोगों को उम्मीद नहीं थी, लेकिन चुनावी साल को देखते हुए साल ने अंतरिम बजट में भी महिलाओं, मध्यम वर्ग और करदाताओं के लिए कई बड़े एलान किए हैं। आसान भाषा में समझते हैं कि सरकार ने अंतरिम बजट में विभिन्न वर्गों को क्या दिया है।





सरकार किराए के मकानों या झुग्गी-झोपड़ी या चाल और अनधिकृत कालोनियों में रहने वाले मध्यम वर्ग के पात्र लोगों को अपने स्वयं के मकान खरीदने या बनाने में सहायता करने के लिए योजना शुरू करेगी। पीएम आवास योजना-ग्रामीण योजना इस योजना के तहत सरकार ने तीन करोड़ आवास बनाने का एलान किया है। इनमें से दो करोड़ आवास अगले पांच वर्षों में बनाए जाएंगे। इस तरह सरकार ने देश की ग्रामीण जनता को बड़ा तोहफा दिया है। पीएम आवास योजना के तहत आवंटन राशि 79,590 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 80,671 करोड़ रुपये की गई है। सरकार ने बजट में रूफटॉप सौर ऊर्जा योजना का एलान किया है। इसके तहत एक करोड़ घरों को 300 यूनिट की मुफ्त बिजली हर महीने सौर ऊर्जा के जरिए मिल पाएगी। 15-18 हजार रुपये की बचत होगी। साथ ही ई-व्हीकल की चार्जिंग के लिए बड़े पैमाने पर चार्जिंग स्टेशन बनेंगे। इससे वेंडरों को काम मिलेगा।

महिलाओं को आर्थिक तौर पर सशक्त बनाने के लिए 83 लाख स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी नौ करोड़ महिलाओं में से तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। अभी तक इन स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं में से एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने में सफलता मिल चुकी है। 30 करोड़ महिला उद्यमियों को मुद्रा योजना लोन दिए गए हैं। उच्च शिक्षा में महिलाओं के एडमिशन लेने में बीते 10 सालों में 28 प्रतिशत का उछाल आया है।

सरकार सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 9 से 14 वर्ष की उम्र की बालिकाओं का टीकाकरण कराएगी। मातृ एवं शिशु को बेहतर पोषण उपलब्ध कराने के लिए सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों के उन्नयन में तेजी लाई जाएगी। मिशन इंद्रधनुष के तहत टीकाकरण के लिए -WIN प्लेटफॉर्म बनाया जाएगा, जिससे घर बैठे ही टीकाकरण संबंधी जानकारी ली जा सकेगी। आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को भी आयुष्मान भारत योजना के तहत अस्पतालों में इलाज की सुविधा मिलेगी।

### टैक्स दरों में कोई बदलाव नहीं, फिर भी एक करोड़ करदाताओं को इस तरह होने जा रहा है फायदा

वर्षों से लंबित बकाया प्रत्यक्ष कर मांगों को वापस लेने का फैसला किया गया है। वर्ष 1962 जितने पुराने करों से जुड़े विवादित मामले चले आ रहे हैं। वर्ष 2009-10 तक लंबित रहे प्रत्यक्ष कर मांगों से जुड़े 25 हजार रुपये तक के विवादित मामलों को वापस लिया जाएगा। इसी तरह 2010-11 से 2014-15 के बीच लंबित रहे प्रत्यक्ष कर मांगों से जुड़े 10 हजार रुपये तक के मामलों को वापस लिया जाएगा। सरकार के इस फैसले से कम से कम एक करोड़ करदाताओं को फायदा होगा। कर दरो, आयात दरों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वित्त मंत्री ने बताया कि नए फॉर्म 26स् से टैक्स फाइल करना आसान हुआ है। 2013-14 में 93 दिनों के बजाय अब सिर्फ 10 दिन में रिफंड मिल रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में उधार से इतर कुल प्राप्तियां 30.80 लाख करोड़ रुपये है और कुल व्यय 47.66 लाख करोड़ रुपये है। टैक्स से सरकार को 26.02 लाख करोड़ रुपये मिलने का अनुमान है।

## बीजेपी 17-18 फरवरी को करेगी महामंथन, पार्टी के 5000 नेता जुटेंगे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बीजेपी महामंथन करेगी। दिल्ली में 17 और 18 फरवरी को बीजेपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी और राष्ट्रीय परिषद की बैठक होगी. इस बैठक में देश भर से हजारों नेताओं को बुलाया गया है. इस बैठक में पीएम मोदी जीत का मंत्र देंगे।

बीजेपी की इस अहम बैठक में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों के अलावा राष्ट्रीय परिषद के सभी सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में सांसद (राज्यसभा और लोकसभा), विधायक, विधान परिषद सदस्य, पूर्व सांसद भी बुलाए गए हैं। सभी मोर्चों के राष्ट्रीय पदाधिकारी भी इसमें हिस्सा लेंगे। भारतीय जनता पार्टी की इस बैठक में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, कोर कमेटी, अनुशासन समिति, वित्त समिति, चुनाव समिति के सदस्य, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भी मौजूद रहेंगे. इस दो दिन की बैठक में लोकसभा क्लस्टर प्रभारी, लोकसभा प्रभारी,



लोकसभा संयोजक और लोकसभा विस्तारक को भी आमंत्रित किया गया है।

इसस बैठक में पार्टी के सभी राष्ट्रीय प्रवक्ता, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता, प्रदेश मीडिया संयोजक, प्रदेश सोशल मीडिया, आईटी संयोजक, मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष एवं महामंत्री, प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजक आदि भी रहेंगे। देश भर के सभी जिला अध्यक्ष, नगर निगमों, नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष भी बुलाए गए हैं. जिला पंचायतों के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष, राज्य स्तरीय बोर्ड एवं निगमों के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष को भी बैठक में हिस्सा लेने को कहा गया है. चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों की राष्ट्रीय टीम, क्षेत्र /विभाग अध्यक्ष, महामंत्री, महामंत्री (संगठन) प्रभारी भी दो दिन की इस बैठक के लिए बुलाए गए हैं। बैठक में पांच हजार से अधिक नेता हिस्सा लेंगे. इसमें लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी मशीनरी को तैयार किया जाएगा. इसमें मोदी सरकार की उपलब्धियों पर प्रस्ताव पारित होगा. राम मंदिर, अनुच्छेद 370 जैसे मुद्दों पर वादे पूरे करने पर पीठ थपथपाई जाएगी।

# आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा

## चुनाव व्यवस्था साफ सुथरी और पारदर्शी बनाने के निर्देश

**द अचीवर टाइम्स अखिलेश दास/शशांक अटल**



**बाराबंकी।** ज़िलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 की प्रक्रिया में सबसे महत्वपूर्ण कार्य प्रशिक्षण है, प्रशिक्षण की व्यवस्था को सुचारू रूप से लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव व्यवस्था को बेहद साफ़ सुथरा और पारदर्शी बनाए रखने के लिए सभी कर्मचारियों को स्वयं अच्छा कार्य करने की प्रेरणा अपने अंदर से आनी चाहिए। चुनाव की व्यवस्था में किसी तरह की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। ज़िलाधिकारी आज लोक सभागार में इस आगामी चुनाव की तैयारियों के सम्बंध में आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुथान अब्दुल्ला, अपर ज़िलाधिकारी अरुण कुमार सिंह, एएसपी उत्तरी सी एन सिन्हा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा बर्नवाल सहित समस्त सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में ज़िलाधिकारी ने कहा कि ईवीएम से सम्बंधित पूरा मैनुअल सम्बंधित सभी अधिकारी और कर्मचारी जरूर पढ़ लें, बल्कि इसे कंठस्थ कर लें। इससे जुड़ी हर बात जो मैनुअल में लिखी है और चुनाव आयोग के दिशानिर्देश प्राप्त हुए हैं, उन्हें अक्षरशः लागू किया जाना होगा। उन्होंने कहा कि ईवीएम मैनेजमेंट त्रुटिरहित होना चाहिए। इस कार्य में किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की गलती अक्षम्य होगी।

ज़िलाधिकारी श्री सत्येंद्र कुमार ने कहा कि चुनाव से सम्बंधित स्वीप की गतिविधियों की रफ़्तार को तत्काल बढाया जाए। उन्होंने कहा कि सभी कॉलेजों से लेकर विद्यालयों तक में हर सप्ताह के कार्यक्रमों को लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद की स्वयं सेवी संस्थाओं, नागरिक संगठनों को भी पूर्व की भाँति सक्रिय किया जाए। स्वीप का लोगो और टोन आदि का शीघ्र ही लोकार्पण कराया जाए, उन्होंने स्वीप का प्रभारी अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी को बनाए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन बूथों पर पिछले चुनाव में तीस प्रतिशत के आस पास वोट पड़े हैं, उन क्षेत्रों में मताधिकार के प्रयोग के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाए और स्थानीय स्तर पर वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के प्रयास किए जाएं।

ज़िलाधिकारी ने महिला मतदाता जागरूकता के प्रति अधिक संवेदनशील होकर कार्य करने के निर्देश देने के साथ ही कहा कि दिव्यांग जन को वोटिंग कराने की व्यवस्थाओं को पुख्ता रखें, जितनी भी व्हीलचेयर आदि चाहिए हों, अभी से व्यवस्था करना शुरू कर दी जाएं। ग्राम पंचायत स्तर पर व्हील चेयर आदि की व्यवस्था रखी जाए।

ज़िलाधिकारी श्री सत्येंद्र कुमार ने बताया कि इस चुनाव में जब्त किए जाने वाली वस्तुओं का विवरण चुनाव आयोग के एक एप पर फीड करना होगा, यह व्यवस्था पहली बार लागू हो रही है। उन्होंने बताया कि ज़ब्ती की सारी कार्रवाई अबकी बार ऑनलाइन कर दी गई है। ज़िलाधिकारी ने यह भी कहा का चुनाव वाहन से किसी सड़क या स्थान पर जाम आदि की समस्या न होने पाए, इसके लिए भी चौकस इंतज़ाम होने चाहिए।चुनाव के दौरान पार्किंग की व्यवस्था प्राथमिकता की सूची में सबसे ऊपर रखें, पार्किंग की व्यवस्था हर उपयुक्त स्थान पर किया जाना आवश्यक है, इसे हर स्तर पक सुनिश्चित किया जाना होगा।

# मंडलायुक्त मेरठ के हस्तक्षेप कर कार्यादेश दिलाए जाने की मांग व समाधान कराए जाने हेतु सभासदों ने सौपा पत्र

❖जेम पोर्टल के अनुसार हुए सफाई आउटसोर्सिंग टेंडर को नियम तक पर रखकर विशेष फर्म को दिए जाने के खेल पर लगाई थी रोक।

द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार/पंकज सागर



हापुड़ नगर पालिका परिषद में सफाई व्यवस्था के लिए जेम पोर्टल पर निकाले गए आउटसोर्सिंग टेंडर के नियमों का पालन कराते हुए पोर्टल ने ऑटो रन के माध्यम से फर्म का चयन कर लिया जिसमे चयनित फर्म को जनहित के कार्य के लिए तत्काल कार्यादेश नियमो के अनुसार जारी कर देना चाहिए था परन्तु ऐसा अब तक नही हुआ है, सलंग्न प्रतिलिपि जिसमे जिसमें एडीएम कार्यालय हापुड़ से अधिशाषी अधिकारी हापुड़ नगर पालिका को एक पालिका बोर्ड से बाहरी राजनीतिक व्यक्ति की अपेक्षा रचित, आधारहीन शिकायत का संज्ञान लेते हुए स्पष्टीकरण मांगा। जिसका जवाब जनहित को ध्यान में रखते हुए सम्बंधित आधिकारी ने तत्काल दे दिया। जिसमे जेम पोर्टल के नियमों में पारदर्शिता, निस्पक्षता ओर प्रतिस्पर्धा का पूर्ण रूप से पालन होना बताया गया है, जबकि संलग्न शिकायती पत्रों पर आज तक कोई कारवाही मान्य वरिष्ठतम आधिकारी द्वारा नहीं की गई इस ओर भी ध्यान देना चाहिए था पर नही किया गया। अतः आपसे विनम्र आग्रह है नगर पालिका परिषद हापुड़ में पहली बार नियामनुसार जेम पोर्टल से हुई फाइनल फर्म को जनहित में दखल देकर अपनी शक्ति का प्रयोग करते हुए करी जा रही कही ना कही राजनीतिक, अपेक्षराचित साजिश पर लगाम लगाते हुए चयनित फर्म को तत्काल कार्यादेश दिलाए जाने का सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देने की कृपा करें। आपके इस कदम से जनहित ओर पालिका हित व जेम पोर्टल के मौलिक नियम व ढांचे को बचाया जा सकेगा जिससे टेंडर प्रकिया में पारदर्शिता,निष्पक्षता और प्रतिस्पर्धा की मूल भावना की रक्षा करने के साथ जनहित में कार्य सुचारू कराया जा सकें। इस मौके पर सभासद विकास दयाल,नितिन पाराशर, संजय कसाना, अनिल कुमार एडवोकेट, रोहतास यादव, धर्मेंद्र कुमार आदि सभासद कारण मौजूद रहे।

# एक नज़र

## एक सप्ताह पहले लापता हुई छात्रा का संदिग्ध हालत में नहर में मिला शव

**द अचीवर टाइम्स अखिलेश दास**

**बाराबंकी।** दरियाबाद कोतवाली क्षेत्र से एक सप्ताह पहले लापता हुई छात्रा का शव बुधवार को संदिग्ध हालत में नहर में मिला। किशोरी के लापता होने के बाद उसकी मां ने एक युवक पर अपहरण का केस दर्ज कराया था। ग्रामीण हत्या कर शव नदी में फेंके जाने की आशंका जता रहे हैं। जांच में जुटी पुलिस कड़ियां जोड़ने में लगी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।दरियाबाद कोतवाली क्षेत्र के खैरन तकिया गांव निवासी बबुई देवी के पति की मौत सालों पहले हो चुकी है। परिवार में केवल 17 साल की इकलौती बेटी रोशनी ही थी। वह मसौली थाना क्षेत्र में अपने मामा के घर पर रहकर इसी क्षेत्र के एक विद्यालय में हाईस्कूल की छात्रा थी। छह महीने पहले वह वापस अपने घर लौट आई थी। बीते 25 जनवरी को रोशनी शौच के लिए घर से निकली लेकिन वापस नहीं लौटी। मां व रिश्तेदारों ने ग्रामीणों के साथ खोजबीन की तो गांव के बाहर से गुजर रही नहर की पटरी पर डिब्बा पड़ा मिला था। परिजनों ने पुलिस को बताया था कि मसौली क्षेत्र के बनियातारा गांव निवासी रामेश्वर का फोन आया था। आरोप लगाया था उनके भतीजे सत्यम उर्फ अनुज ने अपहरण कर लिया है। पुलिस ने 25 जनवरी को युवक व उसके चाचा के खिलाफ केस दर्ज किया थ। दोनों को हिरासत में लिया लेकिन पुलिस ने उन्हें बेकसूर बताकर छोड़ दिया। बुधवार को गांव से डेढ़ किमी दूर शारदा नहर में ग्रामीणों ने किशोरी का शव देखा। परिजनों की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार आजाद ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी।

## पूर्व मंत्री राजा राजीव कुमार सिंह की मनाई गई द्वितीय पूर्ण तिथि

**द अचीवर टाइम्स अखिलेश दास**



**बाराबंकी।** जिले मे दरियाबाद एक ही सीट से 6 बार विधायक और एक बार कृषि मंत्री बनकर राजा राजीव कुमार सिंह जो गौरव प्राप्त किया शायद ही कोई प्राप्त कर पाये द्य ऐसे नेता और अभिभावक की आज द्वितीय पूर्ण तिथि पर राजा राजीव कुमार सिंह के सुपुत्र राजा रितेश सिंह अपने पिताजी की श्रध्दान्जली अर्पित की द्य मौके पर उपस्थित राजा संजू सिंह विवेकानंद पांडे ब्लॉक प्रमुख दरियाबाद रेनू वर्मा ब्लाक प्रमुख सिरौली गौसपुर राधे लाल यादव बलराम यादव महमूदाबाद नैमिष सिंह जितेंद्र कुमार सिंह चमन सिंह एवं समस्त नेता गढ़ एवं हजारों की संख्या में ग्राम वासी उपस्थित रहे और सभी ग्राम वासियों को कंबल वितरण किया गया।

## राज्यमंत्री और एसडीएम ने 600 गरीब और जरूरतमंद लोगों को वितरण किया कंबल

**द अचीवर टाइम्स अखिलेश दास**



**टिकैतनगर।** नगर पंचायत दरियाबाद के लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज में बृहस्पतिवार को निराश्रित और असहाय लोगों को राजस्व विभाग द्वारा कंबल का वितरण किया गया। इस मौके पर राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा और एसडीएम राम आसरे वर्मा ने 600 गरीब और जरूरतमंद लोगों को कंबल का वितरण किया। कंबल वितरण के लिए राजस्व विभाग ने नगर पंचायत सहित ग्राम पंचायतों से आए सैकड़ों लोगो का सुबह से ही पंजीकरण शुरू कर दिया। विभाग द्वारा पंडाल में क्रमवार लोगो को बैठाकर कंबल का वितरण करवाया गया। इस दौरान तहसीलदार शरद सिंह, नायब तहसीलदार सुधाकर पांडेय, एसओ शैलेंद्र कुमार आजाद, संदीप त्रिपाठी, महेश गुप्ता, पंडित उमाकांत, राम तीरथ, लेखपाल अंबुज मिश्रा, शिव शंकर गुप्ता, राजस्व निरीक्षक कमलेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे।

## दुबग्गा पुलिस नें दुकान के गल्ले से रूपये चोरी करने वाले शातिर चोर को किया गिरफतार

**द अचीवर टाइम्स दीपक कनौजिया।**



**काकोरी।**दुबग्गा पुलिस ने एक शातिर चोर को रुपयों के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। तेजतर्रार प्रभारी निरीक्षक दुबग्गा अभिनव कुमार वर्मा ने बताया कि वादी अंकित साहू निवासी ग्राम जेहटा की लिखित तहरीर पर एक अज्ञात व्यक्ति के द्वारा दुकान के गल्ले से पांच हजार रुपए चोरी करने के संबंध में दुकान के अंदर से रुपए चोरी कर लिए है। इस मामले में दुबग्गा पुलिस ने मुकदमा दर्जकर अज्ञात चोर की तलाश जारी थी । मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त यश त्रिवेदी उर्फ हर्ष (20) निवासी हरिओम नगर थाना मडियांव को जेहटा चौराहे से गिरफ्तार करते हुए अभियुक्त के पास से तीन हजार छै सौ रुपए भी बरामद कर लिया है पकड़े गए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

# आराधना सफाई कर्मचारी को जिला पंचायत राज अधिकारी ने स्वच्छता शक्ति पुस्तक को देकर किया सम्मानित

**द अचीवर टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट चेतन कुमार**



**हापुड़।** जनपद हापुड़ में केन्द्रीय जल शक्ति मिशन मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा स्वच्छता शक्ति पुस्तक का विमोचन किया गया है उक्त पुस्तक में जनपद हापुड़ के विकास खण्ड हापुड़ की ग्राम पंचायत अकड़ौली में तैनात सफाई कर्मचारी आराधना को स्वच्छता के क्षेत्र में ग्राम पंचायत अकड़ौली के आमजनमानस को स्वच्छता के सम्बन्ध में प्रेरित किये जाने, मेरा माटी मेरा देश, भारत संकल्प यात्रा जैसे कार्यक्रमों में पंचायत के महत्वपूर्ण स्थानों जैसे आंगनबाड़ी केन्द्र, पंचायत घर, स्वास्थ्य केन्द्र आदि स्थानों पर सफाई कार्य में सहयोग देते हुए आमजनमानस को साफ-सफाई एवं प्लास्टिक कचरा कम प्रयोग करने के सम्बन्ध में जागरूक किया गया है। इस सम्बन्ध में लेख प्रकाशित हुआ है वीरेन्द्र सिंह जिला पंचायत राज अधिकारी हापुड़ के द्वारा आराधना सफाई कर्मचारी के प्रति हार्दिक संवेदना प्रकट करते हुए अपने कार्यालय में स्वच्छता शक्ति पुस्तक को देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित करते समय अपार गहलौत डी0सी0 स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण, चन्द्रशेखर लेखाकार, मुनीबुर्रहमान डी0पी0एम0, मनोज कुमार आदि कर्मचारी मौके पर मौजूद थे।

# सुकून से मरने के लिए सुकून से जीना होगा- पं अनुराग कृष्ण शास्त्री

**द अचीवर टाइम्स अखिलेश दास**



**टिकैतनगर,बाराबंकी।** आदर्श नगर पंचायत टिकैतनगर के श्री दुर्गा पूजा पंडाल पर त्रिजुगीनारायण यज्ञसेनी व यज्ञसेनी परिवार के द्वारा आयोजित श्री मद भागवत कथा के चतुर्थ दिवास में काशी से आए कथा वाचक पण्डित अनुराग कृष्ण शास्त्री ने कहा कि भागवत मरना सीखाती हैं भागवत में परिक्षित जी भगवान शुखदेव से प्रश्न किया है कि शीघ्र मरने वाले को क्या करना चाहिये (मृय माणस्य किं धर्मः) अर्थात व्यक्ति अपनी मृत्यु के लिए क्या उपाय करें कि वह सुखपूर्वक मर सके और भगवान शुखदेव ने मृत्यु के मंगल आख्यानों का वर्णन किया और कहा कि सुकून से मरने के लिए धर्माचरण करते हुए सुकून से जीना होगा इसके साथ साथ शास्त्री जी ने पौराणिक कथाओं का उदाहरण देते हुए कहा कि हम उसी देश में रह रहे हैं जहां चारों तरफ रावण राज साम्राज्य हैं। हम अपनी संस्कृति व सभ्यता को भूलते जा रहे हैं। जिसका परिणाम है कि बेटियों को सुरक्षित रखना बड़ी चुनौती बनी हुई है तत्पश्चात् राजा परीक्षित के प्रसंग को कहते हुए बताया कि जब शुखदेव जी वन से ऋषियों के बीच आते हैं। ऋषियों ने शुखदेव जी को यह बताया कि ये राजा परीक्षित आपसे कुछ सवाल करना चाहते हैं राजा परीक्षित पूछते हैं कि मौत नज़दीक हो तो क्या करना चाहिए शुखदेव जी ने कहा कि प्रभु के युगल चरणों का स्मरण करना चाहिए, तब परिक्षित जी कहते हैं कि महाराज मन का स्वभाव ही चंचल है इसे एकाग्र कैसे किया जाए तो शुखदेव जी कहते हैं कि हे राजन! यह बहुत ही महत्वपूर्ण प्रश्न आपने इस चराचर जगत के लिए किया है सुखदेव जी कहते हैं कि शरीर के अन्दर की विकृतियों को दूर करने के लिए अस्टांग योग, योग, प्राणायाम, आसन ध्यान करना होगा तदोपरांत भगवान श्री कृष्ण जी का जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया जिसमें बड़ी ही अलौकिक झांकी भी निकाली गई और तमाम भक्तों ने नृत्य किया वही इस कथा में आचार्य शुभम् कुमार मिश्रा, पं ओंकार नाथ तिवारी व इंद्र प्रकाश पांडेय जी ने भागवत कथा को भव्य बना दिया इस अवसर पर पंकज यज्ञसेनी, आलोक यज्ञसेनी, नितिन यज्ञसेनी, उदय गुप्ता, आदर्श यज्ञसेनी, सोनू यज्ञसेनी, शिवम् पाण्डेय, शिवकुमार शाह, चन्दन गुप्ता, कमलाकांत दिवेदी, रीतेश यज्ञसेनी, शिवकुमार यज्ञसेनी, अखण्ड प्रताप सिंह सहित तमाम श्रोता उपस्थित रहे।

# जीएस आयुर्वेदा मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में राष्ट्रीय स्तर की अग्निकर्म एवं जोंक चिकित्सा कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

❖ आज के दौर में आयुर्वेदिक पैरासर्जिकल थेरेपी में से एक,अग्निकर्म थेरेपी है-डॉ अंकुर सिंघल।

**द अचीवर टाइम्स/ चेतन कुमार**



**हापुड़।** पिलखुवा में गुरुवार को जीएस आयुर्वेदा मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में राष्ट्रीय स्तर की अग्निकर्म एवं जोंक चिकित्सा कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ सोनाली शर्मा , प्रधानाचार्य डॉ भावना सिंह व मेडिकल सुप्रिंटेंडेंट डॉ अंकुर सिंघल द्वारा द्वीप प्रज्वलन से हुआ और बहार से आये विशेषज्ञ कायाचिकित्सा व शल्यतंत्र डॉ कलानिधि होटा ( अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान), डॉ मनू पाठक (शुद्धि आयुर्वेद, मेरठ) व डॉ अक्षय गोयल ( एकीकृत चिकित्सा विज्ञान अस्पताल संस्थान,एच,आई,आई,एम,एस) द्वारा इस द्वीप प्रज्वलन में सम्मिलित हुए। डॉ अंकुर सिंघल ने बताया कि आज के दौर में आयुर्वेदिक पैरासर्जिकल थेरेपी में से एक, अग्निकर्म थेरेपी है काय चिकित्सा मुख्य रूप से विभिन्न प्रकार के रोगों के निदान और उपचार से संबंधित है,जैसे त्वचा विकार, मधुमेह, संधिशोथ के आयुर्वेद के अनुसार, शरीर के त्रिदोषों (वात, पित्त और कफ) में असंतुलन के कारण रोग उत्पन्न होते हैं। आयुर्वेद में शल्य तंत्र में सर्जरी के माध्यम से बीमारियों का इलाज करने की तकनीक के साथ-साथ सर्जिकल समस्याओं को रोकने ओर ठीक की जा जाने वाली कुछ सामान्य बीमारियाँ हैं हर्निया, फिस्टुला, पित्त पथरी, गुर्दे की पथरी आदि कैंसर के इलाज में आयुर्वेदिक सर्जरी भी बहुत प्रभावी है तथा सदियों से आयुर्वेदिक चिकित्सकों द्वारा इसका उपयोग किया जाता रहा है। कार्यशाला में अग्निकर्म एवं जोंक चिकित्सा आयुर्वेदिक सर्जरी क्षारकर्म, क्षारसूत्र, रक्तमोक्षण के ऐसे रोगियों को दर्द मुक्त जीवन प्रदान करने में बेहद सहायक है, जिनका जीवन विभिन्न दर्दनाक स्थितियों के कारण दयनीय हो गया है। उपनिदेशक, मनोज शिशोदिया ने बताया गया कि चिकित्सा के क्षेत्र में जीएस आयुर्वेदा मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल समाज व जनहित के लिए सदैव बेहतर से बेहतर उपचार प्रदान करने के लिए तत्पर रहेगा एवं इस प्रकार निरन्तर शोध से अस्पताल को बाह्य लोगों के साथ अभ्यास करने से निरन्तर प्रगति होती है और हमारा अस्पताल बहुत तेजी से प्रगति करते हुए न केवल एलोपैथिक क्षेत्र में अच्छा उपचार कर रहा है अपितु आर्युवेदिक क्षेत्र में भी अच्छा उपचार प्रदान कर रहा है। कार्यक्रम में डॉ मनीष, डॉ सरोजनी, डॉ दिलीप, डॉ योग्यिता व डॉ प्रवीन सम्मिलित हुए।

# कोटवा सड़क में सतीश चन्द्र शर्मा ने पांच सौ लोगों को वितरित किए कंबल



**द अचीवर टाइम्स अखिलेश दास**

**बाराबंकी।** विकासखंड बनीकोडर क्षेत्र ग्राम पंचायत कोटवा सड़क में खाद एवं रसद आपूर्ति राज्य मंत्री सतीश शर्मा बुधवार को कोटवा सड़क स्थित नाथ बाबा प्रांगण में करीब पांच सौ लोगों को कंबल वितरित किया गया कंबल पाने वाले लाभार्थियों में कोटवा सड़क मेडुवा लालपुर राजपुर भवानियापुर खेवली सनौली सोहिलपुर लगभग तीस ग्राम पंचायतों के जरूरतमंद शामिल थे। मंत्री ने कहा हमारी सरकार गरीबों के साथ खड़ी है हर स्तर पर उनका ख्याल रखा जा रहा है सरकार कल्याणकारी योजनाओं को लागू करके हर संभव मदद कर रही है इस मौके पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव मजिस्ट्रेट राम आसरे वर्मा क्षेत्राधिकार जटाशंकर मिश्रा ब्लॉक प्रमुख चंद्रशेखर वर्मा मंडल अध्यक्ष विवेक तिवारी भाजुमो मंडल अध्यक्ष मधुकर तिवारी घिराऊ रावत शशांक शुक्ला सुधाकर मिश्रा उदयराज रावत ललित तिवारी साहब बक्स सिंह सहित लाभार्थी गण क्षेत्रवासी उपस्थित रहे

# सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व को मिलेगा राष्ट्रीय पर्यावरण मित्र सम्मान

**सम्मान**

प्रयागराज माघ मेले में सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व होंगे सम्मानित।

**द अचीवर टाइम्स – संवाददाता**



**उन्नाव।** श्री आद्य शंकराचार्य धर्म संसद माघममेला परिसर प्रयागराज में आगामी 3 एवं 4 फरवरी को आयोजित होने वाले दो दिवसीय ÷ राष्ट्रीय प्राकृतिक धर्म मंथन शिविर ÷ में प्रकृति संरक्षण के लिए कार्य करने वाले देश प्रदेश के जाने माने पर्यावरण योद्धाओं को मिलने वाले ÷ राष्ट्रीय पर्यावरण मित्र सम्मान ÷ के लिए जनपद उन्नाव से पुलिस सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व को उनके उत्कृष्ट पर्यावरण कार्यों हेतु चयन किया गया है । संगम तट पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रकृति संरक्षण पर चर्चा होगी और पर्यावरण मित्रों द्वारा अपने कार्यों को साझा किया जायेगा। इस अवसर पर पर्यावरण कारवीरों को सम्मानित किया जायेगा। पर्यावरणसंरक्षण के लिये उल्लेखनीय योगदान दे रहे पुलिस सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व ने ÷ राष्ट्रीय पर्यावरण मित्र सम्मान ÷ के लिए चयनित होकर उन्नाव जिले का नाम रोशन किया है । उत्तर प्रदेश पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर सेवारत एवम उन्नाव पुलिस कंट्रोल रूम में तैनात अनूप मिश्रा अपूर्व गरीब बच्चों में शिक्षा की अलख जगाने वाले ÷ वर्दीधारी मास्टर जी ÷ और पर्यावरण संरक्षण कार्यों हेतु ÷ ट्री मैन ÷ के नाम से अत्यंत लोकप्रिय हैं , वे लगभग 25 वर्षो से सामाजिक कार्यों में जुटे हैं । पुलिस ड्यूटी के दायित्व को बाखूबी निभाने के साथ साथ सराहनीय सामाजिक सेवा कार्यों के जरिये समाज में खाकी का मान सम्मान बढ़ाने वाले सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व को वर्ष 2019 में स्वतंत्रता दिवस पर तत्कालीन पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश पुलिस ओ. पी. सिंह द्वारा प्रद्दत प्रशंसा चिन्ह सिल्वर मेडल तत्कालीन अपर पुलिस महानिदेशक पी .ए .सी . मुख्यालय विनोद कुमार सिंह द्वारा प्रदान किया गया था । इसके अलावा ट्री मैन, पर्यावरण प्रहरी , ग्रीन वारियर्स, महात्मा गांधी सेवा रत्न , सोशल ब्रेवरी , यू पी रत्न , राष्ट्रीय शौर्य सम्मान , भारत गौरव , नेशनल यूथ आइकॉन अवॉर्ड के साथ ही कई अवॉर्ड से उन्हें नवाजा जा चुका है । अनूप मिश्रा अपूर्व द्वारा जगह जगह पर्यावरण चौपाल लगा कर लोगों को प्रेरित करके एक लाख से अधिक पौधों को लगाकर उन्हें विराट रूप दिया गया है। बरगद बचाओ अभियान के तहत 200 से अधिक बरगद लगाए गए हैं , पर्यावरण से जुड़े सरोकार हेतु कॉलेज और मोहल्ले में ÷ ग्रीन आर्मी और क्लीन आर्मी ÷ का गठन किया जाता है ताकि आसपास के वातावरण और परिवेश को सुंदर स्वच्छ और हरा-भरा बनाया जाए। पिछले 20 वर्षो से रक्षाबंधन के पर्व पर पेड़ पौधों को पर्यावरण राखी बांधकर अनूप लोगों को वृक्ष सुरक्षा जन सुरक्षा का संदेश देते आ रहे हैं , जनपद उन्नाव में तैनाती के बाद जनपद को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व द्वारा ÷ ग्रीन उन्नाव क्लीन उन्नाव ÷ मुहिम चलाई जा रही है। अनूप मिश्रा अपूर्व का मानना है कि पेड़ पौधों की रक्षा में ही हमारी रक्षा है क्योंकि हम सभी अपनी आवश्यकताओं के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पेड़ पौधों पर निर्भर है । पेड़ पौधों में परमात्मा का अंश है इसलिए हम सभी को अधिक से अधिक पौधों को लगाने और उनकी रक्षा के लिए एकजुट होकर आगे आना चाहिए । गरीब बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए भी अनूप मिश्रा द स्ट्रीट क्लासेस चलाते हैं जिनमें बच्चों को निःशुल्क पढ़ने का अवसर प्राप्त होता है और इन बच्चों को कॉपी , किताब , पेन पेंसिल , स्लेट , कलर्स , स्कूल बैग्स आदि शिक्षण सामग्री पुलिस सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपने वेतन के पैसों से उपलब्ध करवाते हैं। ÷ राइट टू एजुकेशन ÷ के तहत प्रशासन के सहयोग से उन्होंने अभी तक 10000 से अधिक बच्चों को स्कूल में दाखिला करवाया है । बेटी पढ़ाओ मुहिम के तहत वे अभावग्रस्त परिवार की 5 बेटियों की शिक्षा का खर्च अपने वेतन से उठाते हैं। ट्रीमैन के नाम से मशहूर अनूप मिश्रा द्वारा एक लाख से अधिक पौधे लगाने और सेल्फी विद झोला अभियान के तहत एक लाख से अधिक लोगों को कपड़े या जूट से बने थैलों को उपयोग में लाने के प्रति जागरूक करने का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है । वे लोगों को विवाह, जन्मदिवस आदि अवसर उपहार में पौधा भेंट करते हैं।

प्रयागराज के माघ मेले में पर्यावरणविद डा धर्मेंद्र कुमार ( संयोजक पीपल नीम तुलसी अभियान ) के संयोजन में पर्यावरण संरक्षण क्षेत्र में उल्लेखनीय और उत्कृष्ट कार्य करने वाली देश प्रदेश की जानी मानी हस्तियों के साथ जनपद उन्नाव के पुलिस सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व को भी सम्मानित किया जाएगा । सब इंस्पेक्टर रीना पाण्डेय और समाज सेवक शिवम तिवारी आजाद ने सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व को मिलने वाले सम्मान के लिए बधाई दी और उनके पर्यावरण व सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए प्रशंसा की।

# इस बार की जनवरी बीते दस सालों में रही सबसे ठंडी, आज पूरे प्रदेश में हो सकती है बारिश

संवाददाता



**लखनऊ।** बीते दस सालों में इस बार की जनवरी सबसे ठंडी रही। जनवरी के बीतते ही तापमान बढ़ गया। बुधवार को अधिकतम तापमान 25 डिग्री के ऊपर चला गया। आज पूरे प्रदेश में कहीं कम तो कहीं ज्यादा बारिश के आसार हैं। इस साल की जनवरी में दिन का तापमान सामान्य से कम रहा। लखनऊ में तो दस साल का रिकॉर्ड टूट गया। 2024 की जनवरी में बीते दस सालों में सबसे ठंडी रही। मौसम विभाग के मुताबिक माह भर के औसत तापमान पर नजर डालें तो राजधानी में यह 17.4 डिग्री दर्ज हुआ, जो सामान्य से 3.9 डिग्री कम था। जनवरी बीतते-बीतते मौसम ने करवट ले ली। बुधवार रात बादलों ने डेरा डाल दिया है। बृहस्पतिवार को बूंदाबांदी के आसार हैं। बुधवार को दिन का तापमान 25.5 और रात का 10.3 डिग्री सेल्सियस रहा। मंगलवार की अपेक्षा दोनों में लगभग दो डिग्री तक की बढ़त रही। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, फरवरी में अलनीनो से स्थितियां कमजोर पड़ सकती हैं। इसके चलते औसत अधिकतम तापमान व न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं। यूपी का मौसम मंगलवार से ही बदला गया। पश्चिमी यूपी के बागपत, नोएडा, गाजियाबाद, बुलंदशहर और मुरादाबाद में बुधवार को बारिश हुई। वहीं, मध्य यूपी और अवध के कई हिस्सों में पारा चढ़ गया है। बृहस्पतिवार को भी कई क्षेत्रों में बारिश के आसार हैं। शुक्रवार को इसमें ब्रेक लगेगा, लेकिन शनिवार को फिर ऐसा ही मौसम रह सकता है। मौसम विभाग की रिपोर्ट में कहा गया है कि बीती जनवरी सामान्य से ठंडी रही। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, बीते दो दिनों में धूप व पुरवा हवाओं के कारण पारे का लगातार चढ़ना जारी है। इसी कारण थोड़ी सी बारिश हुई है। प्रदेश में बुधवार को दिन का तापमान नजीबाद, मेरठ और अलीगढ़ को छोड़ दें तो 20.8 से लेकर 26.6 डिग्री तक पहुंच गया। जबकि न्यूनतम तापमान झांसी में सर्वाधिक 14.2 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। बाकी प्रदेश में यह 7 डिग्री से अधिक रहा। बृहस्पतिवार को पूर्वी यूपी के कुछ इलाकों में घने कोहरे के आसार हैं। बहराइच के अलावा तराई क्षेत्र व पश्चिम यूपी के कई इलाकों में बृहस्पतिवार को बिजली गिरने व बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, जनवरी में यदि अधिकतम तापमान का औसत देखें तो बरेली में सबसे ठंडे दिन रहे। यहां अधिकतम तापमान का औसत 14.1 रहा, जो कि सामान्य के 19.5 डिग्री सेल्सियस की तुलना में 5.4 डिग्री कम रहा। बिजनौर दूसरे नंबर पर रहा, यहां औसत अधिकतम तापमान 14.6 डिग्री रिकॉर्ड हुआ।

# अयोध्या के लिए आठ शहरों से शुरू हुई सीधी उड़ान सेवा, देश के सभी आठ बड़े नगरों से जुड़ी राम की नगरी

संवाददाता

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काह कि एक माह के भीतर भारत के सभी बड़े नगरों से अयोध्या की बेहतरीन कनेक्टिविटी हो गई है। उन्होंने दरभंगा, अहमदाबाद, चेन्नई, जयपुर, पटना, दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु के लिए स्पाइसजेट की नॉन स्टॉप उड़ान को हरी झंडी दिखाई। अयोध्या के नव्य-दिव्य-भव्य मंदिर में विराजित श्रीरामलला के दर्शन की चाह रखने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए अयोध्या पहुंचना और आसान हो गया है। गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और राज्य मंत्री वीके सिंह ने 08 शहरों से अयोध्या आने-जाने के लिए स्पाइसजेट की सीधी उड़ान सेवा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दरभंगा, अहमदाबाद, चेन्नई, जयपुर, पटना, दिल्ली, मुंबई, और बेंगलुरु से अयोध्या के लिए स्पाइसजेट द्वारा नॉन-स्टॉप उड़ान सेवाएं शुरू होने से अयोध्या की कनेक्टिविटी और बेहतर हो गई है, इससे पर्यटन में भी वृद्धि होगी। इससे पहले दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई, कोलकाता और बेंगलुरु के लिए अयोध्या से वायु सेवा प्रारंभ हो चुकी है, जो सफलता पूर्वक संचालित हो रही है। उन्होंने कहा कि बीते 30 दिसंबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्याधाम के नए इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था। अभी एक माह ही हुआ है, लेकिन इस अल्प अवधि में ही अयोध्या की कनेक्टिविटी देश के इतने महत्वपूर्ण नगरों के साथ होना, अयोध्या के बेहतर भविष्य का संकेत देती है। मुख्यमंत्री ने सभी नागरिकों से अयोध्या की शान बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग नई वायु सेवा का समुचित उपयोग करें और अयोध्या की सुंदरता और परंपरा को दुनिया के साथ साझा करें।




मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अयोध्या देश की आस्था का प्रतीक है। जनभावनाएं अयोध्या के साथ जुड़ी हुई हैं। प्रभु श्रीरामलला के साथ जुड़ी हैं। हर अयोध्यावासी की एक अभिलाषा थी कि अयोध्या का भी विकास होना चाहिए। आज वह सपना साकार हो रहा है। वास्तव में अयोध्या इसकी हकदार थी लेकिन किन्हीं कारणों से अयोध्या की उपेक्षा हुई। आज से 10 वर्ष पहले कोई सोचता भी नहीं था कि अयोध्या में भी कोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट होगा। कोई सोचता भी नहीं था कि अयोध्या की कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी। पांच सदी पूर्व जो एक कलंक अयोध्या पर लगाने का प्रयास हुआ था, उससे मुक्त होकर प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में रामलला फिर से विराजमान हो गए, इस सपने को साकार होते हुए देखकर के आज पूरी दुनिया प्रफुल्लित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी का कार्यक्रम केवल एक कार्यक्रम मात्र नहीं है। प्रभु तो सर्वव्यापी हैं लेकिन यह वास्तव में भारत के गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा हुई है। जब से श्रीरामलला के नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न हुआ है, भारत के हर नागरिक के चेहरे पर जो तेज है, जो उत्साह है, जो उमंग है, वह एक नए भारत की तस्वीर को प्रस्तुत करती है। यही ऊर्जा 2047 तक भारत को दुनिया के एक विकसित देश के रूप में स्थापित करने के प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प को पूरा करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 दिन के अंदर अयोध्या में 25 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रभु रामलला के दर्शन किए हैं। एक अद्भुत स्थिति है जो लोगों के लिए कौतूहल और आश्चर्य का विषय बनी हुई है। मुख्यमंत्री ने अयोध्या के लिए नई उड़ान सेवाएं शुरू करने के लिए स्पाइसजेट के सीएमडी अजय सिंह को भी धन्यवाद दिया और कहा कि समूह को उत्तर प्रदेश के अन्य क्षेत्रों के लिए भी ऐसे ही प्रयास करने चाहिए। कार्यक्रम में केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अयोध्या के समग्र विकास के लिए मुख्यमंत्री योगी के प्रयासों को क्रांतिकारी बताया और कहा कि जहां राम का नाम होता है वहां सारे काम पूरे होते हैं।

## एक नज़र

### एएमसी की पहली महिला कमांडेंट बनीं ले. जनरल कविता सहाय, कार्यभार संभाला



**लखनऊ।** लेफ्टिनेंट जनरल कविता सहाय ने आर्मी मेडिकल कोर (एएमसी) कमांडेंट का पदभार संभाल लिया है। उन्होंने कोरोना के दौरान शानदार काम किया था। वह उधमपुर कमांड अस्पताल की डिप्टी कमांडेंट भी रह चुकी हैं। लेफ्टिनेंट जनरल कविता सहाय को लखनऊ छावनी स्थित आर्मी मेडिकल कोर (एएमसी) का कमांडेंट बनाया गया है। वह एएमसी की पहली महिला कमांडेंट हैं। उन्होंने बृहस्पतिवार को पदभार संभाल लिया है। इससे पहले एएमसी सेंटर एंड कॉलेज ऑफिसर इन चार्ज लेफ्टिनेंट जनरल वी साबिद सैय्यद थे। 37 वर्षों की सेवा के बाद बुधवार को वह सेवानिवृत्त हो गए। अब इस पद की जिम्मेदारी कविता सहाय को सौंपी गई है। कविता उधमपुर कमांड अस्पताल की डिप्टी कमांडेंट रह चुकी हैं। उन्होंने कोविड काल में शानदार कार्य किया था।

### शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों के से मिले बेसिक शिक्षा मंत्री, 6800 भर्तियों के निस्तारण पर बढ़ी उम्मीद



**लखनऊ।** यूपी के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने 6800 नियुक्तियों के अभ्यर्थियों से मुलाकात की और विभागीय अफसरों के साथ वार्ता कर मामले का समाधान निकालने का निर्देश दिया। यूपी के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बृहस्पतिवार को 69000 शिक्षक भर्ती की 6800 सूची के अभ्यर्थियों से मुलाकात की और अभ्यर्थियों की बात सुनी। मुलाकात के बाद उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ वार्ता कर हर संभव रास्ता निकालने का निर्देश दिया है। उन्होंने जल्द ही मामले का प्रस्ताव तैयार कराने और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात का आश्वासन भी दिया।

### यूपी का बजट सत्र- सभी दलों के विधायक सामूहिक रूप से जाएंगे अयोध्या, सर्वदलीय बैठक में नेताओं ने दिया प्रस्ताव



एजेंसी

**लखनऊ।** यूपी में बृहस्पतिवार को हुई सर्वदलीय बैठक में सभी दलों के प्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से अयोध्या जाने का प्रस्ताव दिया। सभी विधायक सामूहिक रूप से अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करेंगे। विधानमंडल बजट सत्र के बाद सभी दलों के विधायक सामूहिक रूप से अयोध्या में रामलला के दर्शन करने जाएंगे। बृहस्पतिवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता और नेता सदन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में आयोजित सर्वदलीय बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा और अयोध्या आ रहे श्रद्धालुओं की बात रखी। बैठक में मौजूद अधिकांश दलों के प्रतिनिधियों ने राजनीति से ऊपर उठकर सामूहिक रूप से सभी विधायकों को रामलला के दर्शन के लिए ले जाने का प्रस्ताव रखा। मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को इसकी व्यवस्था की जिम्मेदारी दी। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सभी विषयों पर सदन में सकारात्मक चर्चा करने और विपक्ष के सवालों का जवाब देने को तैयार है। लेकिन सदन की कार्यवाही शांतिपूर्ण ढंग से संचालित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विधानसभा की कार्यवाही का सीधा प्रसारण होता है, सदस्यों के सदन के अंदर आचरण और व्यवहार को जनता देखती है। लिहाजा सदन के अंदर सभी सदस्यों को मर्यादा के अनुकूल व्यवहार करते हुए अपने क्षेत्र के विकास और जनता से जुड़े मुद्दे रखने चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सभी दलों से शांतिपूर्ण माहौल में सदन की कार्यवाही संचालित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सदन में सभी सदस्यों को अपनी बात रखने का अवसर दिया जाएगा। सभी दलों के प्रतिनिधियों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में सदन संचालित करने का आश्वासन दिया। बैठक में सपा के मुख्य सचेतक मनोज पांडेय, कांग्रेस की आराधना मिश्रा मोना, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के रघुराज प्रताप सिंह, सुभासपा से ओमप्रकाश राजभर सहित अन्य दलों के नेता भी मौजूद थे।

# सीएम योगी बोले, अंतरिम बजट में नए भारत को दुनिया का ग्रोथ इंजन बनाने का रोड मैप, जानें- क्या बोले अखिलेश

संवाददाता

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट के बारे में कहा कि इसमें नए भारत को दुनिया का ग्रोथ इंजन बनाने का रोड मैप है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी का आभार भी जताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा चुनाव 2024 के पहले केंद्र की मोदी सरकार द्वारा पेश किए गए बजट की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस बजट में नए भारत को दुनिया का ग्रोथ इंजन बनाने का रोड मैप दिखाया गया है। इसके लिए उन्होंने पीएम मोदी का आभार भी जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत अंतरिम बजट में %विकसित भारत% का विजन, अंत्योदय का संकल्प और %नए भारत% को दुनिया का ग्रोथ इंजन बनाने का %रोड मैप% है। नए भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने का मार्ग प्रशस्त करते इस लोक-कल्याणकारी बजट के लिए प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार एवं वित्त मंत्री जी का धन्यवाद! प्रधानमंत्री @narendramodi जी के नेतृत्व में मा. केंद्रीय वित्त मंत्री @nsitharaman जी द्वारा आज प्रस्तुत अंतरिम बजट में विकसित भारत का विजन, अंत्योदय का संकल्प और नए भारत को दुनिया का ग्रोथ इंजन बनाने का रोड मैप है। इस मौके पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि ये मोदी सरकार का विदाई बजट है। उन्होंने एक्स पर कहा कि कोई भी बजट अगर विकास के लिए नहीं है और कोई भी विकास अगर जनता के लिए नहीं है तो वो व्यर्थ है। भाजपा सरकार ने जनविरोधी बजटों का एक दशक पूरा करके एक शर्मनाक रिकार्ड बनाया है, जो फिर कभी नहीं टूटेगा क्योंकि अब सकारात्मक सरकार आने का समय हो गया है। ये भाजपा का 'विदाई बजट' है। कोई भी बजट अगर विकास के लिए नहीं है और कोई भी विकास अगर जनता के लिए नहीं है तो वो व्यर्थ है। भाजपा सरकार ने जनविरोधी बजटों का एक दशक पूरा करके एक शर्मनाक रिकार्ड बनाया है, जो फिर कभी नहीं टूटेगा क्योंकि अब सकारात्मक सरकार आने का समय हो गया है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा लोकसभा चुनाव से पूर्व, संसद में आज पेश बजट जमीनी वास्तविकता से दूर चुनावी लुभावने वाला ज्यादा है। इस प्रकार, देश की जनता की अपार गरीबी, बेरोजगारी व बढ़ती हुई महंगाई से त्रस्त जीवन को नकारना अति-दुःखद व चिंतनीय है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही, देश की अर्थव्यवस्था व विकास संबंधी सरकारी दावों व वादों में जमीनी सच्चाई होती तो फिर यहां के 80 करोड़ से अधिक लोगों को फ्री में राशन का मोहताज जीवन जीने को मजबूर नहीं होना पड़ता। वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष में उत्तर प्रदेश को विकास के लिए दो लाख 18 हजार आठ सौ सोलह करोड़ रुपये मिलेंगे। जो कि पिछले वर्ष के मुकाबले करीब 15 हजार करोड़ रुपये ज्यादा हैं। उन्होंने कहा कि अंतरिम बजट से यूपी को लाभ मिलेगा।



# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान- स्कूल में दोपहर के भोजन के बाद दी जाएगी पेट के कीड़े मारने की गोली

संवाददाता



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी में राष्ट्रीय कृमि मुक्त अभियान का शुभारंभ कर दिया है। इसके तहत बच्चों को पेट के कीड़े मारने की दवा खिलाई जाएगी। कोरोना, टीबी और इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारियों के खिलाफ सफलतापूर्वक अभियान चला चुकी योगी सरकार ने अब कृमि से होने वाली बीमारियों के खिलाफ मुहिम छेड़ दी है। योगी सरकार ने गुरुवार को प्रदेश को कृमि मुक्त बनाने के लिए 66 जिलों में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान की शुरुआत की। योगी सरकार ने कृमि मुक्त अभियान के तहत एक वर्ष से 19 वर्ष तक के प्रदेश के 8.66 करोड़ बच्चों एवं नवयुवकों को एल्बेन्डाजॉल टैबलेट खिलाने का लक्ष्य तय किया है। इस दौरान निजी शैक्षणिक संस्थानों पर खासा फोकस रहेगा। वहीं अन्य जनपदों में फाइलेरिया उन्मूलन के तहत सर्वजन दवा सेवन अभियान में 10 फरवरी से एल्बेन्डाजॉल खिलाई जाएगी। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के महाप्रबंधक डॉ. मनोज शुक्ल ने बताया कि जिलों में स्थानीय आंगनबाड़ी कार्यकत्री की मदद से एक वर्ष से पांच वर्ष तक के पंजीकृत बच्चों और 6 वर्ष से 19 वर्ष तक के स्कूल नहीं जाने वाले बालक-बालिकाओं को दवा खिलाई जा रही है। वहीं 6 वर्ष से 19 वर्ष तक के छात्र-छात्राओं को उनके शिक्षकों के माध्यम से दवा का सेवन सुनिश्चित कराया जा रहा है। किशोर जुवेनाइल होम में प्रभारी अधीक्षक के माध्यम से किशोरों को दवा खिलाई जा रही है। यह दवा चबाकर खानी है जबकि किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त बच्चे या किशोर को दवा नहीं खिलाई जाएगी। छोटे बच्चों को गोली निगलने में परेशानी हो सकती है, इसलिए ऐसे बच्चों को गोली पीसकर खिलाई जाती है। अभियान के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिये हैं कि बच्चों को स्कूलों में दोपहर के भोजन के बाद गोली दी जाए। यह गोली किसी भी प्रकार से बच्चों के लिए नुकसानदायक नहीं है। इसके साथ ही अभियान के दौरान दवा सेवन से छूटे बच्चों एवं किशोर किशोरियों के लिए पांच फरवरी को मापअप राउन्ड आयोजित किया जाएगा। यह दवा स्वास्थ्य टीम के सामने ही चबाकर या चूरा करके खानी होगी। किसी भी बच्चे या परिजन को बाद में खाने के लिए दवा नहीं दी जाएगी। पिछले वर्ष अगस्त में कृमि मुक्त अभियान के दौरान प्रदेश के 53 जनपदों के 542 ब्लॉकों में दवा खिलाई गई थी। इस दौरान 7 करोड़ 3 लाख बच्चों एवं किशोर किशोरियों को दवा खिलाने के लिए लक्षित किया गया था। वहीं अभियान के दौरान कुल 5 करोड़ 56 लाख लोगों को दवा खिलाई गई यानि 79 प्रतिशत लक्षित बच्चों एवं किशोर किशोरियों को कृमि मुक्त की दवा खिलाई गई थी। इस दौरान किसी भी ब्लॉक में कोई प्रतिकूल घटना की बात सामने नहीं आई थी। कृमि मुक्ति से स्वास्थ्य और पोषण में सुधार होता है। शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। एनीमिया नियंत्रण रहता है। बच्चों में सीखने की क्षमता में सुधार होता है। बच्चे अक्सर जमीन में गिरी चीज उठाकर खा लेते हैं। कई बार वह नंगे पैर ही संक्रमित स्थानों पर चले जाते हैं। इससे उनके पेट में कीड़े (कृमि) विकसित हो जाते हैं। इससे बच्चा शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर होने लगता है। वह एनीमिया से ग्रसित हो जाता है। एल्बेन्डाजॉल खा लेने से यह कीड़े पेट से बाहर हो जाते हैं। इससे शरीर में आयरन की शोषक क्षमता बढ़ जाती है और शरीर में एनीमिया यानि खून की कमी दूर होती है।

### कृमि संक्रमण के लक्षण

- पेट में दर्द, दस्त, कमजोरी, उल्टी और भूख न लगना
- बच्चे के पेट में कीड़े की मात्रा जितनी अधिक होगी, संक्रमित व्यक्ति के लक्षण उतने ही अधिक होंगे
- हल्के संक्रमण वाले बच्चों में आमतौर पर कोई लक्षण नहीं दिखते हैं।

# डिजास्टर मैनेजमेंट में एमबीए की डिग्री ले सकेंगे युवा, लाखों रोजगार पैदा होंगे

संवाददाता




**लखनऊ।** यूपी में आपदाओं से निपटने के लिए विशेषज्ञों की कमी को देखते हुए प्रदेश सरकार एमबीए में डिजास्टर मैनेजमेंट कोर्स लागू करने पर विचार कर रही है। इससे प्रदेश के लाखों युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना है। योगी सरकार प्रदेश के युवाओं को डिजास्टर मैनेजमेंट की फील्ड में रोजगार उपलब्ध कराने जा रही है। सरकार एमबीए में डिजास्टर मैनेजमेंट सिलेबस लागू करने पर विचार कर रही है। योगी सरकार के इस कदम से जहां लाखों युवाओं को रोजगार मिलेगा, वहीं देश में सर्वाधिक जलवायु परिवर्तन वाले उत्तर प्रदेश में आपदाओं से निपटने के लिए दक्ष लोगों की तादाद बढ़ेगी। इससे आपदाओं से होने वाली जनहानि को न्यूनतम किया जा सकेगा। बता दें कि योगी सरकार मौसम की अनिश्चितता और इनके कारण होने वाली प्राकृतिक दुर्घटनाओं की बढ़ती चुनौती को देखते हुए इस पर विचार कर रही है। पिछले कुछ वर्षों में महामारी, बाढ़, सूखा, अतिवृष्टि, वज्रपात जैसी आपदाओं की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए योगी सरकार ने महसूस किया है कि इस क्षेत्र में युवाओं को रोजगार के नये अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। ऐसे में योगी सरकार क्लाइमेट रेजिलिएंट और डिजास्टर मैनेजमेंट एनालिटिक्स की फील्ड में युवाओं को एमबीए के पाठ्यक्रम में शामिल करने पर विचार कर रही है। इसको लेकर सीएम योगी ने एक प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये हैं। विशेषज्ञों की मानें तो खेती हो या जल आपूर्ति, जो भी प्राकृतिक संसाधन से जुड़े सेक्टर हैं, सब पर जलवायु परिवर्तन का असर आ रहा है। पहले पहाड़ी इलाकों में क्लाउड बर्स्ट होता था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से मैदानी इलाकों में भी क्लाउड बर्स्ट होने लगा है। इससे प्राकृतिक आपदाएं बढ़ती जा रही हैं। साइक्लोन हो या फिर सूखा, सब अचानक हो रहा है। इससे निपटने के लिए एक ट्रेन्ड रिसोर्स या स्किल्ड मैनपावर की जरूरत है जो इन समस्याओं को समय रहते निपटा सकें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बैठक में कहा कि जलवायु परिवर्तन वर्तमान समय में बड़ी चुनौती है। ऐसे में इससे निपटने के लिए लोगों को इस समस्याओं के विषय में शिक्षित करना आवश्यक है। इसके लिए जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रबंधन से जुड़ा पाठ्यक्रम लागू करना अतिआवश्यक है। वहीं इसके लागू होने से प्रदेश के युवाओं को इस फील्ड में रोजगार के नये अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन और अचानक से आने वाली आपदाएं आज पूरी दुनिया के लिए बड़ी समस्या बनकर उभरी हैं। ऐसे में इसे रोकने के लिए डाटा एनालिटिक्स और एआई का इस्तेमाल काफी लाभकारी हो सकता है। डिजास्टर मैनेजमेंट में एमबीए कोर्स लागू होने पर एक तरफ जहां युवा प्रकृति के प्रति जागरूक होंगे, वहीं दूसरी तरफ उन्हें रोजगार भी मिलेगा।

## यूपी के नए डीजीपी बोले, कानून व्यवस्था नहीं बिगड़ने देंगे, साइबर क्राइम पर लगाम लगाएंगे



संवाददाता

**लखनऊ।** यूपी डीजीपी ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था नहीं बिगड़ने दी जाएगी। अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगी। यूपी के नए कार्यवाहक डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था में बहुत सुधार हुआ है। मुझे जो भी जिम्मेदारियां दी गई हैं उन सभी दायित्वों को पूरा करूंगा। प्रदेश की कानून व्यवस्था नहीं बिगड़ने दी जाएगी। सरकार की अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगी। यूपी डीजीपी कार्यभार संभालने के बाद बृहस्पतिवार को पहली बार मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सुचारू रुप से संपन्न हुआ है। अब 2025 के महाकुंभ की तैयारी की जा रही है। पुलिस विभाग में पारदर्शी तरीके से भर्तियां की जा रही हैं। ये पहली बार है जब भर्तियों को लेकर आरोप-प्रत्यारोप नहीं लगे हैं। यूपी डीजीपी ने कहा कि प्रदेश में साइबर क्राइम पर रोक लगाने के लिए पुलिसकर्मियों को ट्रेनिंग दी जा रही है। प्रदेश में पहले 57 और अब 18 साइबर थानों का सृजन किया गया है। प्रदेश में महिला सुरक्षा को लेकर भी बहुत कार्य किया गया है।

# सम्पादकीय

## भाजपा से लड़ने के लिए एकत्रित हुए विपक्षी दल आपस में ही लड़ते नजर आ रहे हैं

देश में चल रहे राजनीतिक घटनाक्रम के बाद यह लगने लगा है कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार पुनः आसीन होने की ओर अग्रसर है। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि केंद्र की सरकार ने जो काम किए हैं उनके प्रति भारत की जनता का जुड़ाव दिखाई देता है। आजकल वर्तमान केंद्र सरकार को सत्ताच्युत करने के सपने देखने की राजनीति गरम है। केंद्र में विपक्ष की राजनीति करने वाली कांग्रेस सहित तमाम क्षेत्रीय दल एक साथ चलने का राग अलाप रहे हैं, लेकिन वर्तमान राजनीतिक शैली को देखते हुए सहज ही यह सवाल देश के वातावरण में अठखेलियाँ कर रहा है कि क्या आज की स्थिति और परिस्थिति को देखते हुए विपक्ष की भूमिका निभाने वाले राजनीतिक दल एक होकर चुनाव लड़ पाएंगे। यह सवाल इसलिए भी उठ रहा है, क्योंकि सारे दल इस जोर आजमाइश में लगे हैं कि किसको कितनी सीट दी जाएं। इस बारे में कांग्रेस के समक्ष बड़ी विकट स्थिति निर्मित होती जा रही है। क्योंकि जहां एक ओर कांग्रेस के नेता राहुल गांधी कांग्रेस के अस्तित्व को बचाने के लिए एक और राजनीतिक यात्रा पर निकल चुके हैं, वहीं दूसरी ओर क्षेत्रीय दल कांग्रेस को कोई भाव नहीं दे रहे। इसके पीछे का कारण स्वयं कांग्रेस की राजनीति ही है। क्योंकि उसके नेताओं को न तो अपनी वास्तविक स्थिति का ज्ञान है और न ही उसके नेता वैसा आचरण ही कर रहे हैं। इसी कारण आज क्षेत्रीय दल कांग्रेस से ज्यादा प्रभावशाली हैं। वास्तविकता यह है कि कांग्रेस को क्षेत्रीय दलों के सहारे की तलाश है और कांग्रेस इस सत्य को अभी समझने में पूरी तरह असमर्थ दिखाई दे रही है।

देश में चल रहे राजनीतिक घटनाक्रम के बाद यह लगने लगा है कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार पुनः आसीन होने की ओर अग्रसर है। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि केंद्र की सरकार ने जो काम किए हैं उनके प्रति भारत की जनता का जुड़ाव दिखाई देता है। इसी कारण भाजपा को सत्ता में आने से रोकने के लिए जहां देश में विपक्ष के राजनीतिक दल एकता के लिए प्रयास करते दिखाई दे रहे थे, अब उन प्रयासों में बहुत बड़ा पेंच सामने आ गया है। यह पेंच इसलिए भी स्थापित हुआ है क्योंकि कांग्रेस को सारे क्षेत्रीय दल आंखें दिखाने की अवस्था में दिखाई देने लगे हैं। इसके पीछे क्षेत्रीय राजनीतिक दलों का अस्तित्व बचाने का तर्क दिया जा सकता है, लेकिन सत्य यह भी है कांग्रेस वर्तमान में बहुत कमजोर हो गई है। इसलिए कांग्रेस को मन मुताबिक सीट देने को कोई भी दल तैयार नहीं है। पश्चिम बंगाल में एक तरफ ममता बनर्जी कांग्रेस को उसकी स्थिति के अनुसार सीट देने को तैयार नहीं हैं। वहीं उत्तर प्रदेश में भी समाजवादी पार्टी कांग्रेस को ज्यादा सीट देने के मूड में नहीं है। इंडी गठबंधन के लिए रही सही कसर पर नीतीश कुमार ने बिहार में कांग्रेस की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। इस राजनीतिक घटनाक्रम के बाद स्वाभाविक रूप से विपक्षी एकता के गठबंधन को बहुत बड़ा आघात लगा है। उल्लेखनीय है कि नीतीश कुमार विपक्षी गठबंधन की एकता के एक बड़े नेता के रूप में स्थापित हुए थे, मगर कांग्रेस द्वारा महत्व नहीं दिए जाने के कारण नीतीश कुमार ने अपनी अलग राजनीतिक राह निर्मित कर ली।

वर्तमान में राजनीति रूप से अस्तित्व बचाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे विपक्षी दलों के समक्ष एक बार फिर से अपनी एकता को बनाए रखने के लिए चुनौतियों का पहाड़ स्थापित होता दिखाई दे रहा है। जहां तक विपक्षी एकता की बात है तो आज के हालात को देखते हुए निश्चित ही यह कहा जा सकता है कि जितने मुंह उतनी बातें हो रही हैं। विपक्ष के सारे दल किसी न किसी रूप में अपनी महत्वाकांक्षा को प्रदर्शित कर रहे हैं। तू डाल डाल, मैं पात पात वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए कांग्रेस सहित क्षेत्रीय दल अपनी पहचान बनाए रखने के लिए एक दूसरे को आंखें दिखा रहे हैं। इससे एक बात पूरी तरह से स्पष्ट हो जाती है कि कांग्रेस के नेतृत्व को कोई भी दल सर्वसम्मति से स्वीकार करने की स्थिति में नहीं है। लेकिन कांग्रेस का रवैया ऐसा दिखाई दे रहा है, जैसे उनका ही दल सब कुछ है। पश्चिम बंगाल और पंजाब की राजनीतिक स्वरों के निहितार्थ तलाशे जाएं तो यह कहने में कोई अतिरेक नहीं होगा कि कांग्रेस इन राज्यों में अपेक्षाकृत प्रदर्शन नहीं कर पाएगी। ऐसा इसलिए भी संभव है, क्योंकि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी का आधार और प्रभाव है और वह किसी भी प्रकार से अपने प्रभाव को कमजोर करने का काम नहीं करेंगी, क्योंकि ममता के पास पश्चिम बंगाल के अलावा कहीं भी राजनीतिक जमीन नहीं है। ऐसा ही पंजाब में आम आदमी पार्टी के बारे में कहा जा सकता है। इन दोनों दलों का व्यापक प्रभाव इन्हीं राज्यों में है, जिसे वह खोना नहीं चाहते। आज भले ही कांग्रेस की ओर से विपक्षी एकता के प्रयास किए जा रहे हों, लेकिन इन प्रयासों की सफलता तभी संभव है, जब कांग्रेस द्वारा अन्य राजनीतिक दलों की महत्वाकांक्षाओं को स्वीकार किया जाए, लेकिन कांग्रेस के वर्तमान रवैए को देखते हुए ऐसा संभव नहीं लगता। एक समय गठबंधन के मुख्य सूत्रधार कहे जाने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भाजपा की तरफ कदम बढ़ाने की कवायद को विपक्षी एकता के लिए जबरदस्त आघात के रूप में ही देखा जा रहा है। ऐसा करने के पीछे अनुमान यही है कि भारतीय जनता पार्टी ने अपनी स्वीकारोक्ति में वृद्धि की है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भले ही न्यायालय के आदेश पर हुआ हो, लेकिन इसके लिए भाजपा के योगदान को आज पूरा देश जानता है। आज बिहार की राजनीति का अध्ययन किया जाए तो यह कहना ठीक ही होगा कि वहां भले ही राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल युनाइटेड के बीच बेमेल गठबंधन बनाकर सरकार का संचालन किया जा रहा था, लेकिन इन दोनों दलों के बीच विचारों की एकता नहीं थी। दोनों ही दल अपनी अपनी दाल पकाने में व्यस्त रहे। कहा तो यह भी जा रहा है कि लालू प्रसाद यादव अपने पुत्र को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर विराजमान करने की राजनीति करने लगे थे। इसी प्रकार की स्थिति उत्तर प्रदेश की है, जहां कांग्रेस की राजनीतिक जमीन शून्यता की ओर कदम बढ़ा रही है। ऐसे में समाजवादी पार्टी कांग्रेस को उतना महत्व नहीं देगी, जितना वह चाहती है। इस प्रकार की परिस्थिति के बीच कांग्रेस अपने राजनीतिक भविष्य की तस्वीर में किस प्रकार से रंग भरेगी, यह फिलहाल टेढ़ी खीर ही कही जाएगी। कुल मिलाकर यही कहा जाएगा कि विपक्ष की एकता जो प्रयास किए जा रहे हैं, उसके समक्ष एक एक करके बड़े अवरोध भी स्थापित हो रहे हैं। इस अवरोधों का सामना करने की हिम्मत एकता से ही संभव हो सकती थी, जो फिलहाल असंभव-सा ही लग रहा है। ऐसा लगने लगा है विपक्षी एकता के प्रयास तार-तार हो रहे हैं। इसके पीछे कांग्रेस की एक बड़ी खामी यह भी है कि वह भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में न जाने की आत्मघाती भूल कर चुकी है। भगवान राम से भारत की जनता का सीधा संबंध है, जिसे कोई भी राजनीतिक दल नकारने का साहस नहीं कर सकता। विपक्षी राजनीतिक दलों को भविष्य की राजनीति की ओर कदम बढ़ाना है तो उसे भारत की आस्था को सम्मान देना ही होगा, नहीं तो जो स्थिति पहले हुई, वैसी ही स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए।

# चुनावों से पहले ही कांग्रेस की हताशा झलकने

शाही के आरोप जड़ते हैं। लेकिन उनके पास एक भी ऐसा उदाहरण नहीं जिससे वो साबित कर सकें कि मोदी सरकार ने कौन-सा ऐसा काम किया है, जो तानाशाही की श्रेणी में आता है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बीती 29 जनवरी को भुवनेश्वर में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, '2024 लोकसभा चुनाव लोकतंत्र को बचाने का आखिरी मौका होगा। अगर इस चुनाव में भाजपा जीती तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस देश में दोबारा चुनाव नहीं होने देंगे। वे एक तानाशाह की तरह इस पर रोक लगाएंगे।' कांग्रेस अध्यक्ष के बयान से देश की सबसे पुरानी और सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली पार्टी की हताशा, निराशा और पराजय स्पष्ट झलकती है।

कांग्रेस अध्यक्ष जब यह कहते हैं कि मोदी दोबारा सत्ता में आए तो कोई चुनाव नहीं होगा। आपके पास मतदान का आखिरी मौका है। ऐसा बयान देते समय शायद खड़गे अपनी ही पार्टी का चरित्र, आचरण, कृत्य और इतिहास भूल जाते हैं। भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में लगभग छह दशक कांग्रेस ने देश की सत्ता को संभाला। इस कालावधि में उसने लोकतंत्र को कमजोर और कलंकित करने के एक नहीं कई काम किये। कांग्रेस सरकार की तानाशाही रवैये और व्यवहार के किस्सों की भी कोई कमी नहीं है। कांग्रेस ने 25 जून, 1975 को देश को इमरजेंसी के दलदल में धकेल दिया। इस दौरान कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोंटने का काम किया। रातों रात लोगों के मौलिक अधिकार छीन लिए गए। कांग्रेस ने न सिर्फ विपक्षी दलों के नेताओं बल्कि सच के साथ खड़े पत्रकारों का भी दमन किया। विरोध की आवाज को दबाने के लिए पूरे विपक्ष को जेल में डाल दिया गया। बड़े मीडिया संस्थानों तक के संपादकों को गिरफ्तार किया जा रहा था, उन पर पाबंदियां लगाई जा रही थीं। अलोकतांत्रिक रूप से बाबा साहब के संविधान में संशोधन किया गया। कांग्रेस ने संवैधानिक संस्थाओं को भी कमजोर किया। खड़गे को याद करना चाहिए कि, मीसा कानून कौन लेकर आया था? मीसा में आपातकाल के दौरान कई संशोधन किए गए और इंदिरा गांधी की निरंकुश सरकार ने इसके जरिए अपने राजनीतिक विरोधियों को कुचलने का काम किया। इंदिरा सरकार की अमानवीयता का आलम यह था कि दिल्ली और पश्चिमी यूपी के इलाकों में नसबंदी से इंकार करने वाले लोगों पर अत्याचार किया गया। पुलिस की गोलीबारी में कई लोग मारे गए। महात्मा गांधी के सिद्धांतों पर चलने की बातें करने वाली कांग्रेस को उनके विचारों से भी डर लगने लगा था। उस समय इंदिरा गांधी ने किशोर कुमार के गानों को बैन कर दिया था। आपातकाल थोपने वाली कांग्रेस के काले कारनामों के बारे में जानकर हर कोई सन्न रह जाता है। केंद्र में विपक्ष में बैठी कांग्रेस लोकतंत्र की दुहाई देती है। लेकिन उसके शासित राज्यों में जिस तरह विपक्ष और मीडिया का दमन किया जाता है, उससे कहा जाता है कि समय बदल गया है, लेकिन कांग्रेस की आपातकालीन मानसिकता नहीं बदली है, वो आज भी जारी है। लोकतंत्र की दुहाई देने वाले कांग्रेस के नेता शायद भूल गए कि राजीव गांधी के जमाने में एक अखबार ने कुछ खिलाफ लिखा, तो उनके विरूद्ध ही मामला दर्ज कर दिया गया और संस्थान की बिजली तक काट दी गई थी। टेलीग्राफ एक्ट कौन लेकर आया था...? राजीव गांधी के जमाने में ही टेलीग्राफ एक्ट आया था, जिसके तहत सरकार आम लोगों के पत्र पढ़ सकती थी और कार्रवाई कर सकती थी। पीवी नरसिंहाराव ने पैसे देकर सरकार बनाई, कोर्ट में साबित हो गया था। लोकसभा का कार्यकाल इंदिरा गांधी ने बढ़ाया था। जब कांग्रेस नेता 'इंडिया इज इंदिरा, इंदिरा इस इंडिया' का नारा लगाते थे तो क्या उन्हें इस नारे में तानाशाही की बू नहीं आती थी? अनुच्छेद 356 का कांग्रेस ने किस तरीके से उपयोग किया है, ये काफी दिलचस्प है। कांग्रेस ने अपने शासन काल के दौरान अनुच्छेद 356 का प्रयोग करते हुए 91 बार गैर कांग्रेसी सरकारों को हटाने का काम किया। पिछले दस सालों में मोदी सरकार ने एक बार भी अनुच्छेद 356 का प्रयोग नहीं किया। अटल जी के नेतृत्व में राजग सरकार के 6 साल के कार्यकाल में राष्ट्रपति शासन 4 बार लगने की नौबत आई थी।

बीते पांच छह सालों में कांग्रेस शासित राज्यों में तानाशाही की वारदातें और करतूतें देशवासियों को याद हैं। राहुल गांधी की आलोचना करने पर कॉलेज के प्रोफेसर को बर्खास्त किया गया। राजीव गांधी के बारे में लिखने पर युवा बीजेपी नेता तेजिंदर सिंह बग्गा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। राहुल गांधी ने न्यायपालिका और चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया। सोनिया गांधी का बचपन का नाम लेने पर पत्रकार अर्णब गोस्वामी को गिरफ्तार कर उत्पीड़न किया गया। राहुल गांधी ने वीर सावरकर जैसे स्वतंत्रता सेनानी का अपमान किया। सोनिया और राहुल गांधी पर विज्ञापन देने वाली कांपनी के दफ्तर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तोड़फोड़ की। लोकतंत्र की दुहाई देने वाली कांग्रेस अपने इन कर्मों को किस श्रेणी में रखेगी? इंडिया गठबंधन जिसमें कांग्रेस प्रमुख घटक दल है, ने 2023 में एक अभूतपूर्व क़दम उठाते हुए उन 14 टीवी एंकरों की एक सूची जारी की है, जिनके प्रोग्राम में उनका प्रतिनिधि नहीं जाएगा। ये जगजाहिर है कि टीवी एंकरों का बहिष्कार करने के पीछे पूरी रणनीति कांग्रेस की थी। गैर भाजपा शासित राज्यों में विपक्ष के राजनीतिक दलों के नेताओं-कार्यकर्ताओं, पत्रकारों और आम जनता के साथ सरकारी तंत्र जिस तानाशाही रवैये से पेश आ रहा है, वो किसी से छिपा नहीं है।

कांग्रेस के अलावा कई अन्य दल भी मोदी सरकार पर तानाशाही के आरोप जड़ते हैं। लेकिन उनके पास एक भी ऐसा उदाहरण नहीं जिससे वो साबित कर सकें कि मोदी सरकार ने कौन-सा ऐसा काम किया है, जो तानाशाही की श्रेणी में आता है। या जिससे लोकतंत्र का गला घुटा हो। मोदी सरकार के हर निर्णय पर विपक्ष को ऐसा लगता है कि लोकतंत्र की हत्या हो गई है, लोकतंत्र का गला घोटा जा रहा है, या फिर लोकतंत्र खतरे में है। वास्तव में उन्हें विरोध के लिए विरोध करना है। उनके हाथ में न कोई मुद्दा है और न ही जनसमर्थन और जनविश्वास उनके साथ है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि सामान्य आंतरिक आलोचना विरोध भले ही हो, अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, जापान जैसे सम्पन्न शक्तिशाली देश भारत के लोकतंत्र और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना कर अंतर्राष्ट्रीय शांति तथा विकास में महत्वपूर्ण भूमिका मान रहे हैं। चीन तक ने भारत की आर्थिक शक्ति को स्वीकारा है। इसका एक बड़ा कारण भारत में सरकार का स्थायित्व और बढ़ती जागरूकता, सामाजिक, आर्थिक, सामरिक ताकत है। राजनीतिक विरोध का स्तर इतना गिर चुका है कि संविधान की शपथ लिए हुए कुछ नेता सड़क पर धरना-आंदोलन और संसद द्वारा पारित कानून के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र के जरिये जनमत संग्रह तक की शर्मनाक मांग करने लगे हैं? दुनिया के किस देश में राज्यों में बैठे सत्ताधारी क्या इस हद तक अपनी ही राष्ट्रीय सरकार और नीतियों का विरोध करते हैं? कभी अपनी सेना को पेंशन के लिए भड़काते हैं, तो कभी सीमा पर उनकी क्षमता पर संदेह कर चीनी सेना के भारतीय सीमा में घुसे होने के आरोप लगाते हैं।

भारत में लोकतंत्र की जड़ें बहुत गहरी हैं। आम भारतीय की लोकतंत्र के प्रति गहरी आस्था और विश्वास है। ऐसे में किसी नेता या राजनीतिक दल का यह सोचना कि लोकतंत्र की हत्या हो रही है, विशुद्ध तौर पर राजनीतिक बयान लगता है। अगर भ्रष्ट नेताओं पर कार्रवाई करना तानाशाही है; अगर, देश को संविधान के मुताबिक चलाना तानाशाही है; अगर संवैधानिक संस्थाओं और संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों की मान मर्यादा कायम रखना तानाशाही है; अगर देश को सुधार के रास्ते पर लेकर जाना तानाशाही है; अगर भ्रष्टाचार पर नकेल कसना तानाशाही है; अगर देश की उन्नति के बारे में सोचना तानाशाही है; अगर देश के प्रति वफादारी निभाना और राष्ट्र प्रेम का प्रदर्शन तानाशाही है; अगर गरीबों, वंचितों और शोषितों का कल्याण तानाशाही है; अगर तुष्टिकरण की बजाय सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास तानाशाही है तो मुझे ही नहीं हर सच्चे देशवासी को ये तानाशाही स्वीकार है। कांग्रेस और विपक्ष के नेताओं को यह समझना चाहिए कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए उन्माद नहीं सही मुद्दों और समाज को जागरूक एवं शिक्षित करने की जरुरत होती है। वर्तमान में विपक्ष के नेता गलत जानकारी और भय का वातावरण बनाकर जनता को भ्रमित करते दिखाई देते हैं।

**- डॉ. आशीष वशिष्ठ**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)**

# निर्वाचन में स्वतंत्रता और निष्पक्षता के साथ खजाने का बोझ कम करने की मंशा

प्रत्यक्ष लोकतंत्र के लिए हमने फर्स्ट-पास्ट-द-पोस्ट प्रणाली अपनाई है, जिसका अर्थ यह है कि सबसे अधिक वैध मत प्राप्त करने वाला प्रत्याशी विजयी होता है। यह प्रणाली ग्राम पंचायत, राज्यों की विधानसभाओं और लोकसभा के निर्वाचन में प्रयोग में लाई जाती है।

निर्वाचन अर्थात जन प्रतिनिधियों का चुनाव प्रतिनिधि लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। यह सर्वविदित है कि भारत प्रतिनिधि लोकतंत्र का सर्वोत्तम उदाहरण है, क्योंकि यह न केवल विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, बल्कि यह सबसे सफल लोकतंत्रों में से भी एक है। भारत में निर्वाचन की एक और बड़ी विशेषता यह भी है कि यहां एक आदर्श संसदीय प्रणाली की भांति प्रत्यक्ष और परोक्ष, दोनों ही प्रकार के निर्वाचन का मिश्रित प्रावधान है। प्रत्यक्ष लोकतंत्र के लिए हमने फर्स्ट-पास्ट-द-पोस्ट प्रणाली अपनाई है, जिसका अर्थ यह है कि सबसे अधिक वैध मत प्राप्त करने वाला प्रत्याशी विजयी होता है। यह प्रणाली ग्राम पंचायत, राज्यों की विधानसभाओं और लोकसभा के निर्वाचन में प्रयोग में लाई जाती है। दूसरी ओर, अप्रत्यक्ष निर्वाचन के लिए आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत एकल संक्रमणीय पद्धति का प्रयोग जिला परिषद, विधान परिषद, राज्यसभा, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के निर्वाचन में किया जाता है। यहां यह उल्लेख भी समीचीन होगा कि




संरचना की दृष्टि से भारत एक संसदीय परिसंघ है। अतः राज्यों में निर्वाचन भी संसदीय निर्वाचन के समान महत्वपूर्ण है। ऐसी स्थिति में अगर लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के निर्वाचन को एक साथ (एक तिथि पर या एक निश्चित समय सीमा के भीतर) कराया जाए, तो कदाचित इससे न केवल निर्वाचन की स्वतंत्रता और निष्पक्षता सुनिश्चित हो सकती है, बल्कि राज्य के खजाने पर पड़ने वाले अत्यधिक दबाव को भी कम किया जा सकता है। %एक राष्ट्र एक चुनाव% की अवधारणा के पीछे यही मंशा है। इस रूप में इसकी संरचनात्मक प्रासंगिकता पर प्रश्न चिह्न नहीं लगाया जा सकता। सितंबर, 2023 में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति गठित कर उसे इसकी व्यवहार्यता बताने की जवाबदेही दी गई थी। समिति द्वारा 'मैक्रोइकनॉमिक इंपैक्ट ऑफ हार्मोनाइजिंग इलेक्टोरल साइकल, एविडेंसेज फ्रॉम इंडिया% नामक शोध पत्र के आधार पर यह संकेत दिया गया है कि एक साथ चुनाव से उच्च आर्थिक विकास को गति मिलेगी, और पूंजी व राजस्व पर व्यय में सरकारी निवेश अधिक होगा। निर्वाचन आयोग और अन्य अंशधारकों के साथ की गई वार्ताओं से प्रेरित होकर समिति ने जनता से इस विषय पर राय मांगी थी। हाल ही में एक उत्साहवर्धक आंकड़ा सामने आया है। लगभग 81 प्रतिशत सुझाव एक राष्ट्र एक चुनाव के पक्ष में है। निश्चित रूप से सरकार के लिए यह एक बड़ा प्रेरणा स्रोत होगा। लेकिन अब भी मंजिल पाना बहुत सरल नहीं है। एक ओर इसका विरोध करने वालों द्वारा उठाए गए मुद्दों को संबोधित करना आवश्यक है, वहीं दूसरी ओर इसके सांविधानिक पक्षों पर गौर करना भी अनिवार्य है। ध्यातव्य हो कि 1967 तक देश में एक साथ चुनाव कराए जाते रहे थे, लेकिन 1968 और 1969 में कुछ राज्यों की विधानसभाओं के भंग हो जाने के कारण यह परंपरा टूट गई। इस पूरी प्रक्रिया में यही मुद्दा सबसे गंभीर है। इसके अतिरिक्त, इतने बड़े पैमाने पर एक साथ चुनाव कराने के लिए ईवीएम, लॉजिस्टिक समर्थन और अन्य अवसंरचनात्मक सुविधाओं की उपलब्धता भी एक बड़ी चुनौती होगी। गौरतलब है कि इस प्रस्ताव को सांविधानिक आधार देना सबसे महत्वपूर्ण होगा, जो भारत में संविधान की सर्वोच्चता और विधि के शासन के प्रचलन के अनुरूप होगा। इसके लिए कई सांविधानिक प्रावधानों में संशोधन की आवश्यकता होगी। सबसे पहले, अनुच्छेद 83 और 85, जो क्रमशः संसद के सदनों की अवधि और राष्ट्रपति द्वारा लोकसभा को भंग करने से संबंधित है, में संशोधन की आवश्यकता है। इसी प्रकार, अनुच्छेद 172, जो राज्य विधानमंडलों की अवधि से संबंधित है और अनुच्छेद 174 राज्य विधानमंडलों के विघटन से संबंधित है, में भी संशोधन आवश्यक है। एक और प्रावधान, जिसमें संशोधन की आवश्यकता होगी वह अनुच्छेद 356 है, जो राज्यों में राष्ट्रपति शासन लगाने से संबंधित है। ध्यातव्य हो कि एक संसदीय समिति ने भारत के निर्वाचन आयोग सहित विभिन्न हितधारकों के परामर्श से एक साथ चुनाव के मुद्दे की जांच की थी। इन प्रावधानों में सबसे महत्वपूर्ण अनुच्छेद 83 है, जिसमें भारत के परिसंघीय ढांचे के स्थायित्व के लिए राज्यसभा को तो स्थायी सदन बनाया गया है, लेकिन संसदीय तंत्र और प्रतिनिधि लोकतंत्र की व्यावहारिकता के लिए लोकसभा का पांच वर्षीय कार्यकाल उल्लिखित है। सबसे बड़ी चुनौती यह है कि यदि इसके विघटन पर रोक लगाने का प्रावधान किया जाएगा, तो यह संविधान के विरुद्ध होगा। ऐसी स्थिति में यदि कार्यकाल के पूर्व विघटन की घटना होती है, तो चुनावी चक्र बाधित हो जाएगा। यही स्थिति राज्यों के स्तर पर भी है। उच्च स्तरीय समिति के सामने इसी समस्या का समाधान सबसे महत्वपूर्ण है। अब यदि विरोधी पक्ष के तर्कों पर बात की जाए, तो यह कहा गया है कि ऐसा कोई भी कदम संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन होगा। साथ ही, इस प्रक्रिया से भारत में क्षेत्रीय हितों की अनदेखी होने की आशंका है, जो परिसंघीय अभिलक्षणों का विरोध करेगी। संविधान के मूल ढांचे के उल्लंघन का तर्क प्रासंगिक प्रतीत नहीं होता, क्योंकि चुनाव एक साथ हों या अलग-अलग, किसी भी स्थिति में वह प्रतिनिधि लोकतंत्र के ही अनुरूप है। सबसे बड़ी बात यह है कि पहले भी जब तक ऐसे चुनाव होते थे, तो आने वाले समय में भी कुछ संशोधनों के माध्यम से ऐसा किया जा सकता है। दूसरी ओर, जहां तक परिसंघीय ढांचे और क्षेत्रीय हितों का प्रश्न है, इनके भी प्रभावित होने की आशंका नहीं है, क्योंकि यह प्रक्रिया केवल चुनावों के संचालन के लिए है, न कि राजनीतिक दलों के विरुद्ध। क्षेत्रीय राजनीति संबंधित क्षेत्र के हितों के संरक्षण के लिए कटिबद्ध भी है और सक्षम भी। देखना केवल यह है कि जो सांविधानिक और कानूनी (लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951) संशोधन आवश्यक हैं, उनमें तार्किकता का प्रयोग हो। अंत में, यह उल्लेख अत्यंत उपयुक्त है कि भारत का निर्वाचन आयोग इस बात के लिए तैयार है कि वह इस प्रक्रिया के अनुरूप कार्य करेगा, जो ऐसे प्रस्ताव की व्यावहारिकता बनाए रखे हुए है।

# रामराज्य के मायने ही हैं सबका साथ और सबका विकास

रामराज्य के मूल में ही सबका साथ और सबका विकास की नीति है, जिसे मोदी सरकार ने हर्फ-ब-हर्फ अपनाया भी है।

खुशहाल मुल्क को लेकर आपके जेहन में सबसे पहले क्या आता है? शायद यही कि जिस मुल्क में सब खुश हों, जहां हर जगह सुकून हो, सबका कारोबार सही हो, आपसी सद्भाव हो और सबके लिए आगे बढ़ने का बराबर मौका हो। हिंदुस्तान में जब भी शासन व्यवस्था की बात आती है, तो 'रामराज्य% की बात आती है। हर शासन व्यवस्था को रामराज्य की कसौटी पर ही कसा जाता है। मर्यादा पुरुषोत्तम राम सबके हैं। वे शबरी के भी थे, केवट के भी, निषाद के भी, कोल-भील के भी, जंगल में रहने वाले आदिवासियों के भी, वानरों के भी। क्योंकि राम सत्य हैं, राम समदर्शी हैं, राम न्याय हैं, राम सद्भाव हैं, राम एकता हैं, राम सबके लिए हैं, इसलिए राम हमारे भी हैं।




राम को किसी एक मजहब के दायरे में समेट कर देखना छोटी सोच है, क्योंकि राम हमें अपने कर्तव्य का बोध कराते हैं। राम इस मुल्क के रोम-रोम में बसे हुए हैं। पूरे हिंदोस्तान को एक साथ लेते हुए और हर मजहब जात के बाशिंदों को आमंत्रित करते हुए वजीर-ए-आजम मोदी ने राम की प्राण प्रतिष्ठा कर इस मुल्क में मजहबी सद्भाव और पैगाम-ए-मोहब्बत की नई मिसाल की है। पूरा हिंदुस्तान इस ऐतिहासिक लम्हे का गवाह बना है। इस मंदिर का इख्तियार किया जाना कितना जरूरी था, यह प्रधानमंत्री मोदी की तपस्या बखूबी बयां कर रही है। महंतों से सलाह कर मुकर्रर किया गया था कि मुख्य यजमान बने नरेंद्र मोदी को तीन दिन का व्रत करना है, परंतु उन्होंने 11 दिन का व्रत रखा। ऐसे तपस्वी का हमारे देश का वजीर-ए-आजम होना पूरे हिंदुस्तान की खुशकिस्मती है। तारीख गवाह रहेगी कि प्रधानमंत्री मोदी के तख्तकाल में आजाद हिंदुस्तान का सबसे बड़ा मजहबी मुद्दा अमन और सद्भाव के साथ सुलझा और सबने इसका जश्न मनाया।

प्रधानमंत्री मोदी ने सरकार बनने के बाद से ही हमेशा रामराज्य के उसूलों के साथ काम किया है। रामराज्य का मतलब ही है सफ में खड़े आखिरी इंसान तक तख्त की नीतियों का फायदा पहुंचना और प्रधानमंत्री मोदी ने इसे कदम-कदम पर साबित किया है। इसी का नतीजा है कि हिंदुस्तान में पिछले नौ वर्षों में 24.82 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं। मोदी जब देश के वजीर-ए-आजम बने, तो मुस्लिम समाज में तमाम आशंकाएं थीं, लेकिन नरेंद्र मोदी ने डेवलपमेंट पर अपना फोकस रखा। घर बना, तो सबके लिए बना; शौचालय बने, तो सबके लिए बने; गैस कनेक्शन पहुंचा, तो सबके घर पहुंचा; बिजली पहुंची तो हर घर पहुंची; जन-धन खाते खुले, तो सबके खुले; किसान सम्मान निधि मिली, तो सब किसानों को मिली। इसमें कहीं भी मजहब के नाम पर किसी समुदाय को अनदेखा नहीं किया गया। विकास में कहीं भी हिंदू-मुसलमान नहीं किया गया। यही तो होता है रामराज्य। मोदी सरकार की दूसरी मियाद में पांच करोड़ अल्पसंख्यक छात्रों को स्कॉलरशिप दी गई। मदरसों को मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ा गया। हजारों अल्पसंख्यक ड्रॉप-आउट बच्चों को ब्रिज कोर्स कराकर सर्टिफिकेट दिया गया, ताकि उन्हें नौकरी में आसानी हो। 100 से अधिक हुनर हाट आयोजित किए गए। अब तक लगभग 10 लाख से ज्यादा अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं को रोजगारपरक कौशल विकास योजनाओं के तहत ट्रेनिंग दी गई। मोदी सरकार ने हज यात्रा पर लगने वाले जीएसटी को 18 फीसदी से घटाकर पांच फीसदी कर दिया। भारत दुनिया का ऐसा पहला देश है, जहां हज की सभी प्रक्रियाएं डिजिटल हो चुकी हैं। देश के 22 हवाई अड्डों से अब हज यात्रा हो रही है। वक्फ संपत्तियों का सौ प्रतिशत डिजिटाइजेशन हुआ। जो लोग आरोप लगाते हैं कि मोदी केवल हिंदू और हिंदू धर्म को ही आगे बढ़ाते हैं, उन्हें देखना चाहिए कि उन्होंने कई मस्जिदों का भी दौरा किया है। उन्होंने अजमेर के ख्वाजा गरीब नवाज को चादर भी पेश की। उन्होंने तीन तलाक जैसी कुरीति को हटाकर मुस्लिम बहनों को सम्मान से जीने का मौका दिया। रामराज्य के मूल में ही %सबका साथ और सबका विकास% की नीति है, जिसे मोदी सरकार ने हर्फ-ब-हर्फ अपनाया भी है। पिछले लगभग 10 वर्षों में मोदी सरकार ने रामराज की परिकल्पना को गांधी के दर्शन के अनुसार जमीन पर मुमकिन करके दिखाया है।

**(–लेखक ऑल इंडिया सूफी सज्जादानशीन कौंसिल के चेयरमैन हैं।)**

# सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व को मिलेगा राष्ट्रीय पर्यावरण मित्र सम्मान

❖ प्रयागराज माघ मेले में सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व होंगे सम्मानित

**द अचीवर टाइम्स/प्रभात तिवारी**




**उन्नाव ।** आद्य शंकराचार्य धर्म संसद माघ मेला परिसर प्रयागराज में आगामी 3 एवं 4 फरवरी को आयोजित होने वाले दो दिवसीय राष्ट्रीय प्राकृतिक धर्म मंथन शिविर ÷ में प्रकृति संरक्षण के लिए कार्य करने वाले देश प्रदेश के जाने माने पर्यावरण योद्धाओं को मिलने वाले ÷ राष्ट्रीय पर्यावरण मित्र सम्मान के लिए जनपद उन्नाव से पुलिस सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व को उनके उत्कृष्ट पर्यावरण कार्यों हेतु चयन किया गया है । संगम तट पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रकृति संरक्षण पर चर्चा होगी और पर्यावरण मित्रों द्वारा अपने कार्यों को साझा किया जायेगा। इस अवसर पर पर्यावरण कारवीरों को सम्मानित किया जायेगा। पर्यावरणसंरक्षण के लिये उल्लेखनीय योगदान दे रहे पुलिस सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व ने ÷ राष्ट्रीय पर्यावरण मित्र सम्मान ÷ के लिए चयनित होकर उन्नाव जिले का नाम रोशन किया है । उत्तर प्रदेश पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर सेवारत एवम उन्नाव पुलिस कंट्रोल रूम में तैनात अनूप मिश्रा अपूर्व गरीब बच्चों में शिक्षा की अलख जगाने वाले वर्दीधारी मास्टर जी और पर्यावरण संरक्षण कार्यों हेतु ÷ ट्री मैन ÷ के नाम से अत्यंत लोकप्रिय हैं , वे लगभग 25 वर्षों से सामाजिक कार्यों में जुटे हैं । पुलिस ड्यूटी के दायित्व को बाखूबी निभाने के साथ साथ सराहनीय सामाजिक सेवा कार्यों के जरिये समाज में खाकी का मान सम्मान बढ़ाने वाले सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व को वर्ष 2019 में स्वतंत्रता दिवस पर तत्कालीन पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश पुलिस ओ. पी. सिंह द्वारा प्रद्दत प्रशंसा चिन्ह सिल्वर मेडल तत्कालीन अपर पुलिस महानिदेशक पी .ए .सी . मुख्यालय विनोद कुमार सिंह द्वारा प्रदान किया गया था । इसके अलावा ट्री मैन, पर्यावरण प्रहरी , ग्रीन वारियर्स, महात्मा गांधी सेवा रत्न , सोशल ब्रेवरी , यू पी रत्न , राष्ट्रीय शौर्य सम्मान , भारत गौरव , नेशनल यूथ आइकॉन अवॉर्ड के साथ ही कई अवॉर्ड से उन्हें नवाजा जा चुका है । अनूप मिश्रा अपूर्व द्वारा जगह जगह पर्यावरण चौपाल लगा कर लोगों को प्रेरित करके एक लाख से अधिक पौधों को लगाकर उन्हें विराट रूप दिया गया है। बरगद बचाओ अभियान के तहत 200 से अधिक बरगद लगाए गए हैं , पर्यावरण से जुड़े सरोकार हेतु कॉलेज और मोहल्ले में ÷ ग्रीन आर्मी और क्लीन आर्मी ÷ का गठन किया जाता है ताकि आसपास के वातावरण और परिवेश को सुंदर स्वच्छ और हरा-भरा बनाया जाए। पिछले 20 वर्षों से रक्षाबंधन के पर्व पर पेड़ पौधों को पर्यावरण राखी बांधकर अनूप लोगों को वृक्ष सुरक्षा जन सुरक्षा का संदेश देते आ रहे हैं , जनपद उन्नाव में तैनाती के बाद जनपद को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व द्वारा ÷ ग्रीन उन्नाव क्लीन उन्नाव ÷ मुहिम चलाई जा रही है। अनूप मिश्रा अपूर्व का मानना है कि पेड़ पौधों की रक्षा में ही हमारी रक्षा है क्योंकि हम सभी अपनी आवश्यकताओं के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पेड़ पौधों पर निर्भर है । पेड़ पौधों में परमात्मा का अंश है इसलिए हम सभी को अधिक से अधिक पौधों को लगाने और उनकी रक्षा के लिए एकजुट होकर आगे आना चाहिए । गरीब बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए भी अनूप मिश्रा द स्ट्रीट क्लासेस चलाते हैं जिनमें बच्चों को निःशुल्क पढ़ने का अवसर प्राप्त होता है और इन बच्चों को कॉपी , किताब , पेन पेंसिल , स्लेट , कलर्स , स्कूल बैग्स आदि शिक्षण सामग्री पुलिस सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपने वेतन के पैसों से उपलब्ध करवाते हैं। ÷ राइट टू एजुकेशन ÷ के तहत प्रशासन के सहयोग से उन्होंने अभी तक 10000 से अधिक बच्चों को स्कूल में दाखिला करवाया है । बेटी पढ़ाओ मुहिम के तहत वे अभावग्रस्त परिवार की 5 बेटियों की शिक्षा का खर्च अपने वेतन से उठाते हैं। ट्रीमैन के नाम से मशहूर अनूप मिश्रा द्वारा एक लाख से अधिक पौधे लगाने और सेल्फी विद झोला अभियान के तहत एक लाख से अधिक लोगों को कपड़े या जूट से बने थैलों को उपयोग में लाने के प्रति जागरूक करने का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है । वे लोगों को विवाह, जन्मदिवस आदि अवसर उपहार में पौधा भेंट करते हैं। प्रयागराज के माघ मेले में पर्यावरणविद डा धर्मेंद्र कुमार ( संयोजक पीपल नीम तुलसी अभियान ) के संयोजन में पर्यावरण संरक्षण क्षेत्र में उल्लेखनीय और उत्कृष्ट कार्य करने वाली देश प्रदेश की जानी मानी हस्तियों के साथ जनपद उन्नाव के पुलिस सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व को भी सम्मानित किया जाएगा । सब इंस्पेक्टर रीना पाण्डेय और समाज सेवक शिवम तिवारी आजाद ने सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व को मिलने वाले सम्मान के लिए बधाई दी और उनके पर्यावरण व सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए प्रशंसा की।

## कुएं में गिर सांड को रहीमाबाद पुलिस ने सकुशल बाहर निकाल



❖ तीन घटे की कड़ी मशक्कत के बाद सांड को सुरक्षित बाहर निकाला- रमेश कुमार सोनकर

**द अचीवर टाइम्स/निखिल मिश्रा**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राजधानी लखनऊ कमिश्नरेट थाना रहीमाबाद क्षेत्र के ग्राम गद्दीन खेड़ा गांव में गुरुवार को एक सांड लगभग तीस फुट गहरे कुएं में गिर गया। इसकी जानकारी होने पर ग्रामीणों ने पुलिस व फायर सर्विस को सूचना दी। जिसके बाद सभी ने सक्रियता दिखाते हुए मौके पर पहुंच सांड को बाहर निकालने का रेस्क्यू आपरेशन चलाया। तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सांड को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। आपको बता दें कि रहीमाबाद पुलिस ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए कुएं से एक सांड को बाहर निकाला है। हुआं यूं कि ग्राम गद्दीन खेड़ा में गांव के बाहर चर रहे एक सांड कुएं के पास पहुंच गया। इसके बाद वह अचानक से कुएं में गिर गया। तेज आवाज सुन आसपास के लोग कुएं पर पहुंचे तो सांड को कुएं में पड़ा देखा। इसके बाद उन्होंने तुरंत ही ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।तत्काल मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष रहीमाबाद अजीत कुमार, उप निरीक्षक रमेश कुमार सोनकर,जाबाज सिपाही अमित कुमार सहित अन्य पुलिस पुलिसकर्मियों ने रस्सियां सहित अन्य संसाधनो से रेस्क्यू आपरेशन शुरु कर दिया। सांड को तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सकुशल कुएं से बाहर निकाल लिया गया।सांड को सकुशल बाहर निकालने पर ग्रामीणों ने पुलिस की सराहना की।

## एक नज़र

### उद्योगपति मोहित गोयल द्वारा प्रतियोगी बच्चो को ग्राम गोयना जाकर दिया पुरस्कार

**द अचीवर टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट चेतन कुमार**



**हापुड़।** हापुड़ में शिक्षा भारती द्वारा ग्राम विकास के उद्देश्य से संचालित संस्कार केंद्रों ग्राम गोयना एवम ग्राम दस्तोई के बच्चो द्वारा 26 जनवरी को ज्ञान लोक पार्क में आयोजित सार्वजनिक मंचीय कार्यक्रम से प्रभावित होकर धीरखेड़ा के पेपरकोन उद्योगपति मोहित गोयल द्वारा कल प्रतियोगी बच्चो को गोयना ग्राम जाकर पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर केंद्र के लिए आवश्यक एक इनवर्टर भी वहां की संचालिका को भेंट किया। इसी के साथ केन्द्र के सभी बच्चों को बिस्कुट के पैकेट भी भेंट किए। इस कार्यक्रम में मुकेश कुमार तोषनीवाल भी उपस्थित रहे । मुकेश कुमार तोषनीवाल ने बच्चों को पंचतन्त्र की कहानी सुनकर शिक्षा के जीवन में महत्व को समझाने का प्रयास किया । मोहित गोयल ने अपने संदेश में बच्चों को आशीर्वचन दिए। अंत में केंद्र इंचार्ज रविंद्री ने आगंतुकों का आभार प्रकट किया।

### एमिटी लॉ स्कूल में तृतीय राष्ट्रीय विधि उत्सव का आयोजन

**द अचीवर टाइम्स दीपक कनौजिया।**




**लखनऊ।** एमिटी लॉ स्कूल में तृतीय राष्ट्रीय विधि उत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार विशिष्ट अतिथि डॉ ऋचा चौधरी, माइक्रोबायोलॉजी इंटीग्रल यूनिवर्सिटी ऑफ़ मेडिकल साइंसेज प्रोफेसर डा अरीना सिद्दीकी एरा मेडिकल कॉलेज प्रोफेसर डा शादमा याक़ूब मौजूद थीं। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन से हुई। इस मौके पर नाटय प्रस्तुतिकरण के साथ ही हिट द बज, लेक्स हाफ अ मिनट और लीगल मैक्सिम क्विज प्रतियोगिता भी हुई। वहीं प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। उत्सव में लखनऊ विश्वविद्यालय, राममनोहर लोहिया नेशनल लॉ विश्वविद्यालय, सी.एन.एल.यू, एन.एल.यू. धर्मशास्त्र, मणिपाल विश्वविद्यालय, रामस्वरूप, बीबीडी के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। वहीं इस उत्सव ने छात्र-छात्राओं के लिए एक अद्वितीय शिक्षाप्रद अनुभव प्रदान किया, जिससे वे न्यायशास्त्र और कानूनी मुद्दों के प्रति अपनी जागरूकता में सुधार कर सकते हैं। कार्यक्रम में उप प्रो वीसी डा अनिल तिवारी, डायरेक्टर प्रो डा जेपी यादव, संयोजक डा रेशमा उमेर, मलोबिका बोस, अनुप्रिया यादव, ऐश्वर्या पाण्डे, राघव, आयुष सहित छात्र छात्राएं मौजूद थे।

### सभागार कक्ष का जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण का पुलिस महानिरीक्षक मेरठ रेंज ने किया लोकार्पण कर उद्घाटन

**द अचीवर टाइम्स/चेतन कुमार**



**हापुड़।** जनपद हापुड़ में गुरुवार को नचिकेता झा पुलिस महानिरीक्षक मेरठ रेंज मेरठ के कर? कमलो द्वारा पुलिस कार्यालय पर गार्द सलामी लेने के पश्चात पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में पुलिस कार्यालय प्रांगण में स्थित सभागार कक्ष का जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण के उपरांत फीता काटकर लोकार्पण कर उद्घाटन किया गया तत्पश्चात आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी व थानाप्रभारियों के साथ गोष्ठी आयोजित कर शांतिपूर्वक लोकसभा चुनाव की तैयारी वे लोगों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### गलत दिशा में चलाया वाहन तो होगी कार्रवाई पदभार संभालते ही एक्शन में आए सीओ यातायात

**द अचीवर टाइम्स शशांक अटल बाजपेई**



**बाराबंकी।** बृहस्पतिवार को नवागत सीओ ट्रैफिक जगतराम कनौजिया पदभार ग्रहण करने के पश्चात एक्शन में दिखाई दिए तथा यातायात के प्रति लोगो को जागरूक भी करते नजर आए। हाईवे पे बने अवैध कट को बंद कराने के निर्देश भी दिए साथ ही रॉन्ग साइड आ रहे वाहनों का चालान भी किया। लोगो को यातायात का पाठ पढ़ाते नजर आए तथा भविष्य में गलती न करने की हिदायत दी साथ ही यातायात प्रभारी रामयतन ने भारी वाहनों को नो एंट्री में चालान भी किया तथा ट्रिपलिंग, बिना हेलमेट, सीटबेल्ट और यातायात नियम को न मानने वालो के खिलाफ सख्त कार्रवाई की।

## भतीजी को बेटी बनाकर हड़प लिए 16 लाख

**देवा (बाराबंकी)।** देवा कोतवाली क्षेत्र में चाचा ने सरकारी दस्तावेजों पर भतीजी को अपनी बेटी बनाकर संपत्ति हड़पने की साजिश की व 16 लाख रुपये हड़प लिए। आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी व कूट रचना का मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। देवा कोतवाली क्षेत्र के बड़ा ताल मजरे तिंदोला गांव निवासी ईसा ने एसपी से शिकायत में बताया कि उसके पिता धर्मेंद्र का निधन हो चुका है। आरोप लगाया है कि चाचा रामसुमेर ने उसकी जमीन हथियाने के लिए पंचायत कर्मियों को रकम देकर परिवार रजिस्टर नकल में उसके पिता की जगह अपना नाम अंकित करा लिया। आधार कार्ड पर भी ईसा पुत्री धर्मेंद्र अंकित है। आरोप है कि उसके सगे बाबा दुबई के नाम बीमा का 16 लाख रुपया भी कुछ दिन पूर्व उसके चाचा राम सुमेर ने कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर अपने नाम भुगतान कर लिया है। जबकि वह अपने पिता की इकलौती वारिस है। करीब सात माह पूर्व चाचा ने बांका लेकर उसे जान से करने का प्रयास किया।

## भरावन समय से इलाज न मिलने से गौवंशो की हो जाती है मौत



सूखा भूसा खाने को मजबूर गाय

**द अचीवर टाइम्स**

**भरावन।** हरदोई विकास खण्ड भरावन के अंतर्गत ग्राम पंचायत सैयापुर में बने गौशाला की हालत खराब सूखा भूसा खाने पे मजबूर गाय गौशाला के अंदर दीवारों पे लेख तो दिल को छू लेने वाले लिखे हैं गौ माता हमारी जग माता हैं लेकिन गौशाला के अंदर कुछ भी लेख के जैसा मिला नही सूखा भूसा खाने पे मजबूर है गौ माता तो लिखा है फिर भूख और समय पे इलाज न मिल सका जिससे गाय दम तोड़ देती हैं मृतक गाय को खुले में डाल दिया जाता हैं कुत्ते नोचते हैं दूषित हवा होती हैं ग्राम प्रधान से फोन पे जानकारी किया गया तो ग्राम प्रधान ने बताया डॉ को सूचना दो पर समय से आते नही है समय से इलाज भी नही मिल पाता हैं गौशाला में गाय ज्यादा होने के कारण चोकर नही मिल पाता हैं ग्राम प्रधान को जब डॉ का नाम नही मालूम तो समय से इलाज कैसे मिले जिससे गौवंशो की जान बचाई जा सके सत्तर गौवंशो में सिर्फ तीस का ही पैसा आता है बाकी अपने पास से खर्च उठाने को मजबूर है ग्राम प्रधान ने बताया अपने पास से पैसा खर्च करना पड़ता है भूसे में जेसीबी के पांच सौ रुपये दो उठाने वाले को पांच सौ दो सब झेलना पड़ता है ग्राम प्रधान ने पैसे तो बता दिए मृतक गौवंशो को खड्डु में डाला जाता है लेकिन जमीनी स्तर पर ऐसा कुछ नही दिखता है खुले में मृतक गौवंश का पड़ी मिली जिसमे आवारा कुत्ते मांस नोच के खाते दिखे ब्यूरो

## कटनी पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने कहा बदमाश या तो गलत काम छोड़ें या फिर शहर छोड़ दे

**द, अचीवर टाइम्स/पप्पू उपाध्याय**



**मध्य प्रदेश,कटनी।** कटनी पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा आगामी त्योहारों के मद्देनजर शहर में कानून व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने के परिपेक्ष में थाना कोतवाली एवं थाना रंगनाथनगर क्षेत्र में फुट पेट्रोलिंग किया गया। फुट पेट्रोलिंग के दौरान ख्याति मिश्रा नगर पुलिस अधीक्षक कटनी, संध्या ठाकुर रक्षित निरीक्षक कटनी, निरीक्षक आशीष शर्मा थाना प्रभारी कोतवाली, निरीक्षक अभिषेक चौबे थाना प्रभारी कुठला, उप निरीक्षक नीरज दुबे थाना प्रभारी एनकेजे, उप निरीक्षक नवीन नामदेव थाना प्रभारी रंगनाथनगर एवम चौकी प्रभारीगण व पुलिस बल सहित फुट पेट्रोलिंग की गई, फुट पेट्रोलिंग के दौरान अपराधिक गतिविधियों में शामिल अपराधियों को भी चेक किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने किया क्षेत्र भ्रमण, गुंडा बदमाश सहित अवैध कारोबार में संलिप्त ठिकानों में दी दबिश। फरार वारंटी आरोपियों के घर में जांच करते दिखी पुलिस, सीएसपी ख्याति मिश्रा, 5 थानों के प्रभारी सहित 30 से अधिक पुलिस बल शामिल रहा, पुलिस अधीक्षक ने कहा लोग रहे सुरक्षित इसलिए निकली पुलिस, बदमाश या तो गलत काम छोड़ दे या फिर शहर।

## काकोरी पुलिस ने चन्द घंटो में सरिता हत्याकांड को सफलता हासिल की

**द अचीवर टाइम्स दीपक कनौजिया**



**लखनऊ।** काकोरी पुलिस ने एक युवक को अपनी प्रेमिका के हत्या के मामले में प्रेमी आशिक चन्द घंटो में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। काकोरी इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि वादी पिता ने दिनांक 31 जनवरी बुधवार को थाने में लिखित तहरीर में बताया कि मेरी पुत्री सरिता उर्फ सविता निवासी ग्राम बहरू काकोरी का शव ग्राम बहरू निकट तालाब के पास नीम के पेड़ पर हत्याकर लटका दिया था। उसी मामले में बृजेश कुमार निवासी ग्राम बहरू काकोरी के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। मुकदमा पंजीकृत होने के पुलिस ने टीम गठित करके मुखबिर की सूचना के आधार पर बृजेश कुमार को मेहंदीनगर अंडरपास से गिरफ्तार करते हुए अभियुक्त के कब्जे से एक ऑल्टो कार यूपी 32 सीई 9186 सहित दो मोबाइल फोन भी बरामद किया है जिसमें एक मोबाइल फोन मृतका का भी बरामद हुआ है अभियुक्त की कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्त बृजेश ने बताया कि मृतका सरिता काफी समय से प्रेम था और वह शादी का दबाव बना रही थी जबकि मैं अभी शादी करना नहीं चाह रहा था इसलिए मैंने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी और फिर उसके 100 को पेड़ पर लटका दिया था जिससे लोगों को लगे कि उसने आत्महत्या की है।

## आईएमए से जुड़े चिकित्सकों ने 12 क्षय रोगी लिए गोद यशोदा नर्सिंग होम में कार्यक्रम आयोजित कर पुष्टाहार प्रदान किया

❖ नियमित रूप से प्रोटीन युक्त आहार और दवा खाने के लिए प्रेरित किया।

**द अचीवर टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट चेतन कुमार**





**हापुड़।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए-हापुड़) से जुड़े चिकित्सकों ने 12 क्षय रोगियों को गोद लिया है। आपको बता दे बुधवार को मेरठ रोड स्थित यशोदा नर्सिंग होम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान चिकित्सकों ने क्षय रोगियों को पुष्टाहार प्रदान किया साथ ही उन्हें नियमित रूप से पौष्टिक भोजन और दवा खाने के लिए भी प्रेरित किया। क्षय रोगियों को बताया गया कि दवा खाने में कोई परेशानी होने पर चिकित्सक से परामर्श लें, लेकिन दवा बीच में न छोड़ें। दवा बीच में छोड़ने पर टीबी बिगड़ जाती है और उपचार मुश्किल व लंबा हो जाता है। टीबी की दवा के साथ उच्च प्रोटीन और विटामिन युक्त भोजन की आवश्यकता होती है। ऐसा करने से टीबी संक्रमण से नष्ट हुई कोशिकाओं के पुनर्निर्माण का कार्य तेज हो जाता है और रोगी जल्दी ठीक होने लगता है जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) डा. राजेश सिंह ने इस पुनीत कार्य के लिए आईएमए और यशोदा नर्सिंग होम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा - प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। आईएमए और यशोदा नर्सिंग होम की ओर से डा. एमसी सिंघल और डा. मिली सिंघल ने जिला क्षय रोग अधिकारी को भरोसा दिलाया कि क्षय रोगियों को गोद लेकर न्यूट्रीशियन सपोर्ट का कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान में हर संभव सहयोग किया जाएगा। कार्यक्रम में डा. संजय जैन, डा. विपिन गौड़, डा. दुष्यंत बंसल, डा. अनुराग सिंघल और डा. यूनुस अहमद का सहयोग रहा। जिला पीपीएम समन्वयक सुशील चौधरी ने बताया - गोद लिए गए क्षय रोगियों को उपचार जारी रहने तक हर माह पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाता है। इसके साथ ही निक्षय पोषण योजना के तहत भी क्षय रोगियों को पांच सौ रुपए प्रतिमाह पोषण राशि प्रदान की जाती है।

## उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम निचलौल महराजगंज

**द अचीवर टाइम्स मनोज पटेल**



**महाराजगंज ।** सामूहिक विवाह में कुल 581 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे विधानसभा सदर महराजगंज 206 नौतनवा में 131 सिसवा निचलौल ब्लॉक में 116 फरेंदा में 40 एवं पनियरा में 88 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया।नव विवाहित जोड़ों को प्रमाण पत्र आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर सिसवा विधायक प्रेम सागर पटेल निचलौल ब्लॉक प्रमुख संघ संरक्षक अंबरीश यादव प्रधान अध्यक्ष अखिलेश यादव निचलौल वीडियो शमा सिंह कोतवाल ठुठीबारी नीरज राय निचलौल थाना अध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह निचलौल सचिव मनोज प्रजापति वीडियो मिठौरा पंकज मिश्रा वीडियो चंद्रशेखर कुशवाहा सदर वीडियो घुघली मनोज कुमार वीडियो सिसवा श्वेता मिश्रा वीडियो फरेंदा अर्जुन प्रसाद चौधरी वीडियो बृजमनगंज सच्चिदानंद शुक्ल इस योजना से आज हजारों बेटियों के हाथ पीले हो रहे हैं भावी जीवन के लिए आवश्यक वस्तुएं भी उपलब्ध कराई जा रही है। सामूहिक विवाह निचलौल ब्लॉक में संपन्न कराया गया। योगी सरकार ने सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से मां-बाप की आर्थिक चिंता को दूर करने का कार्य किया। निचलौल प्रधान संघ अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा एडियो पंचायत निचलौल विनय पांडेय भी मौजूद रहे। वर वधुओं ने हिंदू,बौद्ध, इस्लाम धर्म के रीति रिवाज के अनुसार विवाह के बंधन में बंधे।

## बालाजी और केडी सिंह बाबू स्टेडियम बी टीम जीती

**बाराबंकी।** केडी सिंह बाबू स्टेडियम में चल रहे हैं सेवंथ डे क्रिकेट चैंपियनशिप में बृहस्पतिवार को दो मैच खेले गए। जिसमें बालाजी क्रिकेट एकेडमी और केडी सिंह बाबू स्टेडियम बी टीम ने मैच जीत लिया। पहला मैच लॉर्ड बालाजी क्रिकेट एकेडमी एवं बीबीडी स्पोर्ट्स एकेडमी के बीच में खेला गया। बीबीडी स्पोर्ट्स एकेडमी ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बालाजी एकेडमी की धारदार गेंदबाजी के सामने बीबीडी स्पोर्ट्स एकेडमी मात्र 70 रन पर सिमट गई। जवाब में उतरी बालाजी क्रिकेट एकेडमी की ओर से सम्राट तिवारी ने आतिशी अर्धशतकीय पारी खेली एवं 58 रन बना डाले। बालाजी स्पोर्ट्स अकादमी ने 10 विकेट से इस मैच को जीत लिया। सेवेंथ डे पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अफाक अली ने सम्राट तिवारी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। दूसरा मैच केडी सिंह बाबू स्टेडियम ए टीम और केडी सिंह बाबू स्टेडियम बी टीम के बीच में खेला गया।

### बहोरीबंद थाना प्रभारी की एक साथ कई कार्यवाहीयां

## हत्या के फरार 10000 के इनामी आरोपी भी है शामिल



**द, अचीवर टाइम्स/पप्पू उपाध्याय**

मध्य प्रदेश/कटनी। कटनी पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन पर अवैध मादक पदार्थ एवं अवैध गतिविधियों जैसे सट्टा, गाजा, गुंडा, बदमाशों, पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश जारी हुए थे,, इस घड़ी में बहोरीबंद थाना प्रभारी सुरेंद्र शर्मा द्वारा बचैया निवासी रमेश पटेल जो की ग्राम के ही गुलाब रजक की हत्या अपने भाइयों के साथ मिलकर कर दी थी, और मौके से फरार हो गया था जिसे बहोरीबंद थाना प्रभारी सुरेंद्र शर्मा पुलिस बल के साथ काफी दिनों से रमेश पटेल को गिरफ्तार करने की तलाश कर रहे थे, जैसे ही मुखबिर द्वारा सूचना मिली तो थाना प्रभारी अपने दलबल के साथ हत्या के फरार आरोपी एवं 10000 रूपये के इनामी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की साथ ही आबकारी एक्ट की धारा 34 (2) की भी कार्यवाही की गई एवं ,, 363 आईपीसी की अपहर्ता की दस्तयाबी भी की , वह अन्य कार्यवाहियां बहोरीबंद थाना प्रभारी सुरेंद्र शर्मा थाना पुलिस बल के साथ की।

# चलती बाइक से महिला से बैग छीनने वाला बदमाश अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार



संवाददाता

**कालपी/जालौन।** स्थानीय नगर में महिला का बैग छीनने वाले आरोपी को इलाकाई पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से नाजायज तमंचा बरामद किया गया है। मौके का अनुचित लाभ उठाकर घटना में शामिल एक युवक मौके से भाग निकलने में कामयाब हो गया है।जिसकी पुलिस सरगर्मी से तलाश करने में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक 31 दिसम्बर की दोपहर को निकटवर्ती ग्राम गुलौली निवासी मुहम्मद खान अपनी बाईक से अपनी बहन रहमानो को भोगनीपुर से घर छोडने आ रहा था। यमुना पुल के पास पीछे से आये मोटर साइकिल सवार आरोपी युवको ने चलती बाईक मे झपटटा मारकर मुहम्मद खान की बहिन का पर्स छीन कर भाग निकले थे। इस घटना से हतप्रभ पीड़ित युवक ने आरोपी मोटर साइकिल सवारो का पीछा भी किया था लेकिन वह भाग गये। इस मामले की जानकारी पुलिस को दी थी। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने पीडित की निशानदेही पर करबला रोड में आरोपी युवक को पकड़ा लिया। जबकि दूसरा आरोपी साथी मौके से भाग जाने में कामयाब रहा। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के पास से नाजायज तमँचा तथा कारतूस भी बरामद हुए हैं। गिरफ्तार आरोपी युवक सन्नी पुत्र सन्तोष कँजड निवासी हारामऊ डेरा थाना भोगनीपुर तथा अज्ञात बाईक सवार के खिलाफ धारा 393 व 3/25 आर्म एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद ने बताया कि भेज गए युवक का पुलिस सरगर्मी से तलाश करने में जुटी हुई है।

# किसान पंचायत में किसानों ने समस्याओं को लेकर भरी हुंकार

❖ **एसडीएम को 6 सूत्रीय ज्ञापन सौंपते हुए समस्याओं के निदान की मांग उठाई।**

संवाददाता

**कालपी(जालौन)।** गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं की मासिक पंचायत प्रगतिशील राजेन्द्र सिंह बारा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। पंचायत में किसानों के द्वारा समस्या उठाते हुए जमकर हुंकार भरी। किसानों ने 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल को सौंपकर समाधान करने की मांग उठाई। कृषि उत्पादन मंडी समिति कालपी के चबूतरें में आयोजित भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं की मासिक पंचायत में संगठन के तहसील अध्यक्ष अजय सिंह राजू मलथूआ ने कहा कि किसानों की समस्याओं का निदान करने में अधिकारी दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं, फलस्वरुप किसान परेशान है। इसके उपरान्त किसानों का प्रतिनिधि मंडल तहसील कालपी में पहुंचकर उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल को ज्ञापन देते हुए अवगत कराया कि किसानों के पास 40 फीसदी किसान सम्मान निधि नहीं पहुंची है। इसलिए सभी के पास धनराशि पहुंचाई जाये। नहरों फुलगेज से चला कर रजवाहो में पानी टेल तक पहुंचाया जाए जिससे किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सके। कालपी तहसील के ग्रामों दमरास, खड़गुई, मलथुआ आदि गांवों में गायों तथा साड़ो से फसल नष्ट हो रही है किया जाए। किसने की फैसले खराब हो चुकी है इसलिए सरकारी वसूली को रोका जाए जोल्हुपुर मोद मदारीपुर रोड में सड़क के किनारे स्थित खाबो को हटाने की कार्रवाई अमल में लाई जाए किसानों को 2 से ?5 मूल्य में खतौनी उपलब्ध कराई जाए। इस मौके पर जितेंद्र सिंह, चंद्रपाल गुर्जर, जयराम कुशवाहा, श्याम बाबू पाल, विश्वनाथ, अजय, जगमोहन, रामनारायण आचार्य, डॉक्टर सुरेश सिंह, सुरेंद्र सिंह, राजेंद्र, योगेश महाराज सहित भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चलती रोडवेज बस में ड्राइवर की हार्ट अटैक से हुई मौत बस को किनारे लगाकर 40 सवारियों की बचाई जान

द अचीवर टाइम्स निशांत शुक्ला



**हरदोई।** सवारी से भरी चलती रोडवेज बस के चालक को हार्ट अटैक आ गया इस बीच बस रोककर वह नीचे उतरा और सड़क पर गिर पड़ा जिससे सवारी की तो जान बच गई लेकिन बस चालक की मौत हो गई कन्नौज बस स्टैंड से 40 सवारियों को लेकर एक रोडवेज बस हरदोई आ रही थी बस जैसे ही सिमरा चौराहा के पास पहुंची तभी अचानक बस चालक मानसिंह का संतुलन बिगड़ने लगा उसने बस को किनारे लगाया और नीचे उतर गया फिर क्या था वह खड़े होते ही अचानक आधे मुंह गिर पड़ा जिसे आनन फानन में रोडवेज बस से हरदोई मेडिकल कॉलेज लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया मृतक बस चालक मानसिंह मूल रूप से कन्नौज के सिकंदरपुर का निवासी है जिसने अपनी जान को गंवाकर 40 जिंदगियों को बचा लिया मानसिंह की बहादुरी के चर्चे कर रहे लोग उसकी मौत से गमजदा भी है इस संबंध में सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक पंकज तिवारी ने बताया कि एक रोडवेज बस कन्नौज से हरदोई आ रही थी जिसमें 40 सांवरिया बैठी थी हरदोई से सिमरा चौराहे के पास ड्राइवर ने बस को रोका और बेहोश हो गया इसके बाद वह ड्राइवर सीट के नीचे गिर गया जब वह अस्पताल पहुंचा जिसे डॉक्टर ने मृत्यु घोषित कर दिया परिचालक सुरेंद्र सिंह ने बताया है कि हम लोग कन्नौज से रोडवेज बस में 40 सावरिया बैठाकर हरदोई आ रहे थे इसी बीच सिमर चौराहे के पास ड्राइवर को हार्ट अटैक आ गया ड्राइवर ने गाड़ी रोककर किनारे लगाया इसके बाद वह नीचे उतरा और सड़क पर अचानक गिर पड़ा बस को दूसरे ड्राइवर ने अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरो ने मान सिंह को मृत घोषित कर दिया।

## एक नज़र

### DNT राष्ट्रीय विमुक्त घुमन्तू जनजाति महासभा विमुक्त घुमन्तू, जनजातियों का विकास यही हमारा विश्वास



**बदायूं।** राष्ट्रीय विमुक्त घुमंतू जनजाति महासभा उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय नेतृत्व व प्रदेश नेतृत्व व, श्री शिवा नायक प्रदेश मीडिया प्रभारी की अनुशंसा के आधार पर विमुक्त घुमंतू जनजाति महासभा उत्तर प्रदेश में । श्रीमान ओमकार सिंह पुत्र श्री, मदनलाल सिंह को, जिला उपाध्यक्ष बदायूं पद पर मनोनीत किया जाता है। आशा और पूर्ण विशवास है कि आप अपने पद का निर्वहन पूर्ण गरिमा और कर्तव्य के साथ करेंगे वहीं पर / महेन्द्र सिंह नायक प्रदेश अध्यक्ष ष्ठहञ्ज राष्ट्रीय विमुक्त घुमन्तू जनजाति महासभा विमुक्त घुमन्तू जनजातियों का विकास यही हमारा विश्वास बदायूं आज दिं, 1 फरवरी को राष्ट्रीय विमुक्त घुमंतू जनजाति महासभा उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय नेतृत्व व प्रदेश नेतृत्व व, श्री शिवा नायक प्रदेश मीडिया प्रभारी की अनुशंसा के आधार पर विमुक्त घुमंतू जनजाति महासभा उत्तर प्रदेश में । श्रीमान अरुण सिंह पुत्र श्री, राम वावू सिंह को, जिला सचिव बदायूं पद पर मनोनीत किया जाता है। आशा और पूर्ण विशवास है कि आप अपने पद का निर्वहन पूर्ण गरिमा और कर्तव्य के साथ करेंगे । आपके उज्जवल भविष्य की शुभकामना की जाती है ।

### पंजाब नेशनल बैंक में ग्राहकों के साथ अभद्रता

संवाददाता



**सहसवान।** नगर में पंजाब नेशनल बैंक में कुछ कर्मचारियों के द्वारा ग्राहकों के साथ अभद्रता की जा रही है 2ः00 बजे से 3ः00 बजे तक लंच टाइम होने का टाइम होने का बहाना बनाकर कोई काम नहीं करते जबकि बैंक सुबह 10ः00 बजे खुलता है लेकिन मैनेजर वह कर्मचारी 11ः00 बजे तक बैंक में कोई उपलब्ध नहीं हो पद्यता और इधर 3ः00 बजे से बैंक के गेट को बंद कर दिया जाता है जरा सी आवाज उठाने पर बैंक के कर्मचारी ग्राहकों के साथ अभद्रता कर रहे हैं इसकी शिकायत मैनेजर से करने पर भी मैनेजर कोई कार्रवाई इन कर्मचारियों के खिलाफ नहीं करते आगे ग्राहकों ने उच्च अधिकारियों से शिकायत की है अब देखते हैं आगे इस पर क्या कार्रवाई होती है।

### शराब दुकान में हुई चोरी का पर्दाफाश, तीन को किया पुलिस ने गिरफ्तार

**हमीरपुर।** शराब की दुकान से तीन दिन पहले हुई चोरी का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने रात्रि गश्त के समय कार में बैठे तीन युवकों को गिरफ्तार कर हजारों रुपये नकद, तमंचा-कारतूस, मोबाइल फोन के अलावा ताला तोड़ने के उपकरण बरामद किए हैं। तीनों आरोपितों को जेल भेज दिया गया है। वहीं सीओ ने श्रेयस त्रिपाठी ने कस्बे में हुई छह दुकानों के चोरी के पर्दाफाश किए जाने का आश्वासन दिया है। थाने के महेरा गांव में संचालित शराब की दुकान के दरवाजा चोरों ने 29 जनवरी का रात तोड़ा था। इसके बाद गुल्लक में रखे करीब ढाई लाख रुपये ले गए थे। दूसरे दिन बुधवार की सुबह सेल्समैन ने ताला टूटा देखा और दुकान के मालिक को जानकारी दी थी। दुकान मालिक ने अज्ञात व सेल्समैन के खिलाफ लाखों रुपये की चोरी कर लेने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस चोरों की तलाश के किए जाने में लगी रही। इधर, गुरुवार की सुबह महेरा मोड में स्थित पुलिया के पास बिना नंबर प्लेट की कार में सवार तीन युवकों को पुलिस में तलाशी के लिए रोका। पूछताछ के दौरान कार सवार तीन युवकों में थाना चिकासी के बरौली खरका गांव का आकाश पुत्र हरि सिंह, थाना राठ के दीवानपुरा मोहाल का शानू खान पुत्र इसरार, महेरा गांव का अवधेश पुत्र हरि सिंह राजपूत से कड़ाई से पूछताछ की गई। इस पर आरोपितों ने कबूल किया कि बीती 29 जनवरी को शराब की दुकान में चोरी की वारदात की थी। पुलिस ने तीनों युवकों के पास से 84,845 रुपये, घटना में प्रयोग की गई कार समेत अन्य सामान बरामद किया है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि शानू एक आपराधिक किस्म का युवक हैं। जिसके खिलाफ राठ व बिंवार थाने में दस आपराधिक मामले दर्ज हैं। बताया कि तीनों को जेल भेज दिया है। इसके अलावा सीओ मौदहा श्रेयश त्रिपाठी ने बताया कि बिंवार के बांधुर रोड में पांच दिन पहले हुई छह दुकानों में चोरी के महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। जिसका भी जल्द पर्दाफाश किया जाएग। इसके लिए तीन टीमें गठित कर दी गई हैं।

### पंजाब नेशनल बैंक में ग्राहकों के साथ होती है अभद्रता

**सहसवान।** नगर में स्थित शाखा पंजाब नेशनल बैंक में कुछ कर्मचारियों के द्वारा ग्राहकों के साथ अभद्रता करने का मामला सामने आया हे। 2 बजे से 3 बजे तक लंच समय होने का बहाना बनाकर कोई काम नहीं किया जाता है बैंक ग्राहक इंतजार में ही खड़ा रहता है। जबकि बैंक सुबह 10 बजे खुलता है लेकिन मैनेजर वा कर्मचारी 11ः बजे तक बैंक में कर्मचारी नहीं पहुंच पाते हैं और इधर 3 बजे से बैंक के गेट को बंद कर दिया जाता है आवाज उठाने पर बैंक के कर्मचारी ग्राहकों के साथ अभद्रता करने पर उतारू हो जाते हैं। इसकी शिकायत मैनेजर से करने पर भी मैनेजर कोई कार्रवाई नहीं करते जिससे ग्राहकों में आक्रोश पनपता जा रहा है। इस बाबत आज एक व्यापारी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दी इस बाबत जानकारी लेने के लिए शाखा प्रबंधक के मोबाइल पर बात करना चाही तो प्रबंधक का मोबाइल नहीं उठ सका।

# गांवों की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगी लक्ष्मी बस मुख्यमंत्री

संवाददाता






**भुबनेर्स्व।** आज मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देवगढ़, अनुगोल और ढेंकनाल जिलों में लक्ष्मी बस योजना का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि लक्ष्मी बस ने हमारा जीवन आसान बना दिया है । उन्होंने कहा कि यह गांव की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभायेगा ।आज के शुभारंभ के बाद 3 जिलों की 440 पंचायतों में 101 बसें चलेंगी । इससे 27 लाख से ज्यादा लोगों को फायदा होगा. देवघर की 69 पंचायतों में चलेंगी 17 बसें, 3 लाख लोगों को होगा फायदा । अंगोल की 176 पंचायतों में 29 बसें चलेंगी और 11 लाख 50 हजार लोगों को फायदा होगा । इसी तरह ढेंकनाल की 195 पंचायतों में 55 बसें चलेंगी और 13 लाख लोगों को फायदा होगा ।5 योजनाओं के साथ शुरू हुए इस कार्यक्रम में मिशन शक्ति मैम को बस चलाने की जिम्मेदारी दी गई है । इस मौके पर संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य पंचायत को विकास का केंद्र बनाना है । हमारा लक्ष्य गांव की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है । उन्होंने कहा कि लक्ष्मी बस इसमें अहम भूमिका निभायेगा । इस योजना में हाल ही में शुरू की गई श्रीजगन्नाथ एक्सप्रेस बस सेवा का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महाप्रभु श्रीजगन्नाथ के दर्शन और श्रीमंदिर की परिक्रमा परियोजना का अनुभव लेने के लिए श्रीजगन्नाथ एक्सप्रेस बस सेवा शुरू की गई है । इसमें माताओं के लिए बस टिकट की कीमत आधी कर दी गई है। उन्होंने कहा, लक्ष्मी योजना ने हमारा जीवन आसान बना दिया है। यह कहते हुए कि हमारा ओडिशा नवीन ओडिशा कार्यक्रम गांव के परिवर्तन के लिए जारी है, मुख्यमंत्री ने नए ओडिशा के निर्माण के लिए सभी के सहयोग की कामना की।

## बुंदेलखंड गौरव महोत्सव में हॉट एयर बैलून योगा हेरिटेज वॉक टेथर्ड फ्लाइटस व सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ भव्य शुभारंभ

संवाददाता

**उरई जालौन ।** पर्यटन विभाग व संस्कृति विभाग द्वारा जनपद में बुंदेलखंड गौरव महोत्सव में हॉट एयर बैलून, योगा, हेरिटेज वॉक, टेथर्ड फ्लाईटस, सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य शुभारम्भ राजकीय इंटर कॉलेज उरई प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, जनपद न्यायाधीश लल्लू सिंह, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक ईरज राजा, मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चैहान, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी कीर्ति उपस्थित अन्य गणमान्य अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महोत्सव के शुभारंभ के अवसर पर अन्य प्रदेशों की उपस्थित लोकप्रिय कलाकारों द्वारा राई लोक नृत्य एवं गायन, उत्तर प्रदेश का नृत्य, लोकप्रिय गायन आदि कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि बुन्देलखण्ड एक बड़े भू-भाग क्षेत्र में विस्तारित है। बुन्देलखण्ड की परम्परायें, विरासतें, रीतिरिवाज एवं धरोहरें स्वयं में विशेष महत्व रखती है, जिनके दर्शनार्थ बुन्देलखण्ड में पर्यटकों का आवागमन होता है। इस क्षेत्र में पर्यटन की सम्भावना के विकास हेतु मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा बुन्देलखण्ड के 07 जनपदों झांसी, जालौन, ललितपुर, चित्रकूट, हमीरपुर, बांदा और महोबा में बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव मनाने के निर्देश दिये गये है। उन्होने कहा कि बुन्देलखण्डवासी अत्यन्त सौभाग्यशाली है कि उन्हें बुन्देलखण्ड महोत्सव का प्रत्यक्षदर्शी बनने का अवसर प्राप्त हुआ। जिलाधिकारी ने कहा कि जालौन में बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव का आयोजन जनपदवासियों के लिए अत्यधिक गौरव की बात है।

# जो जनता के साथ वही नेताओं को मिलेगा टिकट- कांग्रेस क्लस्टर स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक

संवाददाता



**भुबनेर्स्व।** 2024 के आम चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपनी तैयारी तेज कर दी है । आज कांग्रेस भवन में क्लस्टर स्क्रीनिंग कमेटी की पहली बैठक हुई । इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता, मोर्चा के सदस्य, महिलाएं, युवा, छात्र और मोर्चा संगठनों के कार्यकर्ता मौजूद रहे और टिकट वितरण प्रक्रिया पर अपने विचार व्यक्त किये ।समिति के अध्यक्ष मधुसूदन मिस्त्री, सूरज हेगड़े और सफी परिम्बल ने एक-एक कर सभी सदस्यों से चर्चा की । चर्चा दोपहर में शुरू हुई और देर रात तक जारी रही । बैठक में ओडिशा में पार्टी की स्थिति कैसी है, किन सीटों पर गठबंधन और टिकट वितरण प्रक्रिया पर चर्चा हुई । यह बिल्कुल स्पष्ट है कि केवल उन्हीं उम्मीदवारों को टिकट मिलेगा जिनके जीतने की संभावना है और जो त्रि-प्राथमिक स्तर पर लोगों से जुड़े हैं। कमेटी अपनी रिपोर्ट हाईकमान को सौंपेगी । पार्टी के एक वरिष्ठ नेता के मुताबिक स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य सभी कार्यकर्ताओं से वन-टू-वन चर्चा कर रहे हैं । इस बार किस आधार पर टिकट दिया जाएगा, इस पर सदस्यों की अपनी राय है । चर्चा कल भी जारी रहेगी । चर्चा है कि पार्टी के सभी जिला अध्यक्षों ने संभावित विधानसभा और संसदीय प्रत्याशियों की सूची पहले ही अध्यक्ष को दे दी है । इससे पहले, पार्टी ने पिछले चुनाव में 30,000 से अधिक वोटों के साथ दूसरे या तीसरे स्थान पर रहने वाले उम्मीदवारों को टिकट देने की योजना बनाई थी। लेकिन खबर है कि इसमें बदलाव किया गया है।

## डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई चुनावी बैठक, दिए दिशा निर्देश

संवाददाता



**हमीरपुर।** गुरुवार को जिलाधिकारी राहुल पांडेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित कलाम सभागार में आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत मतदेय स्थलों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं, आने-जाने वाले मार्गो की जांच किये जाने संबंधी बैठक संपन्न हुई। जिसमें उन्होंने सभी मतदेय स्थलों की एक सप्ताह के भीतर जांच कर रिपोर्ट निर्वाचन कार्यालय को देने के निर्देश दिए हैं। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 228-हमीरपुर के अंतर्गत 41 व विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 229-राठ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत 42 सेक्टर आफिसर नामित किए गए है। जिलाधिकारी द्वारा समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह तत्काल अपने आवंटित क्षेत्र में भ्रमण करते हुए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की जांच करें एवं रास्तों की स्थिति के संबंध में एक सप्ताह के अंदर निर्वाचन कार्यालय को रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। बैठक में अनुपस्थित सेक्टर मजिस्ट्रेट को शुक्रवार को होने वाली बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अरूण कुमार मिश्रा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक डा.नागेंद्रनाथ यादव, डिप्टी कलेक्टर खालिद अंजुम, उप जिलाधिकारी सदर पवन प्रकाश पाठक सहित जोन/ सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में नामित अधिकारी रहे।

# साफ्टवेयर में आई खराबी से बंद हुई जिला अस्पताल की डिजिटल एक्सरे मशीन

संवाददाता




**हमीरपुर।** जिला अस्पताल में डिजिटल एक्सरे पर संकट के बादल आ गए हैं। मशीन के साफ्टवेयर में तकनीकी दिक्कतें आने से मरीजों के एक्सरे ठप हो गए हैं। जरूरी होने पर मरीज सामान्य एक्स-रे करा रहे हैं या फिर प्राइवेट एक्सरे कराने को मजबूर हो रहे हैं। सीएमएस का कहना है कि एक-दो दिन में व्यवस्था पटरी पर आ जाएगी। जिला अस्पताल में प्रतिदिन एक सैकड़ा से अधिक डिजिटल एक्सरे होते हैं। मेडिको लीगल के लिए सामान्य एक्सरे की ही आवश्यकता होती है। लिहाजा दिन भर में कई मरीजों के सामान्य एक्स-रे भी किए जाते हैं। मंगलवार की सुबह जैसे ही अस्पताल का संचालन शुरू हुआ उसी को कुछ देर बाद एक-दो एक्सरे के बाद डिजिटल एक्सरे मशीन के सॉफ्टवेयर में तकनीकी खराबी आ गई थी। जिससे एक्सरे होना बंद हो गए थे। मशीन का संचालन न होने के कारण दूरदराज से आने वाले मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है कई मरीजों ने मजबूरी में सामान्य एक्सरे करवा रहे हैं और कुछ ने बाहर जाकर प्राइवेट सेंटरों में एक्सरे करवा रहे हैं। इस संबंध में मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ. एसपी गुप्ता ने बताया कि तकनीकी खराबी की वजह से डिजिटल एक्स-रे मशीन काम नहीं कर रही है। इसकी सूचना संबंधित सायरस कंपनी को दे दी गई है। मशीन अभी वारंटी में है। जल्द ही इंजीनियर को भेजकर मशीन को ठीक कराया जाएगा।

## सीईओ एसडीएम की मौजूदगी में कालपी कोतवाली की पीस कमेटी की बैठक संपन्न

संवाददाता

**कालपी जालौन।** गुरुवार को दोपहर 3ः00 बजे कालपी कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उप जिलाधिकारी कालपी हेमंत पटेल की अध्यक्षता में तथा क्षेत्राधिकार कालपी देवेंद्र पचौरी की मौजूदगी में नगर के लोगों ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। बैठक का मुख्य मुद्दा हिंदू मुस्लिम भाईचारे को कायम रखना था। कालपी सी ओ देवेंद्र पचौरी ने हिंदू धर्म गुरुओं तथा मुस्लिम धर्म गुरुओं को बुलाकर उनका उनका पक्ष जाना। उन्होने कहा कि यदि कोई व्यक्ति विशेष के मन की कुछ बात हो तो पुलिस के माध्यम से कहे। दोनो वर्ग विशेष के लोग 16 से 24 वर्ष के बच्चो को समझाए कि उद्दंडता ने करे अन्यथा अपनी पीठ मजबूत कर ले। उप जिलाधिकारी कालपी हेमंत पटेल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी सूरत लॉयन ऑर्डर के साथ खिलवाड़ नहीं किया जा सकता। यदि कोई भी व्यक्ति किसी भी समुदाय का हो यदि कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करता है तो उसे बक्शा नहीं जाएगा उसे पर कठोर कार्रवाई होनी तय है। प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद ने कहा कि विगत दिनों पहले जुलेटी में हुई अप्रिय घटना से शहर का माहौल खराब हो गया था। अब दोनों पक्ष कुछ ऐसा करे ताकि दोबारा ऐसी घटना घटित ना हो। अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक मोहम्मद अशरफ ने बैठक में मौजूद सभी संभ्रांत लोगों से अपील करते हुए कहा कि यह शहर तुम्हारा है आप लोगों को आपसी भाईचारा बना कर रहना चाहिए। किसी भी प्रकार के अराजक तत्वों को बढ़ावा नहीं देना है। यदि कोई भी व्यक्ति कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करता पाया गया तो उस पर कालपी पुलिस की ओर से दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित लोगों में पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव,राकेश पुरवार, कमर अहमद, रामकुमार तिवारी, राम श्याम महाराज, सुरेश प्रजापति,सुनील पटवा, दीपक शर्मा ,नीलाभ शुक्ला, पवनदीप निषाद, आदि लोग मौजूद रहे।

# हिमाचल में बिगड़ा मौसम, आठ जिलों में दो दिन भारी बारिश-बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट

संवाददाता



**शिमला।** मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार आज रात 1ः00 के बाद प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होगा। इसके प्रभाव से 31 जनवरी व 1 फरवरी को मध्य व उच्च पर्वतीय जिलों में भारी बारिश-बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी हुआ है। मैदानी व निचले क्षेत्रों में बारिश होने का पूर्वानुमान है। हिमाचल प्रदेश के मध्य व उच्च पर्वतीय कई क्षेत्रों में मौसम ने करवट बदलनी शुरू कर दी है। अटल टनल रोहतांग के साउथ पोर्टल सहित चंबा के भरमौर, पांगी और लक्कड़मंडी में बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। मनाली में बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार आज रात 1ः00 के बाद प्रदेश में ताजा पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होगा। इसके प्रभाव से 31 जनवरी व 1 फरवरी को मध्य व उच्च पर्वतीय जिलों चंबा, कुल्लू, मंडी, शिमला (शिमला शहर सहित आसपास क्षेत्र), कांगड़ा, लाहौल-स्पीति, किन्नौर व सिरमौर के कई भागों में भारी बारिश-बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी हुआ है। मैदानी व निचले क्षेत्रों में बारिश होने का पूर्वानुमान है। इसके अलावा कई मैदानी भागों में अंधड़ व बिजली चमकने का अलर्ट भी जारी हुआ है। हालांकि, 2 फरवरी को उच्च पर्वतीय एक-दो स्थानों को छोड़कर अन्य में मौसम साफ रहने के आसार हैं। लेकिन, 3 फरवरी को दूसरा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इसके प्रभाव से प्रदेश के कई भागों में 4 फरवरी तक बारिश-बर्फबारी का सिलसिला जारी रहने का पूर्वानुमान है। 5 फरवरी को उच्च पर्वतीय एक-दो स्थानों पर बारिश व बर्फबारी हो सकती है। शिमला केंद्र के मौसम वैज्ञानिक संदीप शर्मा ने बताया कि इस अवधि के दौरान औसत अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे रहने की संभावना है। जबकि न्यूनतम तापमान निचले पहाड़ी भागों में सामान्य, जबकि मध्य और ऊंची पहाड़ियों के लिए सामान्य से कम रहने के आसार हैं। उन्होंने कहा कि जनवरी में प्रदेश के अंदर माइनस 100 फीसदी तक बारिश-बर्फबारी हुई है। उधर, मौसम विभाग के अलर्ट के बीच चंबा जिला के भरमौर, पांगी, लक्कड़मंडी, डैन कुंड में मंगलवार दोपहर बाद बर्फबारी का क्रम शुरू हुआ। वहीं, बनीखेत, चुराह में हल्की बारिश हुई। बर्फबारी और बारिश से जिले में शीतलहर बढ़ गई है। मौसम के संबंध में जारी की गई किसी भी यातायात सलाह का पालन करें। संबंधित विभागों द्वारा जारी सलाह और दिशानिर्देशों का पालन करें। अपने गंतव्य के लिए रवाना होने से पहले अपने मार्ग पर यातायात की जांच करें। बर्फबारी के प्रति संवेदनशील इलाकों का रुख न करें तापमान कम होने के कारण पशुओं को घर के अंदर ही रखें, उन्हें रखने की पर्याप्त व्यवस्था करें। तापमान कम होने की स्थिति में मवेशियों के लिए कृत्रिम प्रकाश एवं तापन की पर्याप्त व्यवस्था करें। न्यूनतम तापमान शिमला में न्यूनतम तापमान 4.2, संदरनगर 2.2, भुंतर 1.9, कल्पा -2.6, धर्मशाला 6.4 , ऊना 4.2, नाहन 7.4, पालमपुर 3.5, सोलन 2.5, मनाली 1.1, कांगड़ा 5.0, मंडी 2.7, बिलासपुर 4.7, हमीरपुर 3.5, डलहौजी 3.7, जुब्बड़हट्टी 5.4, कुफरी 2.3 ,कुकुमसेरी -4.9, नारकंडा 0.4, भरमौर 3.7, रिकांगपिओ 0.3, सेऊबाग 2.0, धौलाकुआं 5.4, बरठीं 3.2, समदो -4.2, पांवटा साहिब 8.0, सराहन 2.5 और देहरागोपीपुर में 10.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जनवरी में अभी तक सामान्य से 100 फीसदी कम हुई बारिश प्रदेश में 1से 30 जनवरी के दौरान सामान्य से 100 फीसदी कम बारिश दर्ज हुई है। प्रदेश के आठ जिलों बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, किन्नौर, मंडी, सिरमौर, सोलन और ऊना में सामान्य से 100 फीसदी कम बादल बरसे हैं। शिमला, लाहौल-स्पीति, कुल्लू और चंबा में सामान्य से 99 फीसदी कम बारिश हुई है।

# NIEPVD में छात्रा से दुष्कर्म मामले में शिक्षक-प्राचार्य दोषी करार, कोर्ट ने सुनवाई 20 साल की सजा

संवाददाता



**देहरादून।** राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तीकरण संस्थान में छात्रा से दुष्कर्म के मामले में 18 अगस्त 2018 को जिला बाल कल्याण समिति की तरफ से शिक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तीकरण संस्थान (एनआईईपीवीडी) में छात्रा से छेड़खानी और दुष्कर्म के मामले में संस्थान के शिक्षक सुचित नारंग और प्राचार्य डॉ अनुसूया शर्मा दोषी करार दिया गया है। स्पेशल फास्ट ट्रैक कोर्ट में 2018 के मामले की सुनवाई चल रही थी। जिसके बाद आज आरोपी शिक्षक सूचित नारंग को 20 साल की सजा सुनाई गई वहीं, प्राचार्या अनुसूया को छह माह की कैद की सजा हुई है। राजपुर रोड स्थित एनआईईपीवीडी (पूर्व में एनआईवीएच) में नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ के आरोप के बाद बीते 18 अगस्त 2018 को जिला बाल कल्याण समिति की तरफ से राजपुर थाने में शिक्षक सुचित नारंग के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद काफी समय तक अंडरग्राउंड रहे सुचित ने हाईकोर्ट से जमानत नहीं मिलने पर 25 सितंबर 2018 को कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। पुलिस ने जांच में पीड़ित छात्रा के बयान दर्ज किए तो सामने आया कि उसने मुकदमा दर्ज होने से करीब छह महीने पहले संस्थान की प्राचार्य और उपप्रचार्या से भी इसकी शिकायत की थी। शिकायत पर कार्रवाई की बजाय संस्थान के अधिकारियों ने उसे दबाने की कोशिश की। पीड़िता के बयान के आधार पर मुकदमे की विवेचक विनीता चौहान ने एनआईईपीवीडी की तत्कालीन निदेशक अनुराधा डालमिया, प्राचार्य डॉ. अनुसुया शर्मा, संस्थान कर्मचारी तेजी और लखनऊ के जिस आश्रम से पीड़ित छात्रा को एनआईईपीवीडी में पढ़ाई के लिए भेजा था, उसकी संचालिका पूर्णिमा को भी आरोपी बनाया है। लखनऊ की आश्रम संचालिका पर सुचित के खिलाफ केस दर्ज होने के बाद पीड़िता पर बयान बदलने के लिए दबाव बनाने का आरोप है। एसओ राजपुर अरविंद सिंह ने बताया कि इनमें सुचित के खिलाफ दुष्कर्म व पोक्सो और अन्य के खिलाफ पोक्सो और आपराधिक षड्यंत्र व साक्ष्य छुपाने की धाराओं में चार्ज लगाए गए थे ।

## एक नज़र

### दिल्ली- मुंबई एक्सप्रेस वे पर बड़ा हादसा, पूर्व मंत्री जसवंत सिंह के बेटे मानवेंद्र की टकराई कार, हुई पत्नी की मौत




**अलवर।** प्रदेश की राजनीति में खास स्थान रखने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री जसवंत सिंह के बेटे मानवेंद्र सिंह मंगलवार को बड़े सड़क हादसे के शिकार हो गए। दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे रूट पर उनका एक्सीडेंट हो गया। सिंह पूरे परिवार के साथ दिल्ली से लौट रहे थे। इसी दौरान उनके साथ यह हादसा हुआ। हादसे में उनकी पत्नी चित्रा सिंब की मौत हो गई है। राजस्थान के राजनीति के लिए मंगलवार की दिन दुखद खबर लेकर आया। यहां दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे रूट पर आज बड़ा हादसा हो गया। इस सड़क दुर्घटना के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री के बेटे मानवेंद्र सिंह की कार टकराई एक पिलर से जा टकराई। इस दौरान मानवेंद्र सिंह और उनका बेटा हमीर सिंह और ड्राइवर भी घायल हो गए, जबकि मानवेंद्र सिंह की पत्नी चित्रा सिंह की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार दुर्घटना अलवर के नोगांवा के पास स्थित खुसपुरी गांव के समीप हुई। बताया जा रहा है कि दिल्ली- मुंबई एक्सप्रेस वे से आने के दौरान मानवेंद्र सिंह की कार तेज रफ्तार में डिवाइडर से टकराई। इसके बाद घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां डॉक्टरों ने कांग्रेस नेता मानवेंद्र सिंह जसोल की पत्नी चित्रा सिंह को मृत घोषित कर दिया।

### 45 हजार करोड़ की लागत से 6 साल में पूरा होगा पीकेसी-ईआरसीपी प्रोजेक्ट , कैसे योजना से जुड़ी A टू Z अपडेट

**जयपुर।** ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट को लेकर राजस्थान और मध्यप्रदेश के बीच सहमति बनने के बाद अब इस प्रोजेक्ट की विस्तृत डीपीआर बनाने की तैयारी चल रही है। डीपीआर में प्रोजेक्ट की पूरी लागत और कार्य पूरा होने की समय सीमा तय की जाएगी। जलशक्ति मंत्री के अनुसार इस प्रोजेक्ट में 45 हजार करोड़ की लागत आएगी और लगभग 6 साल का समय लगेगा। राजस्थान के ईआरसीपी प्रोजेक्ट में मध्यप्रदेश के पार्वती कालीसिंध चंबल प्रोजेक्ट को जोड़े जाने के बाद इस प्रोजेक्ट का नाम अब पार्वती-कालीसिंध-चम्बल पूर्वी राजस्थान नहर लिंक परियोजना यानी पीकेसी-ईआरसीपी हो गया है। इसी प्रोजेक्ट पर दोनों राज्यों के बीच एमओयू साइन हुआ है। करीब 45 करोड़ रुपए की लागत वाला यह प्रोजेक्ट करीब 5 से 6 साल में पूरा होगा। अभी इस प्रोजेक्ट की विस्तृत डीपीआर (डिटेल प्रोग्रेस रिपोर्ट) बनना शेष है। डीपीआर में इस प्रोजेक्ट की पूरी लागत और कार्य पूरा होने की समय सीमा तय की जाएगी। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का कहना है कि राजस्थान में डबल इंजन की सरकार बन गई है। अब पीकेसी ईआरसीपी के काम में कोई बाधा नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि डीपीआर बनाने का काम शुरू हो गया है। डीपीआर तैयार होने के बाद जैसे ही राज्य सरकार की ओर से मंजूरी मिलेगी। उसके तत्काल बाद केंद्र सरकार के स्तर पर भी कार्य शुरू हो जाएगा। शेखावत ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में कोई काम नहीं अटकेगा। इस प्रोजेक्ट पर अति शीघ्र कार्य शुरू होगा। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा तैयार प्रोजेक्ट पर कार्य होता को केवल 521 एमसीएम पानी मिल पाता। इतना पानी तो जयपुर अजमेर और टोंक के लिए भी पर्याप्त नहीं होता। मध्यप्रदेश के पार्वती कालीसिंध चंबल को जोड़कर नदी जोड़ो योजना के तहत ईआरसीपी के जुड़ने से पानी की मात्रा पांच गुना बढ जाएगी।

# जयपुर बम ब्लास्ट मामले में राजस्थान सरकार को झटका, सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की राज्य सरकार की एसएलपी

संवाददाता




**जयपुर।** जयपुर सीरियल बम ब्लास्ट मामले में प्रदेश सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। राजस्थान हाईकोर्ट की ओर से आरोपी सरवर आजमी की जमानत स्वीकार करने के खिलाफ राज्य सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में लगाई गई एसएलपी खारिज हो गई है। कोर्ट ने फैसले में दखल देने से मना कर दिया है। जयपुर सीरियल बम ब्लास्ट मामले में राज्य सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। राजस्थान हाईकोर्ट की ओर से आरोपी सरवर आजमी की जमानत स्वीकार करने के खिलाफ राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी लगाई थी। इस एसएलपी को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने सरवर आजमी की जमानत बरकरार रखी है। ऐसे में जयपुर बम ब्लास्ट के आरोपियों को जेल से बाहर आने की संभावनाएं बढ़ गई है। जयपुर बम ब्लास्ट मामले में जिन आरोपियों को जयपुर की निचली कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई थी। उन सभी आरोपियों को राजस्थान हाईकोर्ट ने मार्च 2023 में बरी कर दिया था। हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद आरोपियों के जेल से बाहर आने के रास्ते खुले लेकिन जिंदा बम मिलने के मामले में भी आरोपी गिरफ्तार थे। जिंदा बम मिलने के मामले में आरोपी सरवर आजमी मुख्य आरोपी माना जा रहा है और इसी मामले में फिलहाल ट्रायल चल रहा है। इसी को आधार बनाते हुए राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की। आरोपी सरवर आजमी को जमानत मिलने के बाद आरोपियों के जेल से बाहर आने से रास्ते खुल गए थे लेकिन राजस्थान हाईकोर्ट के इस फैसले के खिलाफ राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी लगा दी। अब इस एसएलपी को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट में लगाई गई एसएलपी में राज्य सरकार की दलील है कि आरोपी सरवर आजमी देश के अन्य राज्यों में हुए बम धमाकों में भी आरोपी है। अगर उसे जमानत का लाभ मिलने के बाद वह जेल से बाहर आएगा तो सुरक्षा व्यवस्था खतरे में पड़ जाएगी। इसी को आधार बनाते हुए राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से सरवर आजमी की जमानत रद्द करने की मांग की लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश में दखल देने से इनकार कर दिया। राजस्थान हाईकोर्ट की ओर से बम ब्लास्ट मामले में सभी आरोपियों को बरी करने के फैसले के बाद पीड़ितों और राज्य सरकार की ओर से भी सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की हुई है। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट में इस एसएलपी पर सुनवाई होनी थी लेकिन जस्टिस संदीप मेहता ने अपने आप को इस मामले से दूर कर लिया। उन्होंने इन एसएलपी पर सुनवाई से इनकार कर दिया जिससे सुनवाई टल गई थी। अब नई बैच में सुनवाई होगी जिसमें जस्टिस संदीप मेहता नहीं हो। संभवत इसी सप्ताह इस मामले की सुनवाई हो सकती है। 13 मई 2008 को जयपुर में एक के बाद एक हुए सीरियल बम ब्लास्ट हुए थे। इन धमाकों में करीब 80 बेगुनाह लोगों की मौत हुई थी। इनमें 180 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। इस संबंध में जयपुर के माणक चौक और कोतवाली थाने में 4-4 एफआईआर दर्ज की गई थी। बम ब्लास्ट केस के कुल 11 आरोपियों में से 5 को राजस्थान पुलिस ने गिरफ्तार किया था। चार आरोपी फरार हैं जबकि दो आरोपियों की मौत हो चुकी है।

# गाजियाबाद में संदिग्ध परिस्थितियों में मिले रुड़की के दंपती के गोली लगे शव, परिवार में मचा कोहराम




एजेंसी

**देहरादून।** सीसीटीवी में देखा गया है क दोनों अपने गाजियाबाद के मकान से कार से निकले थे। इसके बाद पत्नी का शव गाड़ी के अंदर मिला, जबकि पति का शव गाड़ी से कुछ दूरी पर मिला गाजियाबाद के मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र में एक दंपती के गोली लगे शव मिले हैं। लेकिन दोनों को गोली कैसे लगी यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। जानकारी के अनुसार, विनोद 38) निवासी लिब्बरहेडी और उसकी पत्नी दीपक(35) गाजियाबाद में करीब 18 से 20 साल से रहते थे। वह प्रॉपर्टी डीलर थे और फ्लैट बनाकर बेचते थे। उनके दो बच्चे हैं। परिजनों ने बताया कि सीसीटीवी में देखा गया है कि बीटी रात करीब साढ़े दस बजे वह दोनों अपने गाजियाबाद के मकान से कार से निकले थे। इसके बाद पत्नी दीपक का शव गाड़ी के अंदर मिला, जबकि विनोद का शव गाड़ी से लगभग 50 मीटर दूर पड़ा मिला। सूत्रों के अनुसार पति पत्नी में कुछ मनमुटाव चल रहा था। दोनों की मौत की खबर जब परिवार को मिली तो कोहराम मच गया।

# दुबई में औद्योगिक घरानों के साथ 2,345 करोड़ के एमओयू साइन, इन क्षेत्रों में होगा निवेश

संवाददाता

**शिमला।** उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान और विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को दुबई में दर्जनों कंपनियों के साथ 2,345 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर (एमओयू साइन) किए। ये एमओयू चिकित्सा उपकरण, थोक दवा, हेल्थकेयर, पर्यटन, आयुष और हरित ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में किए गए। दुबई में अरब हेल्थ 2024 कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने की। इसमें मेडिकल डिवाइस और फार्मा क्षेत्र के निवेशकों के साथ महत्वपूर्ण वार्ता की गई। समारोह के दौरान उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि हिमाचल के मेडिकल डिवाइस पार्क के बारे में दुबई के उद्योगपतियों को विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने उद्योगपतियों को आश्वस्त किया कि हिमाचल प्रदेश में निवेश करने में उन्हें किसी भी प्रकार की दिक्कतें पेश नहीं आने दी जाएंगी। इस दौरान प्रधान सचिव उद्योग आरडी नज़ीम, उद्योग विभाग के निदेशक राकेश कुमार प्रजापति, अतिरिक्त निदेशक तिलक राज शर्मा, अर्न्स्ट एंड यंग एलएलपी के सहयोगी पारस अरोड़ा, निदेशक नवरीत सिंह बेलिंग और वरिष्ठ सलाहकार दिनेश चौहान भी उपस्थित रहे।

### किस क्षेत्र में कितना निवेश

| क्रमांक | सेक्टर | राशि करोड़ में |
|---|---|---|
| 1 | थोक दवा | 1100 |
| 2 | चिकित्सा उपकरण | 295 |
| 3 | पर्यटन/आयुष | 350 |
| 4 | हरित ऊर्जा | 350 |
| 4 | हेल्थकेयर | 250 |

## जर्नलिज्म से शुरु किया था सफर

# उत्तराखंड की पहली महिला मुख्य सचिव राधा रतूड़ी के बारे में जानिए सब कुछ

संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड में पहली महिला मुख्य सचिव के लिए राधा रतूड़ी के नाम पर सरकार की हामी के बाद यहां की महिलाओं में भी खुशी की लहर है। ब्यूरोक्रेसी के उच्च पद पर महिला की नियुक्ति कर सरकार ने भी महिला सशक्तिकरण का एक और उदाहरण पेश किया है। जानिए राधा रतूड़ी के बारे में सब कुछ। पत्रकारिता से सफर शुरू करने वाली राधा रतूड़ी आज उत्तराखंड की ब्यूरोक्रेसी में सबसे ऊंचे पद पर पहुंच गई हैं। मध्य प्रदेश की बेटी और उत्तराखंड की बहू राधा रतूड़ी अपनी सादगी और सौम्यता के लिए जानी जाती हैं। राधा रतूड़ी महिलाओं को लेकर हमेशा संजीदा रही हैं। पत्रकारिता से शुरू हुआ सफर इंडियन इनफॉरमेशन सर्विस (आईआईएस) और इंडियन पुलिस सर्विस (आईपीएस) के बाद इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस (आईएएस) तक पहुंचा है। बता दें कि उत्तराखंड की धामी सरकार ने पहली महिला मुख्य सचिव के तौर पर राधा रतूड़ी को नियुक्त किया है। मुंबई से पोस्ट ग्रेजुएट मास कम्युनिकेशन करने के बाद राधा रतूड़ी ने इंडियन एक्सप्रेस मुंबई में ट्रेनिंग ली थी। इसके बाद उन्होंने इंडिया टुडे मैगजीन में भी काम किया। 1985 में अपनी पोस्ट ग्रेजुएशन करने के साथ ही पत्रकारिता के क्षेत्र में काम करने के साथ ही उन्होंने सिविल सर्विसेज में जाने की तैयारी भी की। राधा रतूड़ी के पिता बीके श्रीवास्तव सिविल सर्विस में थे। अपने पिता की सलाह पर राधा रतूड़ी ने यूपीएससी की तैयारी की। उन्हें इंडियन इंफॉर्मेशन सर्विस में सफलता मिली। 1985-86 में नियुक्ति के लिए राधा रतूड़ी दिल्ली गईं, लेकिन उनको दिल्ली रास नहीं आई। उन्होंने एक बार फिर यूपीएससी की परीक्षा देने का फैसला किया। यहां अगले ही प्रयास में राधा रतूड़ी को इंडियन पुलिस सर्विस में जगह बनाने में कामयाबी मिली। 1987 में राधा रतूड़ी आईपीएस में चयनित होने के बाद हैदराबाद में ट्रेनिंग के लिए गईं थीं, जहां उनकी मुलाकात 1987 बैच के ही आईपीएस अनिल रतूड़ी से हुई। यहां से दोस्ती का सफर शुरू हुआ तो बात शादी तक पहुंच गई। इंडियन पुलिस सर्विस में बार-बार तबादलों के कारण पति-पत्नी को अक्सर तैनाती के लिए अलग-अलग स्थान पर रहना पड़ा। इसके बाद राधा रतूड़ी ने आईएएस के लिए प्रयास किया। 1988 में राधा रतूड़ी ने इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस का एक्जाम क्रैक किया और देहरादून के मसूरी में ट्रेनिंग ली। उस समय आईपीएस अनिल रतूड़ी उत्तर प्रदेश में तैनाती पर थे। जबकि मध्य प्रदेश बैच की टॉपर होने के कारण राधा रतूड़ी को मध्य प्रदेश कैडर मिला। इस तरह एक बार फिर दोनों के सामने अलग-अलग राज्यों में तैनाती को लेकर बड़ी चुनौती सामने आई। इसके बाद राधा रतूड़ी ने उत्तर प्रदेश कैडर में जाने के लिए प्रयास शुरू किया। करीब 1 साल बाद राधा रतूड़ी को उत्तर प्रदेश का कैडर मिला। आईएएस में चयन के बाद राधा रतूड़ी ने देश के चार राज्यों में अपनी सेवाएं दिया। मध्य प्रदेश में काम करने के बाद कैडर चेंज हुआ और उन्हें उत्तर प्रदेश के बरेली में पोस्टिंग मिली। इसके बाद उन्होंने उत्तर प्रदेश में विभिन्न जिम्मेदारियों को देखा। इस दौरान आईपीएस अनिल रतूड़ी के नेशनल पुलिस अकादमी हैदराबाद में जाने पर राधा रतूड़ी ने स्टडी लीव ले ली।

# शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के निर्माण और वित्त पोषण के लिए यूआईडीएफ को भेजी जाएंगी प्राथमिकता

संवाददाता

**शिमला।** मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार आमजन के कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है और समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं आरंभ की गई हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को वार्षिक योजना 2024-25 के लिए विधायक प्राथमिकताओं पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। दूसरे दिन के पहले सत्र में जिला कांगड़ा, किन्नौर तथा कुल्लू के विधायकों ने अपनी प्राथमिकताएं प्रस्तुत कीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार आमजन के कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है और समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं आरंभ की गई हैं। वार्षिक योजना 2024-25 में प्रत्येक विधायक अपने निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित पांच प्राथमिकताएं प्रस्तावित कर सकते हैं। इनमें सड़कें एवं पुल, लघु सिंचाई योजनाएं, ग्रामीण पेयजल/मल निकासी की एक-एक योजना या किसी एक मद में तीन या दो प्राथमिकताएं प्रस्तावित की जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि रखरखाव से संबंधित एक प्राथमिकता तथा परिवहन विभाग के अंतर्गत चार्जिंग स्टेशन सहित इलेक्ट्रिक बस चलाने के लिए विधायक एक प्राथमिकता शामिल कर सकते हैं। सुक्खू ने कहा कि नाबार्ड से ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि (आरआईडीएफ) के तहत केवल ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के निर्माण योग्य गतिविधियां ही पात्र हैं। ऐसे में नगर निगमों के तहत आने वाले शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के निर्माण, वित्त पोषण के लिए एवं विषम क्षेत्रीय विकास की समस्या का समाधान करने के लिए सरकार की ओर से संबंधित विधायकों से प्राथमिकताएं मांगकर शहरी अवसंरचना विकास निधि (यूआईडीएफ) के तहत वित्त पोषण के लिए भेजी जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन स्वीकृतियों के मामलों में तेजी आई है। जिला स्तर पर आयोजित होने वाली एफसीए तथा एफआरए केसों की समीक्षा बैठकों में संबंधित विधायक को भी बुलाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही राज्य सरकार ने विधायक निधि से भूमिगत केबल बिछाने तथा मुख्यमंत्री लोक भवन के निर्माण कार्य के लिए भी धन उपलब्ध करवाने का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 31 मार्च 2026 तक हिमाचल को हरित ऊर्जा राज्य के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा है, ताकि आय के साधन बढ़ें और प्रदेश आत्मनिर्भर बने। उन्होंने कहा कि इसके दृष्टिगत परिवहन निगम की बसों को ई-बसों से चरणबद्ध तरीके से बदला जा रहा है तथा राज्यभर में ई-चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सीमित संसाधनों से आर्थिकी पर बोझ जरूर बढ़ा है, लेकिन वर्तमान सरकार के प्रयासों से राज्य की अर्थव्यवस्था में 20 प्रतिशत तक सुधार भी आया है। उन्होंने प्रदेश की विकास नीति, वित्तीय संसाधन जुटाने, मितव्ययता, बेहतर प्रशासन, स्वरोजगार व रोजगार सृजन इत्यादि महत्वपूर्ण विषयों पर विधायकों के सुझाव भी आमंत्रित किए। उन्होंने कहा कि हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आने वाले समय में और कड़े फैसले लिए जाएंगे। नूरपुर से विधायक रणबीर सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र में सड़कों के विस्तारीकरण का आग्रह किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र खुखलेड़ के निर्माण तथा सदवां उपतहसील के नए भवन के निर्माण, भूमि कटाव रोकने के लिए चक्की और जबर खड्ड में चैनलाइजेशन का आग्रह किया। उन्होंने नशा माफिया पर लगाम लगाने पर भी सुझाव दिए। इंदौरा से विधायक मलेंद्र राजन ने अपने चुनाव क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज खोलने, बसंतपुर स्कूल को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बनाने तथा नए शिक्षण संस्थान खोलने की बजाय पुराने संस्थानों को सुदृढ़ करने का आग्रह किया। उन्होंने आईटीआई गंगथ में नए व्यावसायिक पाठ्यक्रम शुरू करने, बहुतकनीकी कॉलेज खोलने तथा भदरोहा में पुलिस चौकी खोलने की मांग की। उन्होंने नशा तथा खनन माफिया पर नकेल कसने के लिए जन भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। फतेहपुर से विधायक भवानी सिंह पठानिया ने निर्माणाधीन रे कॉलेज तथा संयुक्त कार्यालय भवन फतेहपुर के कार्य को जल्द पूरा करने का आग्रह किया। उन्होंने फतेहपुर में विद्युत बोर्ड का वृत्त कार्यालय खोलने तथा शाह नहर की मरम्मत के लिए समुचित धनरशि उपलब्ध करवाने का आग्रह भी किया। देहरा से विधायक होशियार सिंह ने क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा बेहतर वन प्रबंधन से आर्थिक संसाधन बढ़ाने का सुझाव दिया। उन्होंने इमारती लकड़ी पर आधारित उद्योग स्थापित करने तथा प्रदेश के मंदिरों में वीआईपी दर्शन पर्ची के माध्यम से राजस्व बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने लगभग 7000 पौंग बांध विस्थापितों के मुद्दे को केंद्र सरकार से उठाने का आग्रह भी किया। जसवां परागपुर से विधायक बिक्रम सिंह ने अपने चुनाव क्षेत्र में निर्माणाधीन पॉलीक्लीनिक का कार्य पूरा करने के लिए समुचित धन उपलब्ध करवाने की मांग की। साथ ही राजकीय बहुतकनीकी कॉलेज जंडौर को शुरू करने तथा चुनौर औद्योगिक क्षेत्र को सुदृढ़ करने का आग्रह भी किया। ज्वालामुखी से विधायक संजय रतन ने मां ज्वालामुखी मंदिर का मास्टर प्लान बनाकर श्रद्धालुओं के लिए और अधिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। उन्होंने मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत एकीकृत केंद्र तथा राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार भी व्यक्त किया। शाहपुर से विधायक केवल सिंह पठानिया ने शाहपुर मल निकासी योजना तथा खंड विकास अधिकारी कार्यालय खोलने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या दूर करने तथा चंबी ग्राउंड के सुधार की मांग रखी। उन्होंने रसोई गैस सिलिंडर की आपूर्ति के लिए समुचित कैलेंडर बनाने का भी आग्रह किया। मनाली से विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने मनाली बाईपास सड़क के कार्य में तेजी लाने आग्रह किया। उन्होंने राज्य सरकार से रोहतांग क्षेत्र में व्यावसायिक गतिविधियां शुरू करने, नए रोपवे लगाने तथा पर्यटन ग्राम विकसित करने का आग्रह किया। उन्होंने क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं और बेहतर बनाने का भी आग्रह किया। बंजार से विधायक सुरेंद्र शौरी ने एनएच-305 के सुदृढ़ीकरण की मांग की, ताकि पर्यटकों को तीर्थन घाटी तक आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने पेयजल तथा बिजली आपूर्ति व्यवस्था को और बेहतर बनाने का भी आग्रह किया। इसके अतिरिक्त निर्माणाधीन दलासनी पुल तथा बंजार बाईपास का कार्य जल्द पूरा करने का आग्रह किया। आनी से विधायक लोकेंद्र कुमार ने सैंज-आनी सड़क के सुधारीकरण तथा श्रीखंड यात्रा को प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। साथ ही नशे पर नकेल कसने के लिए पुलिस व्यवस्था को बेहतर बनाने, आनी में पुलिस का ट्रैफिक विंग तथा सीए स्टोर खोलने की तथा जलोड़ी पास से सरयोलसर झील तक ई-व्हीकल चलाने का भी आग्रह किया। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, आयुष, खेल एवं युवा सेवाएं मंत्री यादविंद्र गोमा, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार राम सुभग सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार चंद शर्मा, पुलिस महानिदेशक संजय कुंडू, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव भरत खेड़ा, प्रधान सचिव वित्त देवेश कुमार, योजना सलाहकार डॉ. बसु सूद सहित विभिन्न विभागों के प्रशासनिक सचिव, विभाग प्रमुख तथा संबंधित जिलों के उपायुक्त उपस्थित थे।

# दूसरे टेस्ट में चार स्पिनर्स के साथ उतर सकता है भारत

एजेंसी

**विशाखापत्तनम।** पहले टेस्ट में मिली हार के बाद भारतीय क्रिकेट टीम पर शुक्रवार से विशाखापत्तनम में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में जीत से वापसी करने का दबाव होगा। भारतीय टीम के लिए चुनौती इसलिए भी बड़ी है क्योंकि विराट कोहली पहले ही उपलब्ध नहीं हैं, इसके अलावा लोकेश राहुल और रवींद्र जडेजा जैसे महत्वपूर्ण खिलाड़ी चोट के कारण इस मैच में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। भारतीय टीम को इंग्लैंड की बैजबॉल नीति (आक्रामक शैली) को लेकर भी अलग रणनीति अपनाने की जरूरत है। हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट में इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप ने 196 रन की पारी खेली थी। पोप ने अनऑर्थोडॉक्स शॉट जैसे कि रिवर्स स्वीप, स्कूप शॉट खेलकर भारतीय स्पिनरों की धार कुंद कर दी थी।




घरेलू मैदानों में भारतीय टीम कम ही संघर्ष करती नजर आती है, लेकिन पहले टेस्ट की दूसरी पारी में ऐसा देखने को मिला। तीन साल पहले भी हमें इसी प्रतिद्वंद्वी के हाथों चेन्नई में पहले टेस्ट में हार का सामना करना पड़ा था। वो बात अलग है कि भारतीय टीम ने वापसी करते हुए सीरीज अपने कब्जे में कर ली। तब इंग्लैंड की अगुआई जो रूट कर रहे थे। अब भारतीय टीम को बेन स्टोक्स की अगुआई वाली उस टीम के खिलाफ पलटवार करने की चुनौती है जिसने टेस्ट क्रिकेट खेलने का अंदाज बदल दिया है। पहली पारी में 190 रन से पिछड़ने के बाद इंग्लैंड की टीम जीतने में सफल रही।

बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा चोटिल हैं, लेकिन पांच सौ विकेट पूरा करने की दहलीज पर खड़े रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल को अपनी नई योजनाएं बनानी होंगी। इंग्लैंड के बल्लेबाज किसी भी हालात में अपने आक्रामक तेवर अपनाने से पीछे नहीं हटेंगे। हैदराबाद टेस्ट में 28 रन की हार के बाद भारतीय टीम के मुख्य प्रशिक्षक राहुल द्रविड़ ने कहा था कि यह महत्वपूर्ण होगा कि हम नई योजना अपनाएं। हम गेंदों की लंबाई ऐसी रखें जहां अनऑर्थोडॉक्स शॉट खेलने में उन्हें मुश्किलें आएं। हमें गेंदबाजी में और अनुशासित प्रदर्शन करने की जरूरत है और योजनाओं को लागू करने की जरूरत है। जडेजा की अनुपस्थिति में कुलदीप यादव के खेलने की उम्मीद है। अब देखना यह है कि क्या भारतीय टीम जसप्रीत बुमराह के रूप में केवल एक ही तेज गेंदबाज के साथ उतरती है या फिर अतिरिक्त स्पिनर के रूप में वॉशिंगटन सुंदर को मौका दिया जाता है। वैसे उत्तर प्रदेश के बाएं हाथ के युवा स्पिनर सौरभ कुमार भी टीम में शामिल हैं। जहां भारत के विश्व स्तरीय स्पिनरों को इंग्लैंड के सामने संघर्ष करना पड़ा, वहीं भारतीय बल्लेबाजों ने भी टर्निंग ट्रैक पर निराश किया। बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टले ने अपने पहले ही टेस्ट में दमदार प्रदर्शन किया। दूसरी पारी में शीर्ष क्रम में केवल कप्तान रोहित शर्मा ही कुछ आत्मविश्वास से खेलते नजर आए। युवा बल्लेबाज शुभमन गिल घूमती गेंदों का ढंग से सामना नहीं कर पाए। तीसरे टेस्ट में विराट कोहली टीम में वापसी कर सकते हैं। ऐसे में गिल और श्रेयस अय्यर पर बेहतर करने का दबाव है। रजत पाटीदार भी टीम का हिस्सा हैं। उन्हें लोकेश राहुल की जगह शामिल किया जा सकता है। घरेलू स्तर पर ढेरों रन बनाने वाले सरफराज को चयनकर्ताओं का बुलावा मिला है और वह टेस्ट कैप पाने को बेताब होंगे। हालांकि, टीम प्रबंधन अंतिम एकादश से पहले पिच और हालात पर गौर करेगा।

दूसरी ओर, इंग्लैंड के पास पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त करने का अवसर है जिससे भारतीय टीम पर दबाव और बढ़ाया जा सकता है। कप्तान बेन स्टोक्स ने जिस तरह अपने स्पिनरों का इस्तेमाल किया वह उनके नेतृत्व कौशल का प्रमाण है। उन्होंने पहला टेस्ट खेल रहे स्पिनर हार्टले से लंबा स्पेल फिंकवाया, जबकि यशस्वी जायसवाल आक्रामक तेवर अपना रहे थे। टीम के लिए अनुभवी स्पिनर जैक लीच का घुटने की चोट के कारण उपलब्ध न होना चिंता का सबब हो सकता है। उनकी जगह 20 साल के स्पिनर बशीर यहां अपना पहला टेस्ट खेलेंगे। हैदराबाद में तेज गेंदबाज मार्क वुड प्रभाव छोड़ने में बेअसर रहे थे। ऐसे में अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को उनकी जगह लाया गया है। भारत ने पहले भी विशाखापत्तनम में दो टेस्ट खेले हैं और वहां उसका रिकॉर्ड शानदार रहा है, पिच अमूमन पहली पारी में बल्लेबाजों के लिए मददगार रहती है। देखना है कि भारतीय टीम प्रबंधन किस तरह की पिच के साथ इस मैच में उतरता है। एंडरसन का यह 184वां टेस्ट मैच होगा।

### दोनों टीमें

**भारतीय टीम**– रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर, केएस भरत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह, आवेश खान, रजत पाटीदार, सरफराज खान, वाशिंगटन सुंदर, सौरभ कुमार।

**इंग्लैंड टीम**– बेन स्टोक्स (कप्तान), रेहान अहमद, जेम्स एंडरसन, गस एटकिंसन, जॉनी बेयरस्टो (विकेटकीपर), शोएब बशीर, डेन लॉरेंस, जैक क्राउली, बेन डकेट, बेन फोक्स, टॉम हार्टले, ओली पोप, ओली रोबिन्सन, जो रूट, मार्क वुड।

### संभावित प्लेइंग-11

**इंग्लैंड की प्लेइंग-11 :-** जैक क्रॉउली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स (कप्तान), बेन फोक्स (विकेटकीपर), रेहान अहमद, टॉम हार्टले, शोएब बशीर, जेम्स एंडरसन।

**भारत की संभावित प्लेइंग 11 :-** यशस्वी जयसवाल, रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, रजत पाटीदार/सरफराज खान, श्रेयस अय्यर, श्रीकर भरत (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज/वॉशिंगटन सुंदर।

# बाकी बचे तीन टेस्ट से भी बाहर हुए विराट?

एजेंसी

**नई दिल्ली।** शुरुआती दो टेस्ट के लिए विराट के रिप्लेसमेंट के तौर पर रजत पाटीदार को टीम से जोड़ा गया था। हालांकि, उन्हें डेब्यू का मौका नहीं मिला है। दूसरे टेस्ट में रजत डेब्यू कर सकते हैं। राहुल की जगह खेलने को लेकर उनके और सरफराज खान के बीच कड़ी टक्कर होगी।

भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। टीम हैदराबाद में खेला गया पहला टेस्ट हार चुकी है और पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से पिछड़ रही है। ऐसे में दूसरे टेस्ट से पहले रवींद्र जडेजा और केएल राहुल जैसे शीर्ष खिलाड़ियों की चोट ने भारतीय टीम मैनेजमेंट में खलबली मचा दी है। अब दूसरे टेस्ट में टीम इंडिया को युवा खिलाड़ियों के दम पर मैच जीतना होगा। मोहम्मद शमी चोट की वजह से पहले ही सीरीज से बाहर हैं, वहीं विराट कोहली को शुरुआती दो टेस्ट मैचों के लिए आराम दिया गया था। हालांकि, अब खबर यह आ रही है कि विराट बाकी बचे तीन टेस्ट मैचों से भी बाहर हो सकते हैं। उनके चुने जाने पर सवालिया निशान हैं। चयनकर्ताओं ने आखिरी तीन टेस्ट के लिए भारतीय टीम की घोषणा नहीं की है। जल्द ही इसका एलान हो सकता है।




मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, विराट देश से बाहर हैं। उन्होंने शुरुआती दो टेस्ट में नहीं खेलने के लिए निजी कारणों का हवाला दिया था। ऐसे में अब बाकी बचे टेस्ट मैचों से भी विराट के बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। विराट के नहीं रहने से पहले टेस्ट में टीम इंडिया को मध्यक्रम में मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर फ्लॉप साबित हुए थे। ऐसे में विराट जैसे दिग्गज बल्लेबाज की कमी खली थी। भारत को सीरीज जीतने के लिए विराट जैसे बल्लेबाज की जरूरत थी जो टीम की जिम्मेदारी अपने कंधों पर लेने के साथ-साथ मैदान पर अपनी ऊर्जा से टीम की हिम्मत बढ़ाए।

शुरुआती दो टेस्ट के लिए विराट के रिप्लेसमेंट के तौर पर रजत पाटीदार को टीम से जोड़ा गया था। हालांकि, उन्हें डेब्यू का मौका नहीं मिला है। दूसरे टेस्ट में रजत डेब्यू कर सकते हैं। राहुल की जगह खेलने को लेकर उनके और सरफराज खान के बीच कड़ी टक्कर होगी। सरफराज खान, वॉशिंगटन सुंदर और सौरभ कुमार जडेजा और राहुल के रिप्लेसमेंट बने थे। वहीं, जडेजा की जगह कुलदीप यादव या सौरभ में से किसी एक का खेलना तय माना जा रहा है।


वहीं, भारत के बैटिंग कोच विक्रम राठौड़ ने रजत और सरफराज में से किसी एक के चयन के सवाल पर कहा था- यह एक कठिन फैसला होगा। सरफराज टीम में क्या बदलाव लाते हैं वह देखना महत्वपूर्ण होगा। निश्चित रूप से, वे शानदार खिलाड़ी हैं। हमने देखा है कि पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने घरेलू क्रिकेट में कितना अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए इस तरह के विकेटों पर मुझे लगता है कि सरफराज सच में टीम के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। उन्होंने कहा, %अगर हमें उनमें से सिर्फ एक को चुनना है तो निश्चित रूप से यह कठिन होगा। लेकिन यह फैसला राहुल द्रविड़ और रोहित शर्मा द्वारा किया जाएगा। परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अंतिम एकादश का चयन किया जाएगा। भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरे टेस्ट की शुरुआत दो फरवरी से विशाखापत्तनम में होने जा रही है। वहीं, तीसरा टेस्ट 15 फरवरी से राजकोट में खेला जाएगा। चौथा टेस्ट 23 फरवरी से रांची में और पांचवां टेस्ट सात मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा।

### जडेजा के भी तीसरे टेस्ट में खेलने पर संदेह

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शमी को पहले शुरुआती दो टेस्ट के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया था। अब वह पूरी सीरीज से बाहर हो चुके हैं। वहीं, रवींद्र जडेजा के भी तीसरे टेस्ट में खेलने पर संदेह है। हैदराबाद में उन्हें हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी। फिलहाल वह रिहैब के लिए बेंगलुरु के नेशनल क्रिकेट एकेडमी में हैं। वहां से वह रोज तस्वीर साझा कर रहे हैं। हालांकि, आज उन्होंने दौड़ने का वीडियो साझा किया है।

### इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए भारत की अपडेटेड टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, श्रेयस अय्यर, केएस भरत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), आवेश खान, रजत पाटीदार, सरफराज खान, वॉशिंगटन सुंदर, सौरभ कुमार।




# दुनिया के छह ऐसे हाइवे जो हैं अपने खतरनाक टर्न और एडवेंचर के लिए मशहूर

अगर आप भी एडवेंचर के शौकीन हैं तो दुनिया के इन हाइवे का एक्सपीरियंस लेना तो बनता है। ऊंचे-ऊंचे टेढ़े-मेढ़े इन रास्तों से गुजरना खतरनाक होने के साथ ही यादगार भी होता है। ट्रैवलिंग और शॉपिंग दो ऐसे काम हैं जिनसे बॉडी रिलैक्सिंग के साथ ही माइंड भी फ्रेश होता है और जब सफर एडवेंचर से भरा हो तब तो इसका मजा दोगुना हो जाता है। कार में बैठकर फुल स्पीड से हाईवे पर ड्राइविंग करना वाकई एक्साइटिंग होता है। सड़क के किनारों के खूबसूरत नजारों को देखना और दूर तक निगाहों में बस सड़क एक अलग ही एक्सपीरियंस देती है। दुनिया में ऐसी बहुत सारी जगहें हैं जहां जाने पर सांसें थम-सी जाती हैं, सफर खतरों से भरा होता है, लेकिन ट्रैवलिंग के शौकीन और खतरों के खिलाड़ी ही ऐसी जगहों का असली मजा उठा पाते हैं। आज 10 खतरनाक हाईवे के बारे में जानेंगे जो खूबसूरत होने के साथ ही एक्साइटिंग भी हैं।

**अटलांटिक ओशियन रोड, नॉर्वे:** अटलांटिक ओशियन रोड कई आइलैंड से मिलकर बना है जो एक शहर को दूसरे शहर से जोड़ता है। नार्वे का कंट्री रोड 64 आर्किटेक्चर द्वारा बनाया गया है जो बहुत ही खूबसूरत है। नदी के बीचों-बीच रोलर-कोस्टर जैसे हाईवे से गुजरने का एडवेंचर ही अलग होता है और इसी वजह से ये ट्रैवल लवर्स का भी फेवरेट है। यहां ऐड से लेकर हॉलीवुड और बॉलीवुड फिल्मों तक की शूटिंग भी हो चुकी है। इस हाईवे पर ड्राइव करते वक्त कई बार व्हेल और सील भी देखने को मिल सकती हैं।

**रोहतांग पास, इंडिया:** भारत का रोहतांग पास भी बहुत ही खतरनाक और एडवेंचरस हाईवे की लिस्ट में शामिल है। आसपास हरे-भरे जंगल, ऊंचे-ऊंचे पहाड़, नदियां और ग्लेशियर के बीच इस रोड से गुजरने का एक्सपीरियंस वाकई बहुत अलग होता है। लेकिन ये हाईवे मई से लेकर नवंबर तक ही खुला रहता है। उस दौरान दूर-दूर से आए टूरिस्टों को यहां के खुशगवार मौसम और खूबसूरत नज़ारों का मजा लेते हुए देखा जा सकता है। गर्मियों के दौरान इस हाईवे पर काफी भीड़ होती है। सेना की गाड़ियों के अलावा बड़े-बड़े ट्रक भी इस हाईवे से गुजरते हैं।

**हाना हाईवे, माउई:** माउई का हाना हाईवे भी ट्रैवलर्स के फेवरेट लिस्ट में शामिल है, क्योंकि यहां ड्राइविंग एक्साइटिंग होने के साथ ही एडवेंचर से भी भरपूर है। 84 किमी लंबे इस हाईवे पर गुजरते हुए यहां की नेचुरल ब्यूटी और हरे-भरे जंगलों को देखा जा सकता है, जो सफर को यादगार बनाता है। छोटी और घुमावदार इस सड़क पर ड्राइव करते वक्त खास ध्यान रखना पड़ता है। जरा-सी चूक हादसे का सबब बन सकती है। इस हाईवे पर गुजरने के दौरान लगभग 600 मोड़ और 59 ब्रिज मिलते हैं। इनमें से कई ब्रिज 100 साल से भी पुराने हैं।

**नेशनल रूट 40:** नेशनल रूट 40 या रूटा 40 भी ऐसे ही एडवेंचर वाले हाईवे में से एक है, जहां से गुजरते हुए कई नदियों और पहाड़ों का नजारा देखा जा सकता है। इस रूट पर लगभग 20 नेशनल पार्क भी हैं। इस हाईवे पर जुटने वाली भीड़ खासतौर से आसपास के नेचुरल व्यू को देखने आती है।

**यूएस 1 हाईवे:** यूएस के इस खूबसूरत और लंबे हाईवे पर गुजरते हुए यही ख्याल आता है कि सफर कभी खत्म ही न हो। मेयाने से फ्लोरिडा तक का सफर इस हाईवे से बहुत ही कम समय में तय किया जा सकता है। ब्लू वाटर में कोरल लीव्स और आइलैंड का व्यू जर्नी को हैपनिंग बनाते हैं। यहां कई हॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है।





**ट्रॉल्सटिजेन रोड, नॉर्वे:** अगर टेढ़े-मेढ़े, ऊंचे-नीचे रास्तों से गुजरते हुए पानी के फव्वारों का आनंद लेना हो तो नार्वे के इस हाईवे पर एक बार ड्राइविंग जरूर करें। अपने खूबसूरत नजारों के लिए नार्वे का ये हाईवे दूर-दूर के सैलानियों को अट्रैक्ट करता है। इस घुमावदार सड़क ड्राइव करते हुए यहां के नजारों को देखना खास ही एक्पीरियंस होता है। हाईवे के टॉप पर कार पार्किंग की भी सुविधा है, जहां से हाईवे का पूरा नजारा देखने को मिलता है।

# दिन में 5 बार खाएं फल-सब्जियां, 100 साल की पाएंगे उम्र



आज के समय में लोगों की उम्र कम होती जा रही हैं। अगर किसी की थोड़ी लंबी उम्र है भी तो 60-70 की उम्र के बाद कोई ना कोई बीमारियां लगती ही रहती है। ऐसा होने का सीधा कारण हमारा खानपान और लाइफस्टाइल है। आजकल खाने वाली चीजों में मिलावट, समय पर खाना ना खाना, एक्सरसाइज ना करना आदि की वजह से आयु कम होती जा रही है। एक शोध में पता चला है कि अगर दिन में 5 बार फल और सब्जियों का सेवन किया जाए तो हमें लंबी आयु का उपहार मिल सकता है। एक बार में कम से कम 80 ग्राम खाने की सलाह दी गयी है। आज हम आपको ऐसे ही कुछ फल और सब्जियों के बारे में बता रहे हैं, जो तमाम तरह के पोषक तत्वों से भरपूर हैं।



**शेलफिश का सेवन:** शेलफिश एक ऐसा समुद्री खाद्य पदार्थ है जिसमें भारी मात्रा में जिंक यानि जस्ता होता है। जिंक सेक्स इच्छा और पावर बढ़ाने में काफी मदद करता है। शेलफिश में जिंक के साथ ही अमीनो एसिड, महिलाओं और पुरुषों में टेस्टोस्टेरॉन और प्रोजेस्टेरॉन बढ़ाने के लिए जिम्मेदार तत्व होते हैं। यह हॉर्मोन प्रजनन के लिए भी अहम हैं इसलिए शेलफिश का भी दिन में 1 या 2 बार सेवन करना जरूरी है।

**सेब:** सेब एक ऐसा फल है जो लगभग 85 प्रतिशत लोगों को पसंद होता है क्योंकि इसमें खट्टा और मीठा दोनों स्वाद होता है। एक हेल्दी लाइफ के लिए आपकी दिनभर की डाइट में कम से कम एक सेब जरूर होना चाहिए। सेब के सेवन से चेहरे पर निखार आने के साथ ही हमारी पाचन क्रिया भी दुरुस्त होती है। महिलाओं और पुरुषों दोनों में ही सेक्स संबंधी हॉर्मोन भी सक्रिय होते हैं। सेब का सेवन करने वाली महिलाओं को शिशु को जन्म देते वक्त कम दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

**मिर्च:** लिमिट में मिर्च का सेवन करने से शरीर को कई तरह के फायदे होते हैं। मिर्च का सेवन करने वाले लोगों को हार्ट अटैक का खतरा नहीं रहता है। मिर्च की वजह से शरीर में उन रसायनों का स्राव होता है जो दिल की धड़कन बढ़ाते हैं। इससे एंडॉर्फीन का स्राव भी बढ़ता है जिससे कामेच्छा बढ़ती है इसलिए अपने दिनभर की मील में मिर्च का सेवन करना ना भूलें।

**अनार:** अगर रोजाना अनार का सेवन किया जाए तो व्यक्ति को कुछ समय बाद दवाईयों का सेवन करने की जरूरत नहीं पड़ती है। अनार में कई ऐसे तत्व होते हैं जो शरीर की लगभग सभी जरूरतें दूर करते हैं। रोज एक ग्लास अनार का जूस महिलाओं और पुरुषों दोनों में ही दवाई की जगह ले सकता है।

**स्ट्रॉबेरी:** स्वास्थ्य की दृष्टि से स्ट्रॉबेरी बहुत फायदेमंद है। कई शोध साबित कर चुके हैं कि स्ट्रॉबेरी, चेरी और ब्लूबेरी जैसे फल कामेच्छा बढ़ाते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है हालांकि इनका असर वियाग्रा की तरह फौरन नहीं होता लेकिन ज्यादा खाने से कुछ घंटों में ये असरदार साबित होते हैं।

स्वामी, प्रकाषक, मुद्रक विवेक श्रीवास्तव द्वारा ओम साई क्रियेषन्स, आषा काम्पलवे स, इन्दिरा नगर लखनऊ से मुद्रित एव ं पहला तल, निधि काम्प्लेक्स, विकास नगर लखनऊ (उ0प्र0) से प्रकाषित।
RNI No.UPHIN/2015/6090 सम्पादक- विवेक श्रीवास्तव, फोन नं0- 8004949556, 7570901365 Email. info@theachievertimes.com किसी भी वाद विवाद का निस्तारण लखनऊ न्यायालय ही मान्य होगा।